बैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 18 मई 2024
वर्ष 5, अंक 181, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सामान्य से अधिक पानी बरसाएगा लानीना 14

रॉकस्टार का सीक्वल बनाना चाहते हैं इम्तियाज 13










## एक नजर

### पांचवां चरण : 14 सीटों के लिए आज थम जाएगा प्रचार

**लखनऊ।** प्रदेश में पांचवें चरण की 14 सीटों व लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के लिए शनिवार 18 मई को शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। मतदान 20 मई को होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

### राहुल गांधी पर लगाया 1000 रुपये का जुर्माना

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी/एमएलए कोर्ट में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को समन जारी करने के आदेश को निरस्त करने को दायर याचिका की शुक्रवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने राहुल द्वारा समय मांगे जाने पर उन पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया है। यह मामला वर्ष 2018 का है।

## इलेक्ट्रो होम्योपैथ प्रैक्टिस को मंजूरी

- हाईकोर्ट की शर्त, प्रैक्टिशनर नहीं करेगा डॉक्टर शब्द का इस्तेमाल

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए, प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी की प्रैक्टिस को मंजूरी दे दी है। न्यायालय ने कहा कि चूंकि प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी की प्रैक्टिस को किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रतिबंधित नहीं किया गया है लिहाजा याचियों को इस विधा में प्रैक्टिस करने में हस्तक्षेप न किया जाए, जब तक कि इस संबंध में नियम न बना लिए जाएं। हालांकि न्यायालय ने यह शर्त लगाया है कि प्रैक्टिशनर अपने नाम के आगे 'डॉक्टर' शब्द नहीं लगाएंगे।

यह निर्णय न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने राजेश कुमार व अन्य की ओर से वर्ष 2009 में दाखिल याचिका पर पारित किया गया है। याचिका में 25 नवंबर 2003 के केंद्र सरकार के व 1 जून 2004 के राज्य सरकार के शासनादेशों को चुनौती दी गई थी। याचियों की ओर से 5 मई 2010 का स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार का एक आदेश पेश किया गया जिसमें यह स्पष्ट किया गया था कि केंद्र सरकार का 25 नवंबर 2003 का शासनादेश इलेक्ट्रो होम्योपैथी के रिसर्च को प्रतिबंधित नहीं करता और न ही इसके प्रैक्टिस रोकने का कोई प्रस्ताव है। याचियों ने काउंट मैती एसोसिएशन से इलेक्ट्रो होम्योपैथ की प्रैक्टिस का सर्टिफिकेट प्राप्त किया है, उक्त सर्टिफिकेट के साथ याची पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल व केरल आदि प्रदेशों में प्रैक्टिस कर सकते हैं। वहीं राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि इस विधा के तहत प्रैक्टिस के लिए नियम बनाने का अधिकार सिर्फ केंद्र सरकार को है, यदि केंद्र नियम बनाता है तो राज्य सरकार उसका अनुपालन करेगी। सभी पक्षों की बहस सुनने के उपरांत न्यायालय ने याचिका को निस्तारित करते हुए डॉक्टर शब्द का अपने नाम के साथ प्रयोग न करने की शर्त पर इलेक्ट्रो होम्योपैथ के प्रैक्टिस की मंजूरी दे दी।

## आप लोगों को अपना बेटा सौंप रही हूं : सोनिया

**जनसभा**

- रायबरेली में राहुल के समर्थन में सोनिया गांधी का भावुक संबोधन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार** : रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के लिए उनकी मां और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने शुक्रवार को जनसभा की। राहुल और प्रियंका गांधी अपनी मां सोनिया गांधी के बगल ही खड़े रहे। सोनिया गांधी ने काफी भावुक भाषण दिया और राहुल के लिए वोट मांगा।

सोनिया गांधी ने शुक्रवार को आईटीआई मैदान से रायबरेली से रिश्तों की डोर को मजबूत करते हुए कहा कि आपके प्रेम में मुझे कभी अकेले नहीं पड़ने दिया। मेरा सब कुछ आपका दिया हुआ है। मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। जैसे आपने मुझे अपना माना, वैसे ही राहुल को अपना मानकर रखना है।



आईटीआई मैदान में जनसभा के दौरान मंच पर एकता का परिचय देते गठबंधन नेता।

राहुल आपको निराश नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि आज काफी समय के बाद आपके बीच आने का मौका मिला है। मैं हृदय से आपकी आभारी हूं। आपके सामने मेरा सिर श्रद्धा से झुका हुआ है। 30 साल तक एक सांसद के रूप में आपने मुझे सेवा करने का अवसर दिया। यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। रायबरेली मेरा परिवार है। वैसे अमेठी भी मेरा घर है। इंदिरा जी के दिल में रायबरेली के लिए एक अलग जगह थी। मैंने राहुल और प्रियंका को वही शिक्षा दी, जो इंदिरा जी और रायबरेली की जनता ने मुझे दी। सबका आदर करो। कमजोर की रक्षा करो। अन्याय के खिलाफ जनता के अधिकार के लिए जिससे भी लड़ना पड़े लड़ जाओ। इस मौके पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, प्रमोद तिवारी, सपा से हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी, अविनाश पांडेय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव रहे।

# स्वाति मालीवाल मामले की जांच तेज केजरीवाल के आवास पहुंची पुलिस

## सीएम आवास से जुटाए साक्ष्य, बिभव ने भी मालीवाल के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

- सीन रीक्रिएट करने आप सांसद को सीएम आवास ले गई पुलिस कोर्ट में भी दर्ज कराया बयान

नई दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर हमले के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद दिल्ली पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी है।

दिल्ली पुलिस की एक टीम फॉरेंसिक विशेषज्ञों के साथ शुक्रवार शाम मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंची। शाम करीब 4.45 पहुंची टीम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (उत्तर) अंजिता चेप्याला के नेतृत्व में तीन पुलिस अधिकारी और पांच फॉरेंसिक विशेषज्ञ मुख्यमंत्री के आवास से सबूत जुटाए। पुलिस मुख्यमंत्री केजरीवाल के निजी सहायक व आरोपी बिभव के घर भी गई लेकिन वह मौजूद नहीं थे। घटना के नाटकीय रूपांतरण के लिए पुलिस आप सांसद को स्वाति मालीवाल को भी मुख्यमंत्री के आवास पर लेकर गई। इससे पहले दिन में, तीस हजारी कोर्ट में मजिस्ट्रेट के सामने मालीवाल का बयान दर्ज किया गया।



पुलिस के साथ सीएम आवास पर जातीं स्वाति मालीवाल।

दूसरी ओर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) सांसद स्वाति मालीवाल के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि मालीवाल ने 13 मई को मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा में सेंध लगाकर अनधिकृत प्रवेश किया और वहां हंगामा किया। जब कुमार ने मालीवाल को रोकने की कोशिश की तो 'आप' सांसद ने उन्हें गालियां दीं। आम आदमी पार्टी की ओर से कहा गया कि बिभव कुमार ने सिविल लाइंस पुलिस थाने के एसएचओ को एक ई-मेल के माध्यम से शिकायत भेजी है।

### भाजपा का मोहरा बनीं स्वाति : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार के खिलाफ लगाए आरोपों को झूठा करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि भाजपा ने मालीवाल को साज़िश का मोहरा बनाया है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि जब से अरविंद केजरीवाल को जमानत मिली है तब से भाजपा बौखलाई हुई है और इसी के कारण उसने साजिश रची। मालीवाल को 13 मई को सुबह भेजा गया।

### खुद को बचाने की कोशिश कर रहा 'पॉलिटिकल हिटमैन'

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास का कथित सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को कहा कि 'पॉलिटिकल हिटमैन' ने स्वयं को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। मालीवाल 52 सेकंड के वीडियो में मुख्यमंत्री के आवास में सुरक्षाकर्मियों से बहस करती नजर आ रही हैं। केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने मुख्यमंत्री के आवास पर सोमवार को मालीवाल पर हमला किया था।

**प्रधानमंत्री ने बाराबंकी, फतेहपुर, हमीरपुर में की जनसभा**

# सपा-कांग्रेस की सरकार बनी तो राममंदिर पर बुलडोजर चलवा देंगे

- बोले-बुलडोजर कहां चलाना कहां नहीं, योगी से लें ट्यूशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 14 सीट के लिए सोमवार को होने जा रहे मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रचार के लिए उत्तर प्रदेश पर भी ध्यान केन्द्रित किया। शुक्रवार को उन्होंने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि अगर कांग्रेस आई तो राममंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदल देगी। मोदी ने कहा कि कांग्रेस राममंदिर पर बुलडोजर चलवा देगी। प्रधानमंत्री ने इंडिया गठबंधन को नसीहत भी दी कि उन्हें योगी जी से ट्यूशन लेना चाहिए कि कहां बुलडोजर चलाना है और कहां नहीं।

बाराबंकी के जैदपुर मार्ग के समीप एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और सपा वालों ने पहले रामलला को टेंट में पहुंचाया, फिर वोटबैंक को खुश करने के लिए कहा कि वहां मंदिर की जगह धर्मशाला, स्कूल या अस्पताल बना दो। कांग्रेस तो राममंदिर पर कोर्ट का निर्णय पलटना चाहती है।



बाराबंकी में जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का माल्यार्पण करते भाजपा नेता।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नई सरकार में मुझे गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए बहुत सारे बड़े फैसले लेने हैं। इसलिए मैं बाराबंकी और मोहनलालगंज के लोगों से आशीर्वाद मांगने आया हूं। हमीरपुर में एक जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा, सपा-कांग्रेस आपका वोट तो ले लेते हैं, लेकिन सरकार में आने के बाद ये सौगात उनको बांटते हैं, जो उनके लिए वोट जिहाद करता है। फतेहपुर की जनसभा में कहा कि आज एक तरफ देशहित के लिए समर्पित भाजपा-एनडीए गठबंधन है और दूसरी तरफ देश में अस्थिरता पैदा करने के लिए इंडिया गठबंधन है।

### केवल आंख से आंसू नहीं निकले, अरमां बह गए

मोदी ने यह कहते हुए भी विपक्षी गठबंधन की चुटकी ली कि, इनके सपनों की इंतहा देखिए, कांग्रेस के नेता ने कह दिया कि रायबरेली के लोग प्रधानमंत्री चुनेंगे। ये सुनते ही समाजवादी शहजादे का दिल टूट गया, बस आंसू नहीं निकले, मगर दिल के सारे अरमां बह गए।

## एक वित्त वर्ष में 60 टैक्स ऑडिट ही कर सकेंगे सीए

- आईसीएआई के नियमों पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मुहर
- आईसीएआई ऑडिट की संख्या बढ़ाने के लिए स्वतंत्र : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को चार्टर्ड अकाउंटेंटों (सीए) के एक वित्त वर्ष के दौरान निर्दिष्ट संख्या (वर्तमान में अधिकतम 60) में टैक्स ऑडिट असाइनमेंट से अधिक स्वीकार करने से रोक लगाने वाले इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के नियम को बरकरार रखने का फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आईसीएआई की ओर से जारी नियमों को बरकरार रखने के साथ ही यह भी माना कि आईसीएआई एक सीए द्वारा किए जाने वाले ऑडिट की संख्या बढ़ाने के लिए स्वतंत्र होगा। पीठ ने कहा उसने कानूनी अनिश्चितता के सिद्धांत के आधार पर याचिकाकर्ताओं के खिलाफ शुरू की गई अनुशासनात्मक कार्यवाही को रद कर दिया है। शीर्ष अदालत ने माना कि नियम पेशे की प्रैक्टिस करने संबंधी मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं है। पीठ ने यह भी माना कि यह खंड (क्लाज) एक अप्रैल, 2024 से प्रभावी होगा।

## तेरह साल की लड़की ने दो सौतेली बहनों को गला घोंटकर मार डाला

- आरोपी ने कहा-सारा काम मुझे करना पड़ता है, इसलिए मारा

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार** : नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव गोहावर जैत में गुरुवार रात 12 बजे 10वीं की छात्रा ने दुपट्टे से गला घोंटकर दो सौतेली बहनों पवित्रा (5) व श्रुति उर्फ रिया (7) की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। पूछताछ में उसने बताया कि घर का सारा काम मुझे करना पड़ता है, इसलिए दोनों को मार डाला।

पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के अनुसार, गोहावर जैत में सहदेव का परिवार रहता है। 12 साल पहले सविता ने पहले पति पुखराज को छोड़ने के बाद सहदेव से दूसरी शादी कर ली थी। दोनों पतियों से सविता के पास एक बेटा और पांच बेटियां हैं। सहदेव अस्करीपुर में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है।

गुरुवार रात सभी एक कमरे में सोए थे। तभी किसी समय सविता के पहले पति की 13 वर्षीय पुत्री ने सहदेव की बेटियों पवित्रा और श्रुति उर्फ रिया का गला घोंट दिया। मृतक बच्चियों के चचेरे भाई प्रमोद ने बताया कि बड़ी बहन ने उसके पास आकर कहा, चलिए बहनों को कुछ हो गया है। हम लोग वहां पहुंचे तो देखा कि दोनों बच्चियों की मौत हो चुकी थी। उसने पहले परिजनों को जगाया था। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। ये सब किसने किया, हमें नहीं पता। बड़ी बहन कक्षा आठ में पढ़ती है। श्रुति कक्षा दो में पढ़ती थी। पवित्रा आंगनबाड़ी में पढ़ती थी। उधर, पुलिस की पूछताछ में किशोरी ने बताया कि हमारा बड़ा परिवार है। पिता परेशान रहते थे। घर का सारा काम मुझे ही करना पड़ता था। इस कारण मैंने दोनों छोटी बहनों को मार दिया। सुबह घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, एसपी सिटी संजीव वाजपेई, सीओ चांदपुर, नूरपुर कोतवाल और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची। इस दौरान दोनों बच्चियों के शव कमरे में बिस्तर पर पड़े थे।

## तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं के घर पर सीबीआई का छापा

**कोलकाता।** सीबीआई ने पश्चिम बंगाल में 2021 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद हिंसा में भाजपा के एक कार्यकर्ता की हत्या के मामले में पूर्व मेदिनीपुर जिले के काथी में तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं के आवासों पर शुक्रवार को छापे मारे। सीबीआई की एक टीम ने शुक्रवार तड़के काथी ब्लॉक नंबर तीन में तृणमूल कांग्रेस नेता देबब्रत पांडा और एक अन्य ब्लॉक के अध्यक्ष नंददुलाल मैती के घरों पर छापा मारा। सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया कि जन्मेजय दोलुई की हत्या के मामले में दर्ज प्राथमिकी में पांडा, नंददुलाल के बेटे और 52 अन्य को आरोपित किया गया है।

## एयर इंडिया की फ्लाइट में आग से खलबली

- बेंगलुरु जा रही उड़ान दिल्ली लौटी, इमरजेंसी लैंडिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

बेंगलुरु जा रहे एयर इंडिया के विमान को वातानुकूलन इकाई में आग लगने के संदेह के बाद शुक्रवार शाम को वापस दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया।

सूत्रों ने बताया कि विमान उड़ान संख्या एआई 807 को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा गया है। उसमें 175 यात्री सवार थे।

सूत्रों ने बताया कि विमान के वातानुकूलन इकाई में संदिग्ध आग के चलते इमरजेंसी घोषित की गई थी। विमान ने शाम 6:40 बजे सुरक्षित लैंडिंग की।

### पुणे हवाई अड्डे पर ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराया विमान

**पुणे।** दिल्ली जा रहे एयर इंडिया का एक विमान पुणे हवाई अड्डे पर सामान ले जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गया जिसके बाद उड़ान रद कर दी गई। एयरलाइन सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि घटना गुरुवार शाम करीब 4 बजे हुई। विमान में करीब 200 यात्री सवार थे और घटना के बाद वे करीब छह घंटे तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे। एयर इंडिया ने कहा कि यात्रियों को किराया वापस कर दिया गया।

## आबकारी नीति मामला : केजरीवाल के खिलाफ ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

- केंद्रीय एजेंसी ने आम आदमी पार्टी को भी बनाया मामले में आरोपी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।

इसमें आम आदमी पार्टी (आप) को भी आरोपी बनाया गया है। यह पहली बार है जब पदस्थ मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ पार्टी को धनशोधन के मामले में नामजद किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यहां एक विशेष अदालत के समक्ष एक विस्तृत अभियोजन शिकायत दाखिल की गई। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा आने वाले दिनों में अनुलग्नक के अलावा 200 पृष्ठों के आरोप पत्र पर संज्ञान ले सकती हैं। सूत्रों ने बताया कि यहां कि एजेंसी ने विशेष अदालत में अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) दाखिल किया और आरोपी के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोप तय करने का अनुरोध किया। संघीय एजेंसी ने केजरीवाल को 21 मार्च को उनके आवास से गिरफ्तार किया था।



### केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर शुक्रवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, लेकिन उन्हें नियमित जमानत के लिए निचली अदालत का रुख करने की छूट दे दी।

## अभ्यर्थियों को रोज 3 हजार दे मणिपुर सरकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर सरकार को हिंसा ग्रस्त पर्वतीय जिलों के सिविल सेवा अभ्यर्थियों को 26 मई को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में शामिल होने के लिए राज्य के बाहर की यात्रा करने के वास्ते प्रतिदिन 3,000 रुपये अदा करने का निर्देश दिया है। शाम को विशेष सुनवाई में, प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राज्य के पर्वतीय जिलों के उन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की शिकायतों पर गौर किया, जिन्होंने सुरक्षा चिंताओं को लेकर मणिपुर के बाहर के परीक्षा केंद्रों का विकल्प चुना है।

**स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण** | 29,347 गांवों में कवायद शुरू, 31 दिसंबर तक होंगे संतृप्त

# 43,256 गांव बनेंगे मॉडल, देंगे स्वच्छता का संदेश

- गांवों में दिखेगी सफाई, एडीओ पंचायत किए गए प्रशिक्षित

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार** : स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत प्रदेश के 43,256 गांव इस वर्ष के 31 दिसंबर तक मॉडल बनेंगे। गांवों को साफ-सफाई, कूड़ा, तरल व ठोस प्रबंधन जैसे प्रमुख कार्य से समस्या का निस्तारण कर चमकाया जाएगा।

जहां साफ-सफाई अलग से दिखेगी। अभियान में पंचायती राज विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में गांवों का चयन कर 29,347 गांव में कवायद शुरू कर दी है। सभी गांव मॉडल बनने के बाद अन्य को संदेश देंगे। बाहरी राज्यों के प्रधान व अधिकारियों का दल भी भ्रमण पर आएगा और यहां से बारीकियां सीखकर अपने यहां कार्य कराएंगे। निदेशक राज कुमार ने बताया कि इस कार्य के लिए निदेशालय पर सभी जिलों के सहायक विकास अधिकारी पंचायत को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 में प्रदेश के कुल 96,098 गांवों को संतृप्त करना है। इसमें मुख्य व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण हैं, जो ओडीएफ और दूसरे चरण में ओडीएफ-प्लस के तहत प्रदेश में 2.86 करोड़ बनाकर संतृप्त किया गया है। ठोस व तरल अपशिष्ट यानी घरों से निकलने वाला सूखा व गीला कूड़ा निस्तारण की गांवों में बड़ी समस्या है जिसका प्रबंधन अभियान में शामिल है।



| | |
|---|---|
| कुल ग्राम पंचायत - 57,754 | कुल गांव - 96,098 |
| 2022-23 में मॉडल बने : 7075 | 2023-24 का लक्ष्य : 43,256 |

### अपशिष्ट प्रबंधन से हो रही पंचायत की आमदनी

गोशाला का गोबर व घरों से निकलने वाली सब्जी व अन्य खाद्य पदार्थों के अपशिष्ट एकत्र कर वर्मी कंपोस्ट यानी खाद बनाकर बेची जाएगी। इससे जो रुपये प्राप्त होंगे वह ग्राम पंचायत की आय होगी। इसी तरह प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में प्लास्टिक अपशिष्ट का निस्तारण कर उसके दाने बनाकर कंपनियों को सीमेंट व सड़क निर्माण के लिए बिक्री किए जाएंगे। पिछले वर्ष श्रावस्ती के थाना इकौना की ग्राम पंचायत टंडवा महंत ने 16 लाख रुपये की वर्मी कंपोस्ट खाद बनाकर बेची है। वहीं, वाराणसी और सोनभद्र की सीमेंट फैक्ट्रियां प्लास्टिक अपशिष्ट के दाने खरीदने लगी हैं। सड़क, भवन व अन्य निर्माण के लिए टिकाऊ है।

## एक नजर

### गलत पैमाइश किए जाने की शिकायत

**जलालाबाद।** क्षेत्र के गांव मनसा नगला निवासी रजनेश ने एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका खेत गांव बारी में है। जो फर्रुखाबाद जिले के तहसील अमृतपुर के गुलेर गांव की सीमा से लगा हुआ है। वहां चकबंदी का कार्य चल रहा है। दूसरी तहसील के चकबंदी के अधिकारियों ने पैमाइश में तहसील जलालाबाद क्षेत्र के गांव बारी की उनकी जमीन को नाप दिया है जो कि गलत है। जब इसका विरोध किया तो उन्होंने अनसुना कर दिया। पीड़ित ने एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार से शिकायत की, तो उन्होंने लेखपाल को मौके पर जाकर समस्या निस्तारण के निर्देश दिए।

### नई सीरीज को अपलोड किया जाए

**शाहजहांपुर।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शांति भूषण पांडे ने बताया कि जनपद में निजी वाहनों के पंजीयन के लिए वर्तमान में चल रही सीरीज यूपी 27 बीएम 17 मई 24 को समाप्त हो जाएगी। नई सिरीज यूपी 27 बीएन प्रारंभ की जानी है। जिसके क्रम में नए प्राइवेट वाहन सीरीज यूपी 27 बीएन प्रारंभ किए जाने के आदेश दिए गए है। साथ ही सीरीज के महत्वपूर्ण व अति महत्वपूर्ण नंबरों की ऑनलाइन बुकिंग के लिए इस सीरीज को संबंधित वेब पोर्टल पर अपलोड किया जाए।

# शिक्षा अनुसंधान परिषद की टीम ने परखी शैक्षिक गुणवत्ता

## पहले दिन संयुक्त निदेशक डॉ. पवन सचान ने परिषदीय स्कूलों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** राज्य शिक्षा अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद की टीम ने दूसरे दिन भी परिषदीय और माध्यमिक स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने शिक्षा की गुणवत्ता के साथ साफ-सफाई, मध्यान्ह भोजन, बच्चों की उपस्थिति आदि को परखा। साथ ही सुधारात्मक निर्देश भी दिए।

प्रशिक्षण परिषद की टीम गुरुवार को संयुक्त निदेशक डॉ. पवन कुमार सचान के नेतृत्व में यहां आई थी। पहले दिन डायट के अलावा परिषदीय विद्यालय अकर्रारसूलपुर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय आदि स्कूलों का निरीक्षण किया था। वहीं, दूसरे दिन टीम के सदस्य वरिष्ठ प्रवक्ता डायट संबद्ध बालिका शिक्षा राज्य परियोजना लखनऊ के आनंद प्रकाश शुक्ला ने स्थानीय विभागीय पदाधिकारियों के साथ पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बरेंडा, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरोला और राजकीय इंटर कॉलेज कांट का निरीक्षण किया। टीम के सदस्य आनंद प्रकाश शुक्ला ने पीएम श्री कंपोजिट स्कूल बरेंडा में बच्चों से किताब पढ़वाकर



राजकीय हाईस्कूल पिपरोला में छात्रों की शैक्षिक गुणवत्ता परखते टीम के सदस्य आनंद प्रकाश शुक्ल। ● अमृत विचार



अकर्रा रसूलपुर स्कूल में पठन-पाठन परखते संयुक्त निदेशक डॉ. पवन सचान।

और गणित के सवाल हल करवाकर उनकी शैक्षिक योग्यता परखी। साथ ही एमडीएम में मेन्यू के हिसाब से बनी तहेरी चखी और संतुष्टि जताई। विद्यालय की साफ-सफाई और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश भी दिए।

इसी क्रम में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरोला और राजकीय इंटर कॉलेज कांट का निरीक्षण भी किया गया, जिसमें उन्होंने दोनों कॉलेजों में शिक्षक डायरी का अवलोकन किया और कक्षा कक्ष में जाकर छात्र-छात्राओं से गणित के सवाल हल करवाए और अंग्रेजी विषय के बारे में भी

- दूसरे दिन पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बरेंडा और दो राजकीय कॉलेजों का किया गया निरीक्षण
- शैक्षिक गुणवत्ता के साथ एमडीएम और साफ-सफाई देख दिए सुधारात्मक निर्देश



पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बरेंडा में तहेरी की गुणवत्ता चेक करते प्रशिक्षण परिषद के सदस्य। ● अमृत विचार

योग्यता परखी। साथ ही शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीसी एमडीएम निश्चय सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय एसके मौर्य, बीईओ कांट शिवबोधन, माध्यमिक शिक्षा के डीसी राजन प्रजापति आदि भी मौजूद रहे।



पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बरेंडा में एमडीएम की तैयारियां परखते प्रशिक्षण परिषद के सदस्य आनंद प्रकाश शुक्ल। ● अमृत विचार

## शोध के लिए कल्पना शक्ति जरूरी



श्रेष्ठ प्रस्तुतिकरण वाले छात्र को प्रमाण पत्र देते डॉ. निशांत कुमार।

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** एसएस कॉलेज के वाणिज्य विभाग में शोध प्रविधि विषय पर चल रही दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। समापन पर मुख्य वक्ता लखनऊ विवि के व्यवसायिक प्रबंध विभाग के डॉ. निशांत कुमार ने कहा कि की शोध के लिए शोधार्थी को कल्पना शक्ति विकसित करनी चाहिए। लखनऊ विवि के व्यवहारिक अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. रंजीत सिंह ने कहा कि आजकल शोधार्थी शोध करने के लिए इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग करने से उनकी क्षमता प्रभावित होती है। इस अवसर पर श्रेष्ठ प्रस्तुतिकरण के लिए सौरभ पांडेय, शिवम द्विवेदी, गौरव माहेश्वरी को प्रमाण पत्र दिए गए। डॉ. रूपक श्रीवास्तव, डॉ. कमलेश गौतम, डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. अजय कुमार वर्मा, डॉ. संतोष प्रताप सिंह, बृज लाली, अपर्णा त्रिपाठी, डॉ. मोहनी शंकर आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांग ने प्रबंध समिति पर लगाया फर्जीवाड़े का आरोप

> मामला कोर्ट में है और विभाग के अधिकारियों के संज्ञान में है। इस मामले में हम और कुछ नहीं कह सकते।
> – इबरत अली खां, प्रबंधक

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचारः** नेहरू विद्यालय एजुकेशनल एसोसिएशन कोरोकुईंया शिक्षण समिति के चुनाव के मामले में एक नया मोड़ सामने आ गया। अब इस संस्था के दिव्यांग सदस्य ने चुनाव में फर्जी हस्ताक्षर करने का आरोप लगाया। अधिकारियों के अनुसार यह शिक्षण संस्था लगातार कई महीनों से विवादित है, जिसमें स्वामित्व को लेकर विवाद चल रहा है।

सिंधौली के गांव सिसैया के विजय बहादुर ने बताया कि वह नेहरू विद्यालय एजुकेशनल एसोसिएशन कोरोकुईंया के सदस्य हैं। उनका 24 अप्रैल सन 2022 को एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें दाहिना हाथ दिव्यांग



हाथ दिखाते दिव्यांग विजय बहादुर।

हो गया। जिसकी मेडिकल रिपोर्ट भी है। इसके लगभग 19 माह बाद 24 दिसंबर 2023 को हुए शिक्षण संस्था के चुनाव में उनके फर्जी हस्ताक्षर कर लिए गए, जिसकी जानकारी बहुत

- शिक्षा समिति नेहरू विद्यालय एजुकेशनल एसोसिएशन के सदस्य हैं विजय बहादुर
- बताया- 2022 में हादसे से खराब हो गया था हाथ, उनके भी कर लिए फर्जी हस्ताक्षर

देर से हो सकी। विजय ने कहा कि दिव्यांग होने व शरीर से कमजोर होने के कारण वह कहीं जा नहीं सकते और न ही हस्ताक्षर कर सकते हैं। इसी का नाजायज फायदा उठाकर प्रबंध समिति के लोगों ने उठाया। विजय बहादुर ने संस्था के अध्यक्ष व प्रबंधक पर फर्जी हस्ताक्षर से फर्जी तरीके से चुनाव कराने का आरोप लगाते हुए प्रशासनिक अधिकारियों से कार्रवाई किए जाने की मांग की।

## दो पक्षों में चले लाठी डंडे, आठ लोग घायल

**जलालाबाद, अमृत विचार :** मक्के की खेत की मेड़ काटने को लेकर गुरुवार शाम को गांव राजे रायपुर व खागिया नगला के लोगों में जमकर लाठी डंडे चले। जिससे आठ लोग घायल हो गए।

घायलों में रामसागर, लासाराम,राजकुमार, रामकुमार, रामकिशोर, जगरानी, बालवीर, श्यामवीर आदि हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षो की ओर से तहरीर दी गई है। राम प्रवेश की तहरीर के आधार पर दस लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है, जबकि दूसरे पक्ष की अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# परमीशन व शुल्क जमा किए बिना लगे होर्डिंग हटाए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** महानगर में अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग और बैनर के खिलाफ नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को अभियान चलाया। इस दौरान बिना परमीशन, निर्धारित शुल्क जमा किए बिना लगाए गए होर्डिंग, बैनर को हटा दिया गया। महानगर में लोगों ने अवैध होर्डिंग-बैनर का जाल बिछा रखा था। जिसे लेकर नगर निगम ने सख्त कदम उठाया है।

नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र के निर्देश पर शुक्रवार को नगर निगम के चिन्हित 47 होर्डिंग स्थल पर लगे बगैर अनुमति के अनाधिकृत होर्डिंग हटवाने का निगम कर्मचारियों ने अभियान चलाया। जोकि देर शाम तक चलता रहा। अभियान का प्रारंभ नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त के नेतृत्व में टाउन हॉल से किया गया।



पोल से अवैध होर्डिंग हटाता नगर निगम का कर्मचारी। ● अमृत विचार

इसके बाद अभियान सदर बाजार से होते हुए कचहरी तक चलाया गया। उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी ने बताया कि अधिकांश होर्डिंग बैनर तो लोगों ने बिजली के पोल पर टांग

- नगर निगम ने अवैध होर्डिंग-बैनर के खिलाफ चलाया अभियान

रखे थे। जिन्हें हटवा दिया गया है। जो कंपनियां, व्यापारी अन्य संस्थाएं अपने प्रचार प्रसार को होर्डिंग बैनर लगाना चाहते हैं, वह लोग नगर निगम में आकर निर्धारित शुल्क जमा करके निगम के चिन्हित स्थानों पर होर्डिंग लगा सकते हैं।

# गन्ना किसान डिग्री कॉलेज को राजकीय घोषित करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** सामाजिक चेतना दल के जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्र ने पुवायां में स्थापित गन्ना किसान डिग्री कॉलेज को राजकीय डिग्री कॉलेज का दर्जा दिए जाने की मांग राज्यपाल से की है।

उन्होंने राज्यपाल आनंदी बेन को भेजे गए पत्र में कहा है कि छात्रों के आंदोलन के फलस्वरूप वर्ष 1996 में गन्ना किसान डिग्री कॉलेज की स्थापना की गई थी। स्ववित्त पोषित डिग्री कॉलेज के नाम हरदुआ में 32 एकड़ जमीन है और गन्ना किसानों से डिग्री कॉलेज के नाम पर एक रुपये प्रति क्विंटल की कटौती भी हो रही है। इसके बाद भी डिग्री कॉलेज जिन कक्षाओं के साथ संचालित किया गया था। स्थापना के 28 वर्ष

- सामाजिक चेतना दल के जिलाध्यक्ष ने राज्यपाल को भेजा पत्र

बाद भी वहीं कक्षाएं संचालित की जा रही है। कॉलेज की तरक्की के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए। इसके बाद में प्राइवेट तौर पर खोले डिग्री कॉलेज में बीए, बीएससी, एमए आदि की कक्षाएं संचालित हो रहीं हैं।

गन्ना किसान डिग्री कॉलेज में अन्य कक्षाएं संचालित नहीं किए जाने से छात्र-छात्राओं को अन्य कॉलेजों में अधिक रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं, जबकि गन्ना किसान डिग्री कॉलेज को राजकीय का दर्जा मिलने पर छात्र-छात्राओं को सहूलियत मिलेगी और कॉलेज की तरक्की की राह भी खुल जाएगी।

# सहकारिता रत्न से सम्मानित किए जाएंगे मंत्री राठौर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** प्रदेश में सहकारिता अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने में सराहनीय योगदान के लिए इफ्को द्वारा सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही उन्हें 30 मई को सहकारिता रत्न पुरस्कार से भी नवाजा जाएगा। पुरस्कार स्वरूप उन्हें प्रशस्ति पत्र के साथ 11 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी।

जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डीपी सिंह राठौर ने इफ्को के प्रबंध निदेशक उदय शंकर अवस्थी के हवाले से बताया कि प्रदेश में चलाए गए सहकारिता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही प्रदेश की कमजोर जिला सहकारी बैंकों को पुनर्जीवित करने में सहकारिता मंत्री जयेंद्र प्रताप सिंह राठौर ने प्रमुख भूमिका निभाई।



सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर को समारोह का आमंत्रण देते अधिकारी। ● अमृत विचार

एक माह में ही 30 लाख किसानों को पैक्स का सदस्य बनवाने, प्रदेश की बहुउद्देशीय साधन सहकारी समितियों (बी- पैक्स) का कंप्यूटराईजेशन कराने, विश्व की सबसे बड़ी भंडारण क्षमता वाला देश बनाने के लिए पूरे प्रदेश में सैकड़ों गोदामों का निर्माण कराने का काम किया गया। उनके इन्हीं उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए वर्ष 2022-23 के लिए सहकारिता रत्न पुरस्कार से सम्मानित किए जाने का निर्णय

- पुरस्कार स्वरूप सहकारिता मंत्री को इफ्को देगी प्रशस्ति पत्र के साथ 11 लाख रुपये

इफ्को द्वारा लिया गया। राष्ट्रीय स्तर पर दिया जाने वाले पुरस्कार में 11 लाख रुपये की धनराशि एवं प्रशस्ति-पत्र देने की व्यवस्था है।

इस संबंध में राज्य विपणन प्रबंधक अभिमन्यु राय ने इफ्को अधिकारियों के साथ सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर को आमंत्रण देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर सहकारिता रत्न पुरस्कार मिलना पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। राय ने बताया कि 30 मई को एनसीयूआई आडिटोरियम, नई दिल्ली में इफ्को द्वारा राष्ट्रीय स्तर का आयोजित भव्य समारोह में देश के प्रमुख कोऑपरेटर्स की उपस्थिति में सहकारिता मंत्री को सम्मानित किया जाएगा।

# नसबंदी शिविर में 14 महिलाओं का किया गया सफल ऑपरेशन



नसबंदी शिविर में पंजीकरण करतीं स्वास्थ्य कार्यकत्री। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंधौली पर गुरुवार को लगे महिला नसबंदी शिविर में 14 महिलाओं का सफल नसबंदी ऑपरेशन किया गया।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंधौली पर परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 18 महिलाओं ने पंजीकरण करवाया था।इसमें नसबंदी के लिए 14 महिलाओं को चिन्हित किया । सर्जन डॉ. रामकुमार द्वारा सभी का सफल ऑपरेशन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को लाने

- 18 ने कराया था पंजीकरण पिछले माह लगे कैंप में किए गए थे 17 ऑपरेशन

वाली आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अशोक दीक्षित ने सभी को जलपान कराया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज़फर सैफी ने बताया कि अधिक से अधिक नसबंदी कराए जाने को महिलाओं को प्रेरित किया जा रहा है।

इसके चलते पिछले माह के शिविर में 17 और गुरुवार को 14 ऑपरेशन किए गए। शिविर में सरला देवी, सी एच ओ, एएनएम शिवानी कुमारी सहित तमाम कर्मचारियों द्वारा सहयोग किया गया।

**धर्म कर्म** त्रिदंडीदेव सेवा आश्रम राधा कृष्ण मंदिर में मनाया जा रहा है 50 वां स्वर्ण जयंती महोत्सव

# अहंकार रहित जीवन जीने की कला सिखाती है श्रीमद्भागवत

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचारः** अहंकार विनाश का कारण है, श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य को अहंकार रहित जीवन जीने की कला सिखाती है। ऐसे में सभी को इसे रुचि के साथ सुनकर समझने व अपने जीवन में उतारने की जरूरत है।

क्षेत्र के बेहटा जंगल स्थित त्रिदंडीदेव सेवा आश्रम राधा कृष्ण मंदिर में 50 वां स्वर्ण जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथाव्यास जगद्गुरु रामानुजाचार्य ने कहा कि व्यक्ति श्रीमद्भागवत कथा सुनने का जब संकल्प करता है, उसी समय परमात्मा उसके हृदय में आकर निवास कर लेते हैं। भगवान की कथा ऐसी है कि इसका ज्यों-ज्यों



श्रीमद्भागवत कथा सुनाते जगदगुरु रामानुजाचार्य।

पान करते हैं, त्यों-त्यों इच्छा बढ़ती जाती है। कथा रस कभी घटता नहीं निरंतर बढ़ता रहता है।

नित्य नए आनंद की अभिवृद्धि होती रहती है। श्रीमद्भागवत आध्यात्म दीपक है, जिस प्रकार एक जलते हुए दीपक से हजारों दीपक प्रज्ज्वलित हो उठते हैं। उसी प्रकार भागवत के ज्ञान से हजारों, लाखों मनुष्यों के भीतर का अंधकार नष्ट होकर ज्ञान का दीपक जगमगा



कथा श्रवण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

उठता है। भगवान का आश्रय ही सच्चा आश्रय है। जीवन में इंसान को अच्छे कार्य करने चाहिए , बुरा करने पर उसका फल भोगने को तैयार रहना चाहिए। इस दौरान नृसिंह दास , स्वामी रामचन्द्र , विष्णुदत्त द्विवेदी , दिनेश , सुरेन्द्र यादव , रमेशचंद्र , रविंद्र कुमार , शिवम आदि मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेज में ठंडे पानी के लिए तरस रहे तीमारदार

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** मेडिकल कॉलेज में मरीज तथा उसके तीमारदार ठंडे पानी के लिए तरस रहे है। चार वाटर कूलर लगे है। किसी में ठंडा पानी नहीं आ रहा है। राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्रशासनिक भवन के सामने, प्रशासनिक भवन के पड़ोस, सर्जिकल वार्ड के पड़ोस तथा महिला वार्ड की तरफ से शीतल जल की टंकी है। लेकिन किसी टंकी में ठंडा पानी नहीं आ रहा है।


तीमारदारों ने बताया कि भीषण गर्मी में हम ठंडे पानी के लिए तरस रहे है। अव्यवस्था होने से सभी गर्म पानी पीने को मजबूर है।

सीएमएस डॉ. नेपाल सिंह ने बताया कि बराबर ठंडा पानी आ रहा है।






शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# मंत्री जेपीएस राठौर के बूथ पर सबसे कम मतदान

## मात्र 38.97 प्रतिशत वोटिंग, मंत्री सुरेश खन्ना को छोड़ अन्य वीआईपी के बूथों पर भी कम हुआ मतदान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के बूथ पर 48.45 तो मेयर के बूथ पर 48.45 फीसदी मतदान
- ददरौल के बूथ सबसे अधिक मजबूत रहे, तिलहर की स्थिति संतोषजनक

**अमृत विचार:** वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को छोड़कर अन्य सभी जनप्रतिनिधियों के बूथों पर मतदान की स्थिति अच्छी नहीं रही। उनका बूथ मोहल्ला दिवान जोगराज में स्थित डोरेमोन स्कूल में बनाया गया था। यहां मतदान प्रतिशत 59.41 रहा। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर का बूथ सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज बसंत लाल खन्ना कमरा नंबर दो में था। यहां मतदान प्रतिशत मात्र 38.97 रहा। पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के बूथ पर 48.45 प्रतिशत मतदान हुआ, इसे भी अपेक्षाकृत कम माना जा रहा है। इसी तरह मेयर के बूथ पर भी 48.45 प्रतिशत मतदान हुआ है।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मोहल्ला दिवान जोगराज में डोरीमान स्कूल में बूथ नंबर 300 पर मतदान किया था। इस बूथ पर कुल मतदाता 1079 थे। जिसमें से 641 लोगों ने मतदान किया। इनके बूथ का प्रतिशत 59.41 रहा। जबकि जितिन प्रसाद ने डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर के बूथ नंबर 172 पर मतदान किया था। इस बूथ पर कुल मतदाता का प्रतिशत 48.45 रहा। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज में बूथ नंबर 163 पर मतदान किया था। इस बूथ पर कुल मतदाता 1065 हैं। इसमें से कुल 415 लोगों ने ही मतदान किया। इसके बूथ पर मतदान का प्रतिशत 38.97 प्रतिशत रहा। कुल मिलाकर वित्त मंत्री के बूथ पर मतदाताओं ने उनकी साख बचा ली।

पूरे चुनाव में कुछ स्थानों पर मतदाताओं ने मतदान के प्रति नीरसता दिखाई तो कई बूथ ऐसे भी रहे जहां पर लोगों ने मताधिकार का महत्व समझा। लोकतंत्र के उत्सव को मनाने का उत्साह गर्मी पर भारी पड़ा। ईवीएम का बटन दबाने के लिए धैर्यपूर्वक लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार किया। जिससे सिर्फ इनके क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत अधिक रहा। अगर जिले की बात करें तो सबसे अधिक मतदान ददरौल के ढका उधरनपुर में हुआ। मतदान में प्रतिशत के लिहाज से देखें तो ददरौल विधानसभा के बूथ सबसे अधिक मजबूत रहे। तिलहर में भी स्थिति संतोषजनक रही।

### किस वीआईपी के बूथ पर कितने प्रतिशत मतदान

| जनप्रतिनिधि का नाम/पद | बूथ का नाम | पुरुष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|---|
| जेपीएस राठौर ( राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ) | सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज | 40 .21 | 37 .55 | 38 .97 |
| जितिन प्रसाद( पीडब्ल्यूडी मंत्री ) | डॉ . सुदामा प्रसाद कं . इंटर कॉलेज | 49 .25 | 47 .39 | 48 .45 |
| अर्चना वर्मा ( महापौर ) | डॉ . सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर | 49 .25 | 47 .39 | 48 .45 |
| सुरेश कुमार खन्ना( वित्त मंत्री ) | डोरेमोन इंटरनेशनल स्कूल | 61 .99 | 56 .1 | 59 .41 |

### कटरा: नौगवां गोविंदपुर में सबसे ज्यादा निकले मतदाता

कटरा विधानसभा में प्राथमिक विद्यालय नौगवां गोविंदपुर में सबसे अधिक मतदान हुआ। यहां पर 85 .02 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। यहां पर 514 में 437 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिनमें 288 पुरुषों में 242 मतदान करने पहुंचे। जबकि 226 में 195 में महिलाओं ने मतदान किया। पुरुषों का मतदान प्रतिशत 84 .03 व महिलाओं का 86 .28 प्रतिशत रहा। इस विधानसभा में सबसे कम मतदान जूनियर हाईस्कूल पेहना में बने बूथ पर हुआ। यहां कक्ष संख्या में 0 .51 प्रतिशत मतदाताओं ने ही वोट डाले। 990 में पांच मतदाता ही वोट डालने पहुंचे। इनमें 540 में दो पुरुष व 450 में तीन महिलाएं शामिल हैं। पुरुषों का मतदान प्रतिशत 0 .37 व महिलाओं व 0 .67 रहा।

### जलालाबाद: सलेमपुर कबरा में 79.58 प्रतिशत मतदान

जलालाबाद के सलेमपुर कबरा प्राथमिक पूर्वी में 79 .58 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां पर 813 में 647 वोट पड़े। 454 पुरुषों में 366 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि 359 महिलाओं में 281 ने वोट डाले। पुरुषों का मतदान प्रतिशत 80 .62 व महिलाओं का 78 .27 रहा। इस विधानसभा के प्राथमिक विद्यालय कटका में सबसे कम वोट पड़े। यहां पर 0 .71 प्रतिशत ही वोट पड़े। 565 में चार ने ही वोट डाले। 307 पुरुष में एक व 258 महिलाओं में तीन ने मताधिकार का प्रयोग किया। पुरुष का प्रतिशत 0 .33 व महिला का 1 .16 रहा।

# आरोपी बना रहे राजीनामे का दबाव, जान से मारने की दी धमकी

विपिन हत्याकांड

संवाददाता, खुटार

- पीड़ित बोला- पुलिस ने उसके और गवाहों के नहीं लिए बयान
- एसपी से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार:** विपिन हत्याकांड के मामले में आरोपी पीड़ित परिवार को राजीनामा नहीं करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि घटना को एक माह बीत गया है लेकिन खुटार पुलिस ने उसके और गवाहों के बयान नहीं लिए और न ही आरोपियों को जेल भेजा गया है। अब आरोपी राजीनामा करने का दबाव बना रहे है। पीड़ित परिवार ने एसपी को प्रार्थना पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

गांव महेशापुर के रहने वाले सेवाराम ने बताया कि उसके छोटे भाई विपिन कुमार कश्यप के गांव की शादीशुदा महिला खुशबू से संबंध थे। भाई ने खेत गिरवी रखकर उसे 40 हजार रुपये उधार दिए थे। 12 अप्रैल को विपिन रुपये लेने खुशबू के घर गया था। खुशबू ने गांव के एक व्यक्ति के साथ मिलकर भाई की पिटाई कर दी थी। 13 अप्रैल को खुशबू ने उसके भाई को घर बुलाया था। उसी दिन सुबह करीब दस बजे एक दूसरा व्यक्ति भाई के साथ गया था। जहां तीनों आरोपियों ने पकड़कर भाई को शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया था। 14 अप्रैल को विपिन कुमार की मौत हो गई थी। 16 अप्रैल को पुलिस ने आरोपी खुशबू वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। जबकि दो और आरोपियों को नामजद कर कार्रवाई की मांग की गई थी।

पीड़ित सेवाराम ने बताया कि आरोपी धमकी दे रहे हैं कि राजीनामा नहीं किया तो उसे और उसके परिवार को जान से मार दिया जाएगा। इसके बावजूद खुटार पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। पीड़ित सेवाराम ने एसपी को प्रार्थना पत्र भेजकर आरोपियों की गिरफ्तारी कर जेल भेजने की मांग की है।

## एक नजर

### महिला के साथ मारपीट तहरीर दी

**जलालाबाद, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव पुरेना पूर्वी गौटिया निवासी रामदेवी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह गुरुवार दिन में बाजार से घर लौट रही थी, तभी रास्ते में गांव के दो लोग मिल गए और उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि आरोपी इससे पहले भी कई बार मारपीट कर चुके हैं। उन पर कई बार 151 के तहत कार्रवाई भी हुई। उसके बाद भी आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि आरोपी अफीम डोडा स्मैक का धंधा करते हैं। इससे उनके हौसले बुलंद हैं। उनकी दबंगई के आगे पूरा परिवार डरा सहमा हुआ है। पीड़िता ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



पीड़िता रामदेवी।

### स्कूटी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** कटरा थाना क्षेत्र के गांव मधपुरी गौटिया निवासी बांकेलाल ने बताया कि नौ मई की शाम सात बजे वह मिल से काम करके घर साइकिल से घर जा रहा था। गांव शेरपुर के सामने स्कूटी ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया और साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। स्कूटी सवार बुधपाल ने कहा था कि इलाज करवाएंगे लेकिन अब इलाज कराने से मना कर दिया। पुलिस ने स्कूटी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# डीईओ ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** ईवीएम व वीवीपैट को सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन रोजा मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। 24 घंटे स्ट्रांग रूम की सतत रूप से सुरक्षा कर्मियों की ओर से की जा रही है। स्ट्रांग रूम सहित संपूर्ण परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिनकी मॉनिटरिंग निरंतर की जा रही है।

शुक्रवार को डीईओ ने विजिट रजिस्टर को देखा और स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को किए गए प्रबंध का निरीक्षण किया व निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उपस्थिति व एंट्री पंजिकाओं का अवलोकन किया। उन्होंने सीसीटीवी से की जा रही निगरानी सहित की गई अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा। सीसीटीवी कैमरा कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया और सीसीटीवी कैमरों का संचालन चेक किया। निरीक्षण के दौरान सभी कैमरे सुचारू रूप से संचालित मिले। तैनात पुलिस कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी दशा में राजनीतिक दलों के अनुमान्य 2 से अधिक प्रतिनिधि मौजूद न हों। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।



ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह।

- कहा-बाहर राजनीतिक दलों के दो से अधिक प्रतिनिधि मौजूद न हो

# पिकअप की टक्कर से युवक घायल

**पुवायां, अमृत विचार:** पिकअप की टक्कर से बाइक सवार को काफी गंभीर चोटें आईं। युवक का इलाज बरेली में चल रहा है। पुलिस ने घायल के पुत्र प्रिंस की तहरीर के आधार पर पिकअप के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

दर्ज रिपोर्ट में बताया कि गुरुवार की शाम पिता अन्नतपाल बाइक से मार्केट गए थे और वापस आते समय गंगसरा के पास खरबूजे से भरी पिकअप ने बाइक के सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अन्नतपाल को काफी गम्भीर चोटें आईं। जिसके बाद परिजन उसे सीएचसी लेकर आए हालत गम्भीर होने के कारण डॉक्टर ने उन्हें मेडिकल कॉलेज भेज दिया। लेकिन हालत बिगड़ती देख यहां से बरेली रेफर कर दिया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। इधर टक्कर मारने के बाद पिकअप का ड्राइवर पिकअप लेकर भाग निकला।

# नदी में नहा रहे ग्रामीण की डूबकर मौत

संवाददाता, जैतीपुर/शाहजहांपुर

- दूसरे दिन उतराता हुआ मिला जैतीपुर के जगदीश का शव

**अमृत विचार:** अमईपुर सड़ा गांव में एक ग्रामीण भैंस लेकर बहगुल के किनारे खेत पर चराने के लिए ले गया था। भीषण गर्मी से परेशान हो वह नदी में नहाने लगा। नहाते समय अचानक डूब गया। शाम तक घर नहीं पहुंचा तो परिवार वालों ने तलाश की। उसके कपड़े तथा चप्पल नदी के किनारे रखी हुई मिली। पुलिस ने गोताखोरों से तलाश कराया तो कुछ पता नहीं चला। उसका शव अगले दिन नदी में उतराता हुआ मिला ।

जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव अमईपुर सड़ा निवासी जगदीश प्रसाद(60) ने शादी नहीं की थी और अपने भतीजे राम नरेश के पास रहता था। गुरुवार की दोपहर तीन बजे वह भैंसों को लेकर बहगुल नदी के किनारे खेत पर चराने के लिए आया। भैंस चर रही थी। गर्मी अधिक होने के कारण जगदीश कपड़े एक तरफ रख नदी में नहाने के लिए चले गया। नहाते समय वह नदी में डूब गया। भैंस शाम पांच बजे घर पहुंच गई लेकिन वह घर नहीं पहुंचे। भतीजे राम नरेश को चिंता हुई तो वह परिजनों के साथ नदी के किनारे उसे तलाश करने पहुंच गया। नदी के किनारे उसके कपड़े तथा चप्पल रखी हुई थी। सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने गोताखोरों को बुलाया और जगदीश की नदी में तलाश कराई। लेकिन वह रात आठ बजे तक नहीं मिला। परिजन शुक्रवार की सुबह आठ बजे दोबारा नदी किनारे पहुंचे तो देखा कि उनका शव नदी में उतराता हुआ एक झाड़ी के पास मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### करंट से महिला की मौत

**सिंधौली।** शुक्रवार की सुबह महिला फर्राटा पंखे का प्लग निकालते समय करंट लग गया। महिला को मेडिकल कॉलेज लाया गया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव गौटिया डिवरौची निवासी सोमवती( 38 ) पत्नी मेवाराम गुरुवार की रात कमरे में फर्राटा पंखा लगाकर सो रही थी। वह सुबह चार बजे पंखे का प्लग निकालने के लिए गई तो उसे अचानक करंट लग गया। उसने शोर मचाया तो परिवार वालों ने तुरंत लाइट काट दी। महिला को मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# बालक के साथ कुकर्म करने के तीनों आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सात मई को शादी समारोह के दौरान पीलीभीत के तीन नाबालिगों ने की थी वारदात

**अमृत विचार:** दस दिन पूर्व एक शादी समारोह के दौरान आठ साल के मासूम के साथ कुकर्म के मामले में रोजा पुलिस ने ट्विटर पर वायरल खबर को गंभीरता से लेकर तीनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर शुक्रवार को अटसलिया ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

रोजा थाने के एसएसआई जुगुल किशोर पाल ने बताया था कि सात मई को क्षेत्र के गांव में शादी समारोह के दौरान एक आठ साल के बच्चे के साथ कुकर्म करने की खबर ट्विटर पर वायरल हुई थी। खबर की सत्यता की जांच पड़ताल शुरू की गई तो घटना में पीलीभीत के बीसलपुर निवासी तीन किशोरों का नाम प्रकाश में आया। बाद में पुलिस ने पीड़ित बच्चे के परिजनों से घटना की जानकारी ली तो बच्चे के परिजनों ने बताया था कि उनका समझौता हो गया है। परिजनों का कहना है कि अगर उनके बच्चे के साथ कोई घिनौनी हरकत होती तो वे रिपोर्ट जरूर दर्ज करवाते। पुलिस ने तीनों किशोरों के विरुद्ध कुकर्म करने के आरोप में मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। शुक्रवार की दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि मासूम के साथ कुकर्म करने वाले तीनों आरोपी अटसलिया ओवरब्रिज के पास खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें किशोर बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

# टप्पेबाजों की तलाश, पुलिस ने बरेली में डाला डेरा

**शाहजहांपुर,अमृत विचार:** शहर में बाइक पर सवार टप्पेबाजों ने खुद को पुलिस बताकर स्टांप विक्रेता से 78 हजार रुपये लेकर फरार हो जाने के मामले में पुलिस ने आरोपियों की तलाश में बरेली में डेरा डाल दिया है। पुलिस को उनकी लोकेशन बरेली मिली है।

चौक कोतवाली के मोहल्ला सिंजई के रामआसरे सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह कचहरी में स्टांप विक्रेता है। वह रोजाना की तरह बुधवार की सुबह साढ़े नौ बजे बैंक होकर कचहरी जा रहे थे। बैग में एक लाख छह हजार रुपये थे। बाइक पर दो युवक खन्ना पैथोलॉजी के सामने स्कूटी रुकवा ली। दोनों युवक ने कहा कि पुलिस कर्मचारी है। बैग चेक करने के नाम पर बैग में 78 हजार रुपये निकाल लिए प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि जल्द पकड़ जाएंगे।

# बर्थ खाली कराने को लेकर यात्री से मारपीट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अयोध्या- दिल्ली एक्स. में शाहजहांपुर के यात्री से विवाद दिल्ली स्टेशन पर उतरकर भागे

**अमृत विचार:** अयोध्या- दिल्ली एक्सप्रेस में बर्थ खाली कराने के लिए यात्रियों ने एक यात्री को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी यात्री दिल्ली स्टेशन पर उतरकर भाग गए। पीड़ित ने दिल्ली से लौटने के बाद शाहजहांपुर जीआरपी को अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी। जिस आधार पर जीआरपी ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी विशेष गुप्ता ने बताया कि वह मोबाइल कंपनी में प्राइवेट नौकरी करता है। 21 अप्रैल को सुबह साढ़े दस बजे वह परिवार समेत दिल्ली जाने के लिए स्टेशन के प्लेटफार्म चार पर पहुंचा। साथ में उसकी मां निर्मल गुप्ता भी थीं। उसका ट्रेन संख्या 14205 अयोध्या दिल्ली में रिजर्वेशन था। वह ट्रेन में चढ़ने के बाद कोच में बर्थ पर पहुंचा। बर्थ पर पहले से पांच लोग बैठे हुए थे। उन्होंने बर्थ पर बैठे यात्रियों से कहा कि बर्थ खाली कर दो। इस बात से वहां बैठे लोग नाराज हो गए। आरोप है कि वह लोग उसे गाली देने लगे। विरोध करने पर यात्रियों ने उसे मारा पीटा और धमकी देकर दूसरे कोच में चले गए। जब ट्रेन पुरानी दिल्ली स्टेशन पर रुकने लगी तो आरोपी ट्रेन से उतरकर भाग गए।

पीड़ित ने शाहजहांपुर लौटने के बाद जीआरपी को तहरीर दी। वहीं जीआरपी थाना प्रभारी रेहान खां ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मारपीट आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### बच्चों और महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**रौसर कोठी।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के चौढेरा गांव में मामूली विवाद के चलते कुछ लोगों ने महिला और उसके बच्चों को पीटकर घायल कर दिया। मामले में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के चौढेरा निवासी लक्ष्मी पत्नी मनीराम ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि मामूली विवाद में गांव के डोदेराम तथा रविंद्र किसान ने उसे तथा उसके बच्चों को पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया है। वहीं एक अन्य मामले में रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला दलेलगंज निवासी विनीत मिश्रा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में गुड्डू तथा सद्दाम निवासी दलेलगंज ने रास्ते में उसे रोक लिया और लातों घूसों से जमकर पीटा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच की कार्रवाई शुरू कर दी।

# चार मादक पदार्थ तस्कर पकड़े साढ़े चार किलो अफीम बरामद



रोजा पुलिस की हिरासत में अफीम तस्करी के आरोपी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- रोजा और कोतवाली पुलिस की कार्रवाई, झारखंड से लाते थे अफीम

**अमृत विचार:** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत चौक कोतवाली तथा रोजा पुलिस ने चार मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से साढ़े चार किलो अफीम तथा एक लाख दो हजार 824 रुपये बरामद किए है। तस्कर झारखंड से अफीम लाकर बेचते थे।

चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर को शुक्रवार की दोपहर एक बजे सूचना मिली कि बरेली मोड़ पर एक मादक पदार्थ तस्कर खड़ा किसी का इंतजार कर रहा है। एसओजी को साथ में लेकर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया तस्कर रामकुमार निवासी सिन्टूआरी थाना गिद्धौर जिला चतरा झारखंड है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक किलो अफीम बरामद की। जामा तलाशी में उससे 680 रुपये मिले। पकड़े गए अभियुक्त ने बताया कि झारखंड से लाकर बेचता है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में एसओजी प्रभारी आरपी सिंह, उप निरीक्षक रोहित कुमार, कुलदीप कुमार, राजा रामपाल आदि थे।

रोजा। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को शुक्रवार को दिन में चार बजे सूचना मिली कि जमुका अंडरपास के तीन मादक पदार्थ तस्कर खड़े है और किसी का इंतजार कर रहे है। प्रभारी निरीक्षक ने एसओ जी को साथ में लेकर तीन तस्करों को दबोच लिया। पकड़े गए तस्कर देवेंद्र निवासी फतेहगंज थाना वजीरगंज जिला बदायूं, ओमेंद्र निवासी फतेह नगला थाना वजीरगंज जिला बदायूं तथा पंकज कुमार निवासी चक थाना मानपुर जिला प्लामू है। पुलिस ने साढ़े तीन किलो अफीम बरामद की है। पुलिस ने एक लाख दो हजार 144 रुपये तथा चार मोबाइल बरामद किए है। अफीम की अंतर्राष्ट्रीय कीमत 11 लाख रुपये है। अभियुक्तों ने बताया कि झारखंड से अफीम लेकर बदायूं जा रहे थे। पुलिस ने तीनों तस्करों का चालान कर दिया। टीम में एसओजी प्रभारी आरपी सिंह, उप निरीक्षक राजा रामपाल, प्रांजल सिंह, अशोक कुमार आदि थे।

### हत्या के प्रयास में अभियुक्त को आठ वर्ष की कैद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हत्या का प्रयास के मामले में कोर्ट ने दोष सिद्ध होने पर एक अभियुक्त को आठ वर्ष की कैद और 40 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। रामचंद्र मिशन थाने में वर्ष 2018 में मोहल्ला सरायकाइयां निवासी गिरधारी के खिलाफ हत्या का प्रयास किए जाने का मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के उपरांत अभियुक्त के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय भेज दिया गया। एडीजे तृतीय की कोर्ट में मुकदमा चलने के दौरान मॉनिटरिंग सेल व थाना रामचंद्र मिशन पुलिस और अभियोजन विभाग द्वारा समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी की। न्यायाधीश ने गवाहों के बयान सुनने और शासकीय अधिवक्ता के तर्को को सुनने के उपरांत पत्रावली का अवलोकन कर दोष सिद्ध होने पर अभियुक्त गिरधारी को आठ वर्ष के कठोर कारावास एवं 40 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

राजनीति

## जिले में लोकसभा चुनाव में कम वोटिंग होने पर बुद्धिजीवियों ने रखी अपनी बात, घरों में पर्ची नहीं पहुंचना भी बना वजह

# मौसम ने ली परीक्षा, घर-घर नहीं पहुंचे बीएलओ, मतदाता हो गए उदासीन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा का चौथे चरण का चुनाव संपन्न होने के बाद अब अपेक्षित मतदान नहीं होने की चर्चा जगह-जगह होती दिख रही है। सभी अपने-अपने तर्क दे रहे हैं। ऐसे में बुद्धिजीवी तबके से बात करना जरूरी समझा गया कि आखिर इतने जोश के बीच लोगों ने मतदान के लिए घर से निकलना जरूरी क्यों नहीं समझा। बुद्धिजीवियों के नजरिए का निष्कर्ष यही निकला कि मतदाताओं ने मान लिया था कि जब प्रत्याशियों ने अपनी हार-जीत पहले से ही सुनिश्चित कर ली तो चिलचिलाती धूप में मतदाता क्यों वोट डालने के लिए लाइन में खड़ा हो। रही-बची कसर बीएलओ ने पर्चियां नहीं बांटकर पूरी कर दी। यानि प्रत्याशियों, पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मतदाता भी चुनाव में उदासीन ही रहे।



लोकसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं होता है, ऐसे में जितना सक्रिय मतदाताओं को होना चाहिए, उतना ही चुनाव लड़ने वाले को भी होना पड़ता है। मौसम की प्रतिकूलता के बाद घरों में पर्चियां नहीं पहुंच सकीं, लोगों ने सोच लिया कि पहले पर्ची के लिए बीएलओ से सिर खपाएं फिर वोट देने के लिए लाइन में लगें, इससे बेहतर है घर में बैठा जाए। एक पक्ष की जीत सुनिश्चित मान लोगों ने खुलकर वोट नहीं डाले, इसी कारण अपेक्षित मतदान नहीं हो सका।

– **डॉ . सुरेश चंद्र मिश्र**, पूर्व वैज्ञानिक एवं राजनीति विश्लेषक



चिलचिलाती धूप और गर्मी में वोट डालना चुनौतीपूर्ण था। मतदाताओं में किसी पार्टी के प्रति कोई चार्म नहीं रह गया है, इसीलिए लोगों में कम उत्साह दिखा। पहले जो माहौल चुनाव के दौरान दिखाई पड़ता था, वह इस बार कहीं नहीं दिखा। यही उदासीनता चारों ओर हर पार्टी में दिखाई पड़ी। यह माहौल ओवरआल था, किसी एक दल के प्रति नहीं, बल्कि हर जाति-धर्म के लोगों में दिखाई पड़ा। तभी वोट कम पड़े।

– **जसविंदर सिंह बजाज**, पूर्व अध्यक्ष सेंट्रल बार एसोसिएशन


मतदाता हार-जीत के प्रति पहले से स्वीकारोक्ति कर चुके थे। यह किसी एक जाति-धर्म वर्ग में नहीं था, बल्कि सभी दलों के समर्थकों की यही स्थिति रही। प्रत्याशियों ने पारंपरिक रूप से घर-घर वोट मांगने का काम नहीं किया और रोड शो को ही पर्याप्त मान लिया। लोगों ने मन बना लिया था कि कुछ भी करने-धरने की जरूरत नहीं है। किसी ने जीत पक्की मान ली थी तो किसी ने हार। प्रत्याशियों का कहीं अता-पता नहीं था, तो फिर प्रतिशत कैसे बढ़ता।

– **डॉ . रवि मोहन**, समाजसेवी



लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों और मतदाताओं में अत्यधिक संतुष्टि का बोध पनपना मतदान के प्रतिशत पर भारी पड़ा। इसमें हिंदू, मुस्लिम समेत अन्य मतदाता भी शामिल रहे। किसी ने पुनरीक्षित सूचियों को नहीं देखा। मृतकों के नाम थे, जीवित नाम ढूंढ रहे थे। बीएलओ की लापरवाही तब दिखी, जब लोगों को घरों में पर्चियां नहीं मिल सकीं। खास पार्टी की जीत सुनिश्चित मानकर लोग घर में ही बैठे टीवी का आनंद लेते रहे।

– **डॉ . अवनीश मिश्र**, शिक्षाविद





राजनीतिक दलों से लोगों का विश्वास उठता जा रहा है। लोगों ने भाजपा पर विश्वास जताया, लेकिन संतुष्टि नहीं मिल पाई। गठबंधन का प्रत्याशी बाहरी होने से लोग उसे जानते तक नहीं थे और चुनाव के दौरान भी कभी दिखाई नहीं पड़ा। राजनीति में दिनों दिन गिरावट आने से मतदाता भी उदासीन होता जा रहा है। ऐसे में लोगों ने वोट डालने के लिए घर से बाहर निकलना जरूरी नहीं समझा। रही-बची कसर मौसम ने पूरी कर दी।

– **गुलिस्तां खान**, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं साहित्यकार



मतदाताओं और प्रत्याशियों में उपजा अति आत्मविश्वास मतदान के प्रतिशत को प्रभावित करने के लिए काफी होता है, यही हुआ भी। मौसम तो प्रतिकूल था ही, प्रत्याशियों का मिजाज भी अनुकूल नहीं दिखा। जिस तरह से वोट मांगे जाते रहे, वह तौर-तरीका एक भी दिन नहीं दिखा। अब जनता जागरुक हो चुकी है, वह सब देख और समझ रही है। उसे बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता। एक दल ने पकड़ छोड़ दी, तो दूसरा अति आत्मविश्वास में डूबा रहा।

– **गुरप्रकाश सिंह होरा**, समाजसेवी

MAXLIFE
SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAMMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली

डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
नवजात शिशु एवं सिरीयस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप

डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist
IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ

डॉ. अरशद
M.B.B.S., M.S., (Fmas)
Laparoscopic Surgeon

डॉ. दीपक कुमार
M.B.B.S., M.S., MCH
न्यूरोसर्जन
दिमाग व रीढ़ की हड्डी के सर्जन

डॉ. फहद बिन हामिद
D. Ortho, DNB (Ortho)
Trauma, Joint Replacement
Arthoscopy & Sports Injury Specialist

डॉ. शरद खंडेलवाल
MBBS MS (Gen.Surgery)
Mch. (Plastic Surgery)
Cosmetic Hair Transplant.
Microvascular Reconstructive Surgeon

डॉ. मो. जावेद
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ

FACILITIES
- CATHLAB
- ICU
- CCU
- ANGIOPLASTY
- NICU
- ECHO TMT
- ANGIOGRAPHY
- HDU
- PACEMAKER
- DIALYSIS
- VENTILATOR

मॉड्यूलर ऑपरेशन
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
कैथ लैब

EMERGENCY 24 HOURS
Contact :
0581-2990926
0581-2990928

# गंदगी से उफना रही नालियां, सड़कों पर बह रहा घरों से निकला गंदा पानी

## रौतापुर के ग्रामीण बोले- कई माह से सफाई करने नहीं आए सफाईकर्मी

● नालियों में भरा कीचड़, पॉलीथिन और ठहरे पानी से उठ रही दुर्गंध


गांव के मंदिर के पास गंदगी से नाली चोक और उबड़-खाबड़ खड़ंजा।


गंदगी से बजबजाती नाली और साधन सहकारी समिति के पाससड़क पर फैला गंदा पानी।

### सफाई व्यवस्था धड़ाम

संवाददाता, खुटार


शौचालय की टूटी फर्श। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गांव रौतापुर कलां में सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है। आलम यह है कि गांव में नालियां पूरी तरह से गंदगी में तब्दील है और सड़कों पर गंदा पानी बह रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, कई माह बीतने के बावजूद सफाईकर्मी गांव में नहीं पहुंच रहे हैं। इससे नालियां गंदगी से उफना रही हैं। साथ ही कीचड़, पॉलीथिन और गंदा पानी ठहरा होने से दुर्गंध उठने लगी है। बावजूद इसके जिम्मेदार ध्यान देने की जहमत नहीं उठा रहे हैं। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ माह पहले गांव की गलियों में नालियां बनाई गई थी, जो अब कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। साथ ही सड़क के बराबर नालियों से पानी बह रहा है। कई स्थानों पर यह समस्या बनी हुई है। मंदिर के पास कीचड़ और गंदगी का ढेर है। लोगों को मंदिर जाने में दिक्कत होती है। नालियों में गंदगी पसरी है और पॉलीथिन, कूड़ा करकट जमा हो गया है। इसका गंदा पानी सड़कों पर बहता है। जिससे दुर्गंध आने लगी है और बीमारियों के बढ़ने की आशंका है। सफाईकर्मी के नहीं आने से यह इस समस्या से लोग जूझ रहे है। इस समस्या से जिम्मेदारों को अवगत कराया गया। लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। इससे गांव की नालियों में कीचड़ फैला है। जहां सफाई कराने की जहमत नहीं उठाई गई है। यही वजह से गंदगी का अंबार लगा हुआ है। गांव के लोगों ने अधिकारियों से गांव में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

### कई माह से शौचालय बंद, प्रधान और एडीओ बेखबर

गांव रौतापुर कलां में कई माह से सामुदायिक शौचालय बंद है। लेकिन प्रधान और एडीओ पंचायत का इधर जरा भी ध्यान नहीं है। सामुदायिक शौचालय में सीट, फर्श टूट गई हैं और सिंक, दरवाजे, मेन गेट टूट चुका है। जिससे गांव के लोग खेतों की ओर शौच जाने को मजबूर है। गांव के लोगों ने बताया कि शौचालय कई माह से बंद है और व्यवस्था चौपट हो गई है। केवल नाम का सामुदायिक शौचालय रहे गया है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

> चुनाव में ड्यूटी होने के कारण सफाई कर्मी सफाई करने गांव नहीं पहुंचे हैं। सफाई कर्मियों को भेज कर गांव की गंदगी, नाली आदि की सफाई व्यवस्था कराई जाएगी। शौचालय दिखवाया जाएगा। अगर शौचालय क्षतिग्रस्त है, तो व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी।
> – **नमित दीक्षित**, ब्लॉक प्रमुख, खुटार

# नगर निगम कार्यालय परिसर में रोपे पौधे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● मेरा आंगन मेरे हरियाली अभियान में स्टाफ ने किया प्रतिभाग

**अमृत विचार:** मेरा आंगन मेरे हरियाली अभियान के तहत शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर निगम के अधिकारियों ने स्टाफ के साथ 25 पौधे रोपित किए।

कार्यक्रम में उप नगर आयुक्त संगीता कुमारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, अधिशासी अभियंता आशीष त्रिवेदी, समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, आईटी एक्सपर्ट सैफ सिद्दीकी, नगर निगम के एनिमेटर्स आदि ने पौधारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र ने समस्त स्टाफ को अपने-अपने घरों में कम से कम एक पौधे का रोपण कर उसकी देखभाल करने का आह्वान किया।



पौधा रोपित करते नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र। ● अमृत विचार

### भाजपा पार्षद प्रदीप सक्सेना की पत्नी का निधन, जताया शोक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वार्ड 25 मोहल्ला मोहम्मद जई के भाजपा पार्षद प्रदीप सक्सेना की पत्नी दीप्ति सक्सेना का गुरुवार रात बीमारी के चलते निधन हो गया। वह लगभग 40 वर्ष की थीं और पिछले कई महीनों से कैंसर से पीड़ित चल रही थीं। शुक्रवार को गर्रा मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। निधन का समाचार जानने के बाद बड़ी संख्या में लोग उनके मोहम्मदजई स्थित आवास पर पहुंचने शुरू हो गए। अंतिम यात्रा में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से दिवाकर मिश्रा, पुनीत मिश्रा, कुणाल अग्रवाल, अनुज खन्ना, अंकित सक्सेना, बलराम शर्मा, महेश सक्सेना, मनोज मंजुल, पार्षद धीरेंद्र कुमार, जवाहर सिंह, शिवाजी गुप्ता, अभिनय गुप्ता, सुरेंद्र सिंह सेठ, सचिन बाथम, शैलेंद्र पांडेय, अवनीश गुप्ता समेत कई लोग शामिल हुए।


दीप्ति सक्सेना।

# शिव मंदिर में लायंस शक्ति ने लगवाया वॉटर कूलर


लकड़ी मंडी में वॉटर कूलर का उद्घाटन करते तेजेंद्रपाल सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** लायंस क्लब शक्ति ने चिलचिलाती धूप और गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए लकड़ी मंडी बहादुरगंज में शिव मंदिर के समीप वॉटर कूलर लगवाकर पुण्य का काम किया।

वॉटर कूलर लग जाने से लोग ठंडे पानी का आनंद ले सकेंगे। वॉटर कूलर का उद्घाटन शुक्रवार को मंडलाधीश तेजेंद्र पाल सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मंदीप कौर, जोन चेयरपर्सन अनुप्रिया रेवती, अमनदीप कौर बग्गा, शुभांगी गुप्ता, करिश्मा टंडन, हरप्रीत कौर, गुरमीत कौर, ललिता यादव, रेखा पाठक, कंचन अरोरा, सपना सिंघल, अनुभा आदि मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
Ph.: 9359110376
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। | आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. आशीष सक्सेना
MBBS, MS, FIAGES, FELS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
मो. 9045849322
उपलब्ध सुविधायें ● दूरबीन द्वारा पित्त की पथरी का ऑपरेशन ● हर्निया का ऑपरेशन ● अपेंडिक्स का ऑपरेशन ● पित्त की नली की पथरी ● बवासीर, भगन्दर, फिशर ● हाईड्रोसील ● स्तन की गांठ का ऑपरेशन ● पैर की नसों का फूलना (Varicose Veins) ● पाइलोनाइडल साइनस ● इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
यश सर्जिकेयर क्लीनिक
प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली-243122

### एनसीसी कैडेट्स को दी रंगारंग विदाई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के सीनियर एनसीसी कैडेट्स को शुक्रवार को विदाई दी गई। प्राचार्य प्रोफेसर आरके आजाद ने कैडेट्स का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि यह गौरव की बात है कि कॉलेज के कैडेट्स को राज्यपाल जैसी बड़ी हस्ती को गार्ड ऑफ ऑनर देने का अवसर मिला। उन्होंने आह्वान किया कि वह राष्ट्रसेवा के लिए हर समय तत्पर रहें। डॉ. प्रतिभा सक्सेना के निर्देशन में कनक अवस्थी, आकांक्षा तिवारी, प्रियांशी, रोशनी, गंगा, अंशिका, संजय, आशुतोष और कैडेट राघवेंद्र आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, गजल आदि प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। दीर्घा और अभय के संचालन में चले कार्यक्रम में अंडर ऑफिसर अंशुमान को मिस्टर फेयरवेल और कैडेट प्रिया को मिस फेयरवेल का खिताब मिला। अनमोल वर्मा और आकांक्षा तिवारी को बैस्ट कैडेड, संध्या यादव और गोपाल को बेस्ट ड्रिल के लिए पुरस्कृत किया गया।

# प्रथम पुण्य तिथि पर याद किए गए राजाराम मिश्र

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● ब्राह्मण समाज के संस्थापक राजाराम मिश्र को अर्पित की भावपूर्ण श्रद्धांजलि



परशुराम धाम में ब्राह्मण समाज के संस्थापक राजाराम मिश्र को पुष्पांजलि अर्पित करते प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विजय पाठक समेत अन्य विशिष्टजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** ब्राह्मण समाज के संस्थापक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित राजाराम मिश्र की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर समाज में उनके योगदान को याद किया।

परशुराम धाम में शुक्रवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में ब्राह्मण समाज के सरंक्षक केशव चंद्र मिश्र ने कहा कि आज बाबू हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके आदर्श हमको अनवरत समाजसेवा की प्रेरणा देते रहेंगे। हमारा दायित्व है कि उनके तय किए गए मूल्यों के अनुसार समाज की प्रगति के लिए कार्य करें। संरक्षक डॉ. सत्य प्रकाश मिश्र ने कहा कि बाबू जी ने जिस दृढ़ संकल्प के साथ ब्राह्मण समाज की स्थापना कर सभी को एक सूत्र में पिरोने का काम किया, वह वंदनीय है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विजय पाठक ने कहा कि बाबू सभी को स्नेह करने वाले व्यक्ति थे, उन्होंने हमेशा श्रेष्ठ सिद्धांतों पर चलना सिखाया। जिलाध्यक्ष डॉ. संजय पाठक ने कहा कि बाबू जी का जीवन त्याग से भरा रहा, उन्होंने हमेशा परान्तः सुखाए की भावना से कार्य किया। जिला उपाध्यक्ष राकेश पांडेय ने कहा कि पंडित जी हम सबके मार्गदर्शक थे, उनकी कमी हम सबको हमेशा खलती रहेगी।

इस अवसर पर पंडित राजाराम मिश्रा के अधिवक्ता पुत्र रवि मिश्र, सत्यदेव द्विवेदी, प्रताप नारायण अवस्थी, अशोक मिश्र आदि ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष आरेंद्र मिश्र, युवा अध्यक्ष निर्विकल्प द्विवेदी, रवि मिश्र बंटू, अजय मिश्र, मनोज पांडेय, मुन्ना लाल मिश्र आदि मौजूद रहे।

## गोशाला में अव्यवस्थाओं को लेकर विहिप का तहसील में प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन


तहसीलदार जयप्रकाश यादव को ज्ञापन सौंपते विहिप कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**तिलहर।** विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने गोशाला की खराब व्यवस्था को लेकर तहसील परिसर में जमकर प्रदर्शन किया और तहसीलदार जयप्रकाश यादव को ज्ञापन सौंप कर व्यवस्था में जल्द से जल्द सुधार करने की मांग की। शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के नगर संयोजक अभिषेक जैन के नेतृत्व में तहसील परिसर में तमाम पदाधिकारी एकत्रित हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि खुदागंज में स्थित गोशाला की स्थिति बहुत ही खराब है। गोवंश मरने के कगार पर हैं। गोवंश को सड़ा हुआ भूसा दिया जा रहा है। हरे चारे की व्यवस्था नहीं की गई है। गंदगी के अंबार लगे हुए हैं जिसमें गोवंश को कई तरह की बीमारियां हो रही हैं और गोवंश मर रहे हैं। पदाधिकारी ने कहा कि व्यवस्था तत्काल सही नहीं कराई जाएगी तो वह लोग गोशाला परिसर में ही धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान सहमंत्री पप्पू शर्मा, विनोद सिंह, गुरपाल सिंह, राजीव कश्यप, मोहित सिंह आदि मौजूद रहे।

# हद्दफ चौकी-ईदगाह इकाई का गठन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल मालाएं पहनाकर साथी व्यापारियों ने किया स्वागत

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की हद्दफ चौकी- ईदगाह इकाई का शुक्रवार को गठन किया गया।

महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम और युवा ज़िला अध्यक्ष उवैस हसन खां की देखरेख में गठित इकाई में डॉ. शब्बन अली को अध्यक्ष, मोहम्मद आसिफ को महामंत्री, मोहम्मद सोहेल, मोहम्मद तनवीर, चांद को उपाध्यक्ष, मोहम्मद जुबेर, अशरफ, जुहेब, वहाबुद्दीन, मोहम्मद अल्तमश, मोहम्मद अली, मोहम्मद हाशिम, फहीम को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। मौलाना सलीम को इकाई का संरक्षक बनाया गया।

इस मौके पर साथी व्यापारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। रेहान मिर्जा, आकाशदीप, इकबाल खां लकी, महेंद्र दुबे, अर्चित सक्सेना, नेहाल खां, यासिर हुसैन, मोहम्मद नासिर आदि व्यापारी मौजूद रहे।


नेताओं का स्वागत करते महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम व जिलाध्यक्ष उवैस हसन खां।

## मां-बेटे को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** कटरा थाना के गांव भमौरी निवासी सुनहरी ने बताया कि गांव के बबलू से पुरानी रंजिश चल रही है। 10 मई की शाम पांच बजे वह घर पर अकेले थी। आरोपी बबलू व राजीव उसके दरवाजे पर आए और गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला तथा उसके बेटे शिवम को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने बबलू व राजीव के खिलाफ मारपीट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# साइकिल मिलीं तो खिल उठे बच्चों के चेहरे

संवाददाता, जलालाबाद

● संविलियन विद्यालय सिकंदरपुर अफगानान के मेधावी हुए लाभांवित


साइकिल के साथ विद्यार्थी व शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** संविलियन विद्यालय सिकंदरपुर अफगानान में शुक्रवार को इस वर्ष विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण मेधावियों को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि खंड शिक्षाधिकारी कु. शाहीन अंसारी ने की।

उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से की। विद्यालय के विद्यार्थियों अलशिफा, किरन, प्रसिद्धि, कल्पना ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य मोहम्मद जुबैर खां ने विद्यालय का कार्य वृत्त प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह वितरण विद्यालय के आपसी सहयोग से हो रहा है। माधव शुक्ला द्वारा अतिथियों को अवगत कराया कि इस वर्ष राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृति परीक्षा में 7, विद्या ज्ञान परीक्षा में 1, नवोदय में 2 व अटल आवासीय में 2 बच्चे उत्तीर्ण हुए। इन सभी बच्चों को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एआरपी मदन गोपाल कटियार ने सभी उत्तीर्ण बच्चों को शुभकामनाएं दी।

विशिष्ट अतिथि विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षा ही केवल मनुष्य का भविष्य बदल सकती है।

# खून के आंसू



हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार
रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306


# विसरा से खुला राज, जहर देकर की गई थी दानिश की हत्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- परिजनों ने नौ महीने बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने पर आईजी व एसपी को पत्र भेजा

**अमृत विचारः** मीरानपुर थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर खैरपुर निवासी दानिश हुसैन की जहर देकर हत्या की गई थी। विसरा रिपोर्ट से इस बात का खुलासा हुआ है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। पीड़ित परिवार ने आरोपियों की नौ महीने बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने पर आईजी व एसपी को पत्र भेजा है।

पांच अगस्त 2023 को दानिश हुसैन को रंजिशन कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ दिया गया था। बरेली में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने भाई तालिब की तहरीर पर ग्राम मिल्कीपुर खैरपुर के पूर्व प्रधान ताहिर कुरैशी, शफायत उल्ला मंसूरी, फिरासत, रियासत व रोजा थाना क्षेत्र के गांव हथौड़ा निवासी रफी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर विसरा सुरक्षित रखा गया था। विसरा रिपोर्ट मिल गई है। इसमें दानिश की मौत जहर से होने की पुष्टि हुई। इसके बावजूद पुलिस ने अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। मृतक के भाई तालिब हुसैन, पत्नी राबिया बेगम ने आईजी जोन व एसपी को प्रार्थना पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। सीओ तिलहर प्रयांक जैन ने बताया कि दानिश की मौत जहर से हुई है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## राष्ट्रीय हाइपरटेंशन दिवस पर विशेषः उम्र नहीं देख रही बीमारी, रखें अपना ख्याल

# ब्लड प्रेशर के मरीज न लें मानसिक तनाव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



- नियमित योग-व्यायाम करें पर्याप्त नींद लें, पौष्टिक भोजन लें

**अमृत विचारः** 17 मई को विश्व हाइपरटेंशन या उच्च रक्त दिवस मनाया जाता है। रक्तचाप को नियंत्रित रखे। हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से सभी उम्र के लोग जूझ रहे है। इसका कारण नींद पूरी न होना है। कई बार हाई बीपी वजह बन जाती है। ऐसे में हार्ट अटैक तथा दिल की दूसरी बीमारियों का खतरा बन जाता है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में रोजाना तीन दर्जन से अधिक मरीज हाइपरटेंशन या उच्च रक्तचाप के आते है। जंक फूड व सोडियम की अधिक मात्रा ब्लड प्रेशर की वजह बनती है। इसके कंट्रोल करने के लिए केवल हेल्दी लाइफ स्टाइल ही एक मात्र उपाय है। हाई ब्लड प्रेशर की वजह से कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ब्लड प्रेशर बढ़ने के पीछे कारण है कि नींद पूरी न होना, अधिक चिंता और अधिक सोचना है।

एक व्यक्ति को रात में कम से कम पांच घंटे जरूरी सोना है। नींद पूरी न होने से ब्रेन स्ट्रोक डायबिटीज बढ़ना तथा शरीर में कमजोरी होना है। ऐसे में लोगों को पर्याप्त मात्रा में नींद लेनी चाहिए। अधिक नींद लेने पर ब्लड प्रेशर की समस्या नहीं होगी। यदि किसी का ब्लड प्रेशर बढ़ गया तो उसे शांत रहने की जरूरत है और गहरी सांस लेना चाहिए। मेडिकल कालेज डॉक्टर के फिजिशियन डॉ. एमएल अग्रवाल का कहना है कि ब्लड प्रेशर अधिकांश वृद्धों को होता था। लेकिन अब यह बीमारी कम उम्र के लोगों को भी हो रही है। इसके लिए जरूरी है कि अधिक चिंता न करें, पर्याप्त मात्रा में नींद ले, मानसिक तनाव न ले।

**क्या करना चाहिए, किससे बचे**

कई बार डिहाइड्रेशन के कारण ब्लड प्रेशर हाई हो जाता है। ऐसे में एक गिलास पानी पिए, वाक करें, हल्का सा शरीर में स्ट्रेच करें, ब्लड प्रेशर के मरीजों को रोजाना व्यायाम करना चाहिए और टहलना चाहिए। ब्लड प्रेशर के मरीज को थकान महसूस होना, सांस तेज आना, चक्कर आना, कमजोरी महसूस होना, आंखों में अंधेरा छाना, दिल की धड़कन बढ़ना आदि है। तंबाकू उत्पादों, व शराब के सेवन से बचे।

ब्लड प्रेशर के मरीज को कई सावधानी बरतने की जरूरत है। तेल तथा नमक का सेवन कम करना चाहिए, कोई नशा न करें, वजन को नियंत्रित करें। रक्तचाप अपने आप में बहुत सारी बीमारियों को जन्म दे सकता है।

**-डॉ आरके गौतम**, सीएमओ

# झुके खंभों पर झूलते तारों से खतरा

## महानगर के सबसे व्यस्ततम बहादुरगंज बाजार में हालत खराब

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** शहर में बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा लोगों को कभी भी भुगतना पड़ सकता है। बहादुरगंज में लोहे का ऐंगिल एक तरफ झुका है, जिसे अभी तक सही नहीं कराया गया। इसी खिरनी बाग में खंभे तिरछे हैं, जिन्हें सही नहीं कराया गया है। महानगर का सबसे व्यस्ततम बहादुरगंज का बाजार है।

यहां पर सोने-चांदी की दुकानों के साथ ही कपड़े की दुकानें और भी कई शोरूम हैं। इस वजह से यहां पर हर वक्त लोगों की भीड़ लगी रहती है। इसी बहादुरगंज में वर्षो पहले बिछाई गई बिजली लाइन का जाल बन चुका है और खंभों पर ऐंगिल लगाकर तारों को इधर-उधर खींचा गया है। यही ऐंगिल अब तिरछे हो गए हैं। जिन खंभों से इन ऐंगिल को कसा गया है,वह खंभे भी नीचे से गल गए हैं और इन्हीं वेल्डिंग करके चलाया जा रहा है। किसी अधिकारी की इन टूटे खंभों पर नजर न पड़े, इसलिए इनको पन्नी से ढक दिया गया है। भीषण गर्मी में बिजली का लोड बढ़ने पर तारों में स्पार्किंग भी होती रहती है, जिससे लोगों को खतरा बना रहता है। महानगर में जर्जर लाइन बदलने के लिए बंच लाइनें डाली गईं, कुछ स्थानों पर गले हुए खंभे भी बदले गए लेकिन बहादुरगंज में बिजली अधिकारियों द्वारा अनदेखी की जा रही है। यहां के दुकानदारों ने बताया कि ऐंगिल तिरछा हुए कई वर्ष बीत गए शिकायत किए जाने पर भी इनको बदला नहीं गया, शुक्र है कि अब तक कोई बड़ी घटना नहीं हुई। इसी तरह से खिरनी बाग में रामलीला मैदान के पश्चिमी छोर पर लगे बिजली के खंभे तिरछे हो गए हैं नीचे से गल गए हैं।



बहादुरगंज में तिरछा बिजली का ऐंगिल। ● अमृत विचार

**जर्जर लाइन बदली, पर खंभे नहीं**

पुवायां में निगोही रोड पर राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार के मकान को जानी वाली गली के पास खंभा गल कर तिरछा हो चुका है और एसडीएम व सीओ आवास की ओर जाने वाली सड़क किनारे खंभों को भी बेल्डिंग के जरिये चलाया जा रहा है,यहां भी जर्जर लाइनों को बदला गया लेकिन खंभे नहीं बदले गए।

- खिरनी बाग में तिरछे हो गए हैं बिजली के खंभे



खिरनी बाग में तिरछे खंभे जो नीचे से गल गए।

ज्यादातर स्थानों पर जर्जर लाइनों को बदलने का काम हुआ है, जिन स्थानों पर ऐंगिल या खंभे तिरछे हैं, उन्हें सही कराया जाएगा। **जेपी वर्मा, अधीक्षण अभियंता,** विद्युत विभाग

# मंजीत की मौत में पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- विधवा मां ने मुख्यमंत्री और अधिकारियों को भेजा पत्र

**अमृत विचारः** लाड़पुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में जली महिला की मौत के मामले में पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पुलिस ने तहरीर लेकर रख ली। अब रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पीड़िता ने मुख्यमंत्री तथा अधिकारियों को प्रार्थनापत्र भेजा है।

पुवायां थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर खुर्द निवासी विधवा सुखविंदर कौर ने मुख्यमंत्री तथा पुलिस के अधिकारियों को भेजे गए पत्र में बताया कि उसने अपनी पुत्री मंजीत कौर की शादी दस साल पहले प्रीतम सिंह निवासी लाड़पुर थाना कांट के साथ की थी। ससुराल वाले दहेज को लेकर उसकी पुत्री को प्रताड़ित किया करते थे। विधवा का आरोप है कि 23 मार्च को ससुराल वालों ने उसकी पुत्री के ऊपर डीजल डालकर आग लगा दी थी। प्रीतम सिंह शराब पीकर उसकी बेटी को आए दिन मारा पीटा करता था। उसकी बेटी की चीख सुनकर पड़ोसी ने आग को बुझाया था। ससुराल वालों ने उसकी जली बेटी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। ससुराल वाले यहां से रेफर कराने के बाद प्राइवेट अस्पताल में ले गए। ससुराल वालों द्वारा की गई इलाज में लापरवाही से उसकी पुत्री की 13 मई की मौत हो गई। वह परिवार वालों के साथ बेटी की ससुराल पहुंची और पुलिस को सूचना दी।

आरोप है कि ससुराल वालों ने मृतका के मायके वालों से मारपीट की। उसकी बेटी के शव को जबरन उठाकर श्मशान घाट पर ले गए। उसकी चिता को जलाने लगे। पुलिस ने आग बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पीड़िता ने बताया कि कांट थाने पर तहरीर दी और पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पुलिस ने तहरीर लेकर रख ली। पीड़िता ने मांग की है कि रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाए।

## रोलर की चपेट में आकर मजदूर की मौत

शाहजहांपुर। कांट रोड पर पेपर मिल में काम करते समय एक मजदूर की रोलर की चपेट में आकर मौत हो गई। कांट क्षेत्र में स्थित पेपर मिल में कुशीनगर जिले के गांव अजीबी बाजार निवासी धनंजय(32) मजदूर था। शुक्रवार की शाम वह मिल में काम कर रहा था। अचानक रोलर की चपेट में आकर घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी दयाशंकर सिंह ने बताया कि शव को के लिए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया मृतक के परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है।


सुपर स्पेशलिटी विभाग
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
शाहजहाँपुर में एक मात्र संस्थान जहाँ एक ही छत के नीचे सारे समाधान
अस्पताल में उपलब्ध सुपर स्पेशलिटी विभाग
यूरो सर्जरी विभाग
न्यूरो सर्जरी विभाग
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
प्लास्टिक सर्जरी विभाग
OPD का समय- प्रातः 9:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹ ~~1000~~ ₹ 200
24 घंटे उपलब्ध सुविधायें I.C.U., M.R.I., CT-Scan की सुविधा उपलब्ध
दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
• पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
• ई.सी.एच.एस. कार्डधारकों के लिये कैशलेस इलाज की सुविधा।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989


# मई भर सता सकती है गर्मी, बढेगा तापमान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिले में शुक्रवार को 42 डिग्री पहुंचा तापमान
- 25 को 47 डिग्री तापमान पहुंचने का अनुमान

**अमृत विचारः** मई भर भीषण गर्मी सता सकती है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। अभी इसमें और इजाफा होने का अनुमान है। 25 को अधिकतम तापमान 47 डिग्री तक पहुंच सकता है। शुक्रवार को हीट वेब ने जिले को अपने आगोश में ले लिया। अनुमान है कि 17 से 31 मई तक के हालात बेहद खराब हो सकते हैं।

दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक गर्म हवा के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो सकता है। अधिकतम तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री पार होने की संभावना है। बताया गया कि गर्म हवा के झोंके इतना परेशान करेंगे कि ऐसा लग सकता है कि कोई गर्म भांप चेहरे पर फेंक रहा हो। ऐसे में विशेषज्ञों ने कहा कि जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलें। गर्मी से बचने के लिए अगर बाहर जाना जरूरी है कि गमछा, ठंडे पानी, कैप का इंतजाम जरूर करें। शाहजहांपुर स्थित गन्ना शोध परिषद के मौसम विभाग के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. मनमोहन सिंह ने बताया कि गुरुवार को शाहजहांपुर का अधिकतम तापमान 41 और न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री रिकार्ड किया गया है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार से आसमान से आग बरसने लगी है। सुबह से ही तेज गर्मी होने और दोपहर में अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री के बीच तक चढ़ने की संभावना है।



गर्मी से बचने को चेहरे पर गमछा लपेट कर जाता बाइक सवार। ● अमृत विचार

## बैलगाड़ी से भिड़ंत में युवक घायल

**खुदागंज, अमृत विचारः** ससुराल में वैवाहिक कार्यक्रम की दावत खाकर लौट रहे युवक की बाइक बैलगाड़ी से टकरा गई। जिससे बाइक सवार घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल भेजा गया है।

जलालाबाद निवासी मोहम्मद जावेद पुत्र प्यारे खां की ससुराल चमरू गौटिया में वैवाहिक कार्यक्रम की दावत थी। जावेद दावत खाकर शुक्रवार रात करीब नौ बजे अकेले बाइक से घर के लिए लौट रहा था। कटरा-खुदागंज मार्ग पर गांव अकबरपुर के निकट बाइक की बैलगाड़ी से टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह मौके पर पहुंचे और घायल को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। जानकारी मिलने पर घायल के ससुराल वाले भी अस्पताल पहुंच गए और युवक की शिनाख्त जावेद के रूप में की। घायल युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# बेटी की हत्या में पिता व भाई का चालान, जेल भेजा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- घटना में प्रयुक्त दुपट्टा बरामद गला दबाकर की थी हत्या

**अमृत विचारः** निगोही क्षेत्र में बेटी की गला दबाकर हत्या कर देने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किए पिता तथा भाई का चालान कर दिया। पूछताछ के दौरान पिता व पुत्र ने बताया कि दुपट्टे से गला दबाकर हत्या की थी। पुलिस ने घटना मे प्रयुक्त दुपट्टा बरामद किया है। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया।

गांव जिंदपुरा पश्चिम यूकेलिप्टस के जंगल में 11 मई को सड़ी-गली अवस्था में अर्धनग्न युवती का शव मिला था। आठ मई को पिता ने अपनी 23 वर्षीय पुत्री की गुमशुदगी दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री सात मई से लापता है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवती की गला दबाकर हत्या की गई थी। मृतका के पिता ने जिंदपुरा निवासी सात लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी। उसका आरोप था कि रंजिश के तहत उसकी पुत्री का अपहरण करके हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। एसपी अशोक कुमार मीणा ने सीओ सदर अमित चौरसिया को जांच दी थी। एसओजी, सर्विलांस टीम तथा प्रभारी निरीक्षक को खुलासे के लिए लगाया गया था। सीओ सदर अमित चौरसिया ने बताया कि साक्ष्यों के आधार पर युवती के पिता तथा भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। दोनों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि दुपट्टे से उसकी गला दबाकर हत्या की थी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दुपट्टा बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों का चालान कर दिया। टीम में निगोही प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार, उप निरीक्षक रामायण सिंह, मनोज कुमार, आदित्य कनौजिया, गौरव कुमार आदि थे।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त
ताकत व रुकावट
प्राप्त करें
शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
बवासीर, शुगर व निःसंतान
रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीध्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीध्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल–7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी–16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध
YouTube पर Search करें
गोल्ड मेडैलिस्ट
डा.शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड
Complex Fistula (जटिल भगन्दर)
पाइल्स तथा एनल फिसर एवं
Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा
पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर
स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ
व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर,
ऐनल फिसर रेक्टल
पालिप, पाइलोनिडल
साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर
निकलना मल द्वार के आस
पास बार-बार फोड़ा बनना
एवं फूटना, बार-बार मल
त्याग करना, मल द्वार में दर्द
एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से
सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी,
बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)


धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता
के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

# आइसक्रीम के गोदाम में भड़की आग, 35 लाख का नुकसान

## पूरनपुर के ढका जमीमा की घटना

संवाददाता, पूरनपुर


आग में जली गोदाम में रखी ठेलियां।

- साढ़े चार लाख की आइसक्रीम 24 फ्रीजर, 18 ठेली और दो बाइक भी जलीं , बमुश्किल पाया काबू

**अमृत विचारः** नगर में एक आइसक्रीम के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग की लपटें उठते देख आसपास के लोग जमा हुए। जानकारी पर व्यापारी भी मौके पर पहुंच गया। जिसके बाद एकजुट होकर बमुश्किल लोगों ने आग बुझाई। हालांकि कुछ देर बाद दमकल की टीम भी पहुंच गई। इस आगजनी की घटना में व्यापारी ने करीब 35 लाख रुपये का नुकसान होना बताया है। एसडीएम कार्यालय में सूचना देकर मुआवजे की मांग की गई है।

नगर के मोहल्ला ढका जमीमा के रहने वाले इस्लाम हुसैन के पास आइसक्रीम की एजेंसी है। उसका मकान के पास ही गोदाम बना रखा है। रोज की तरह गुरुवार देर शाम गोदाम में आइसक्रीम की ठेली चार्जिंग पर लगाकर वह घर चले गए। देर रात किसी वक्त अचानक गोदाम में आग लग गई। भीतर ही भीतर आग बढ़ती गई और वहां रखे सामान को चपेट में ले लिया। जब आग की तेज लपटें उठना शुरू हुई ते लोग जमा हो गए। आईसीक्री व्यापारी भी मौके पर पहुंच गया। एकजुट होकर आग बुझाने का सभी ने प्रयास शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई। बमुश्किल आग पर काबू किया जा सका। हादसे में साढ़े चार लाख रुपए की तीन गाड़ी आइसक्रीम, 24 बड़े फ्रीजर, 18 ठेली मय फ्रीजर, फर्नीचर, टिनशेड, स्टेबलाइजर, दो बाइक समेत 35 लाख रुपये का सामान जल गया। आग लगभग बुझाई जा चुकी थी, फिर दमकल टीम भी पहुंच गई। उसने पानी डालकर आग को पूरी तरह बुझाया और हादसे के बारे में पड़ताल की।

> रात के वक्त आइसक्रीम के गोदाम में आग लग गई थी। सूचना मिलने पर मौके पर गए थे। गोदाम में बिजली का तार टूटा पड़ा था। इससे शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका व्यक्त की जा रही है। मामले की जांच चल रही है।
>
> – **संजीव कुमार शुक्ला**, कोतवाल पूरनपुर

# बदायूं में दो और युवकों ने प्रत्याशियों की हार-जीत पर लगा ली शर्त

बदायूं कार्यालय


दोनों युवकों के बीच हार जीत को लेकर हुआ अनुबंध।

**अमृत विचार :** आसपास के जिलों के लोगों की नजर भी बदायूं लोकसभा सीट पर लगी है। भाजपा और सपा प्रत्याशी की हार जीत पर शर्तें लग रही हैं। वकीलों और दो युवकों के बाद संभल के दो युवकों ने भाजपा-सपा के उम्मीदवार की जीत-हार पर डेढ़ लाख रुपये की शर्त लगाई है। दोनों के बीच दस रुपये के स्टांप पर अनुबंध किया गया है। अनुबंध पत्र शुक्रवार को वायरल हुआ है। अब तक छह लोगों में 5 लाख 80 हजार रुपये की शर्त लग चुकी है।

संभल के थाना गुन्नौर क्षेत्र के गांव पतेई निवासी संजय लम्बरदार पुत्र मुकेश कुमार और गांव डूडाबाग निवासी ओमप्रकाश पुत्र झंडू के बीच भाजपा और सपा प्रत्याशी की हार जीत पर शर्त लगी है। अनुबंध के अनुसार अगर भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य विजयी होते हैं तो दूसरे पक्ष के ओमप्रकाश उन्हें शर्त के रुपये देंगे। अगर सपा प्रत्याशी आदित्य यादव जीतते हैं तो संजय लम्बरदार, ओमप्रकाश को शर्त की धनराशि देंगे। दोनों पक्ष की सहमति ने उन्होंने अपने दो परिचितों के पास 50-50 हजार रुपये जमा कराए हैं। दोनों पक्ष से कौशेंद्र और रजनेश गवाह बने हैं। बहरहाल संभल के एसपी के आदेश पर इन दोनों लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले चार मई को बदायूं के दो वकील दिवाकर वर्मा और सत्येंद्र पाल के बीच दो लाख रुपये और संभल निवासी दो युवकों के बीच 2.3 लाख रुपये की शर्त लग चुकी है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज



डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढीलापन उत्तेजना के बाद ढीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।
नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

## फाउंडेशन ने इलाज-पढ़ाई का लिया जिम्मा, बुजुर्ग बाबा-दादी की खुशी का ठिकाना नहीं

# दिव्यांग लवली को मिला अदाणी फाउंडेशन का सहारा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** आठ साल की दिव्यांग लवली को अदाणी फाउंडेशन का सहारा मिल गया है। फाउंडेशन न सिर्फ लवली का इलाज कराएगा, बल्कि उसकी पढ़ाई की जिम्मेदारी ली है। इससे लवली बेहद खुश है और वह कहती है कि अब वह ठीक होकर अन्य बच्चों की तरह खेलने लगेगी।

गोला गोकर्णनाथ तहसील के दूरदराज के गांव कंधरापुर की मासूम लवली की कहानी बेहद दर्द भरी है। वह महज सात महीने की थी, तभी उसकी मां किस्मती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। पिता धर्मवीर कुछ महीने बाद ही दूसरी शादी कर घर से अलग रहने लगा। लवली को उसके 65 वर्षीय बाबा ओमप्रकाश सिंह और दादी उर्मिला ने पाला पोसा, लेकिन वह कभी अपने पैरों पर ठीक से नहीं खड़ी हो पाई। लवली का जन्म से ही बायां हाथ और पैर टेढ़ा है, जिसके चलते उसे चलने-फिरने में परेशानी होती है।



बाबा और दादी के साथ दिव्यांग लवली।




गौतम अडाणी का ट्विट।

लवली के बाबा-दादी ने उसका काफी इलाज कराया, लेकिन वह ठीक नहीं हो सकी। लवली गांव के सरकारी स्कूल में पांचवी कक्षा की छात्रा है और पढ़ाई में खूब मन लगाती है। बाबा ओमप्रकाश सिंह कहते हैं उनकी मंशा पोती को पढ़ा लिखाकर बड़ा अफसर बनाने की है। इधर, फेसबुक पर लवली की दिव्यांगता का एक वीडियो और उसकी मार्मिक कहानी वायरल हुई। जिसे देख उद्योग जगत की शख्सियत गौतम अदाणी भी द्रवित हो गए। उन्होंने लवली के इलाज और पढ़ाई का जिम्मा लेने की ठान ली। अदाणी फाउंडेशन के अधिकारी गांव आकर उसके बाबा-दादी से मिले और उन्हें जानकारी दी। लवली के बाबा-दादी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

**जांच और चेकअप के लिए लखनऊ रवाना:** अदाणी फाउंडेशन की टीम लवली और उसके बाबा-दादी को शुक्रवार को लखनऊ लेकर रवाना हो गई। बाबा ओमप्रकाश सिंह ने मोबाइल पर अमृत विचार को बताया कि वह लखनऊ जा रहे हैं, जहां लवली की जांच और चेकअप के साथ ही इलाज शुरू हो जाएगा।

### भगवान ने सुन ली दिल की आवाज, सब अच्छा होगा

ओमप्रकाश सिंह कहते हैं कि वह पोती को देख देखकर रोते थे। वह बच्चों के साथ स्कूल जाती तो उनके जैसा नहीं चल पाती थी। भगवान से यही प्रार्थना करता था कि मेरी लवली ठीक हो जाए। अब दिल की आवाज भगवान ने सुन ली है। उसकी मदद के लिए फरिश्ता आ गया है। अब लवली भी अन्य बच्चों के साथ दौड़-भाग कर सकेगी। खेलेगी और कूदेगी। वह एक दिन अफसर बनकर आएगी। लवली की दादी भी बहुत खुश हैं।

### गौतम अडाणी ने ट्विट कर कहा- बेटी का बचपन यूं छिन जाना दुखद

गौतम अदाणी ने एक्स पर कहा, "एक बेटी का बचपन यूं छिन जाना दुखद है! छोटी-सी उम्र में लवली और उसके दादा-दादी का संघर्ष बताता है कि एक आम भारतीय परिवार कभी हार नहीं मानता। अदाणी फाउंडेशन यह सुनिश्चित करेगा की लवली को बेहतर इलाज मिले और वो भी बाकी बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ सके। हम सब लवली के साथ हैं।

## मुसलमानों के वोट तो चाहिए लेकिन आवाज उठाने को कोई तैयार नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए दाखिल अर्जी खारिज होने के बाद मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियों ने मुसलमानों से दूरी बना ली है। तथाकथित धर्मनिरपेक्ष दलों को मुसलमानों के वोट तो चाहिए लेकिन उनकी आवाज उठाने को कोई तैयार नहीं।

आईएमसी प्रमुख हमेशा समाज के दबे कुचले वर्ग के साथ मुसलमानों के हक की आवाज उठाते रहे हैं।

कुछ राजनीतिक दलों और नेताओं ने आपसी जुगलबंदी से आईएमसी प्रमुख को जेल भिजवाने की कोशिश कर मुसलमानों की आवाज को दबाने के लगातार प्रयास किए हैं। बरेली में उनके खिलाफ मुकदमा लिखाने के लिए दाखिल अर्जी भी उसी साजिश का हिस्सा थी। जैसा पिछले दिनों पुराने मामले में फंसा कर साजिश रची गई। जिसमें सुप्रीम कोर्ट से इंसाफ मिला और अब जिला कोर्ट में अर्जी खारिज होने से साफ हो गया कि कानून के आगे साजिशें असफल हुईं।

## प्रेमविवाह के 15 दिन बाद दहेज के लिए पत्नी को पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमविवाह के 15 दिन बाद ही रिश्ता टूटने के कगार पर पहुंच गया। युवती ने पति पर दहेज के लिए मारपीट करने और जबरदस्ती जहरीली दवा खिला देने का आरोप लगाया। युवती ने सुभाषनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्रियंका यादव ने बताया कि शाहजहांपुर निवासी शुभम यादव से उसने जनवरी में प्रेमविवाह किया था। शादी के 15 दिन बाद शुभम दहेज मांगने लगा। शुभम अक्सर शराब पीकर मारपीट करता है और विरोध पर जान से मारने की धमकी देता है। सुभाषनगर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति शुभम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# जागरूकता से जीती मंडल के 69 गांवों में टीबी से जंग

## आरपीटीएमयू की रिपोर्ट के अनुसार अब इन गांवों में नहीं कोई रोगी

अंकित चौहान, बरेली

**अमृत विचार :** समय पर दवा लेने और इलाज के प्रति गंभीर रहने के कारण मंडल के 69 गांवों में टीबी रोगी स्वस्थ हो चुके हैं। रिजनल टीबी प्रोग्रेमेटिक मैनेजमेंट यूनिट (आरपीटीएमयू) की रिपोर्ट के अनुसार अब इन गांवों में कोई टीबी रोगी नहीं है। मरीजों की जागरूकता से ही स्वास्थ्य विभाग को इन गांवों में टीबी के खिलाफ जंग में सफलता मिली है। हालांकि, अभी तमाम गांव हैं, जहां टीबी रोगी हैं। देश को 2025 तक टीबी मुक्त करने का दावा किया जा रहा है।

वर्ष 2023 में स्वास्थ्य विभाग ने बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं और पीलीभीत के गांवों में जांच कर 75 टीबी रोगी चिह्नित किए थे। इसके बाद इन गांवों में मरीजों का इलाज शुरू कर दिया गया। रोगियों ने भी विभाग का साथ दिया। समय पर दवाएं लेने के साथ अन्य लोगों से संपर्क से खुद को बचाए रखा, ताकि टीबी के संक्रमण से लोग बचे रहें। मरीजों इस जागरूकता के कारण मंडल के 69 गांव टीबी मुक्त हो गए हैं। इन गांवों में एक भी टीबी रोगी नहीं है। इस बात की पुष्टि आरपीटीएमयू की रिपोर्ट ने की है।

• वर्ष 2023 में मंडल के चारों जिलों में जांच के दौरान मिले थे 75 रोगी

### जिले के 12 गांव हुए टीबी मुक्त

आरपीटीएमयू की रिपोर्ट के अनुसार जिले के 12 गांवों में काशीपुर धर्मपुर, प्रेमपुर मुरारपुर, सिथरा, हरसुनगला, भैंसिया, अमडंडा, रितवारा, खाता, नियामतपुर, ढकियाडैम, डिरियाठकुरान, कंजा चकरपुर, बदायूं का एक गांव म्याऊं, पीलीभीत के 6, शाहजहांपुर के 51 गांव टीबी मुक्त घोषित किए गए हैं।

### इन मानकों पर होती है जांच

आरपीटीएमयू के नोडल अधिकारी डॉ. एके चौधरी ने बताया कि टीमों की ओर से हर गांव में 1000 लोगों में लक्षण के आधार पर 30 लोगों की जांच की जाती है। अगर कोई पुराना रोगी चिह्नित होता है तो उसके घर के कुछ क्षेत्रफल में निवास करने वाले घरों के सदस्यों की जांच की जाती है। साथ ही दवाओं के साथ पोषण आहार के लिए प्रोत्साहन राशि समय पर मरीजों को उपलब्ध कराई जाती है, ताकि वे जल्द स्वस्थ हो सकें।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

### कमांडेंट ने आरोपी होमगार्डों को नोटिस देकर मांगा जवाब

**बरेली।** चौकीदार वीरेंद्र धानुक के साथ अमानवीय ढंग से मारपीट करने के मामले में जिला होमगार्ड कमांडेंट ने आरोपी होमगार्ड वीरबहादुर गंगवार और रामपाल गंगवार को ड्यूटी से रोक दिया है। साथ ही दोनों को नोटिस जारी कर 15 दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। इसके बाद कमांडेंट के स्तर से रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजी जाएगी। जिला होमगार्ड कमांडेंट शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों होमगार्डों के खिलाफ अभी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्हें ड्यूटी से रोकने के साथ नोटिस जारी कर 15 दिन के अंदर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। स्पष्टीकरण आने के बाद रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजी जाएगी।

## घर से उठाकर थाने में धमकाया सादा कागज पर लगवाया अंगूठा

बरेली कार्यालय

• पीड़ित वीरेंद्र धानुक ने डीएम को दिए पत्र में लगाए आरोप
• अफसरों के नाम भी एफआईआर में शामिल करने की मांग

**अमृत विचार :** नवाबगंज के तहसीलदार की सुरक्षा में तैनात दो होमगार्डों की अमानवीयता का शिकार थाने का चौकीदार वीरेंद्र धानुक शुक्रवार को सपा के नेताओं के साथ डीएम और एसएसपी से मिला। दोनों होमगार्डों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने के साथ उसने आरोप लगाया कि घटना के बाद उसे जबरन घर से उठवाकर रात भर थाने में रखा गया। इस दौरान एडीएम, एसडीएम और इंस्पेक्टर के साथ आरोपी होमगार्डों ने भी उसे जमकर धमकाया और उससे जबरन सादे कागज पर अंगूठा भी लगवा लिया। उसने एफआईआर में इन अधिकारियों का भी नाम शामिल करने की मांग की है।

पीड़ित चौकीदार वीरेंद्र को साथ लेकर शुक्रवार को सपा प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन, पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन और भीम आर्मी समेत कई संगठनों के नेता डीएम और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से मिलने पहुंचे थे। वीरेंद्र ने दोनों अधिकारियों को प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया कि पुलिस घटना के अगले दिन रात 10 बजे उन्हें जबरन घर से उठा लाई थी। इसके बाद रात भर उन्हें थाने में रखा गया। इस दौरान एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार, इंस्पेक्टर और रिछोला चौकी इंचार्ज के साथ दोनों आरोपी होमगार्डों ने भी जमकर धमकाया और सादे कागज पर अंगूठा लगवा लिया।

वीरेंद्र के साथ पहुंचे सपा नेताओं में पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, आम आदमी पार्टी की नेता सुनीता गंगवार, आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनकर, जितेंद्र मुंडे, वेदप्रकाश वाल्मीकि, छेदालाल दिवाकर, शेर सिंह गंगवार, संजय वर्मा समेत कई लोग शामिल थे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

### कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स

193 ए सिविल लाइन्स बरेली

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संस्था लक्ष्य वैलफेयर सोसाइटी, 46, चन्दोई-पीलीभीत पत्रावली संख्या बी-41406 की प्रबन्धसमिति की सूची वर्ष 2023-24, संसोधित नियमावली व नवीनीकरण कराने के सम्बन्ध में नोटरीशपथ पत्र के साथ प्रपत्र डा. रियाज अहमद द्वारा अध्यक्ष की हैसियत से प्रस्तुत किये गये हैं। वर्तमान में प्रस्तुत प्रबन्धकारिणी समिति की सूची वर्ष 2023-24 में निम्नलिखित पदाधिकारी/सदस्य दर्शाये गये हैं-

| क्र. | नाम व पिता का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. रियाज अहमद पुत्र श्री नबी अहमद | अध्यक्ष |
| 2. | एड. सिराज अहमद पुत्र श्री नबी अहमद | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री दिनेश चन्द्र कलोनी पुत्र स्व. दयानन्द कलोनी | महासचिव |
| 4. | कु. सरला शाक्य पुत्री श्री उदयवीर सिंह | उपसचिव |
| 5. | श्री नवी अहमद पुत्र श्री सुक्खन | कोषाध्यक्ष |
| 6. | श्री विजय कुमार मैसी पुत्र श्री नन्कू लाल | सदस्य |
| 7. | श्रीमती गीता महारा पत्नी श्री विक्रम सिंह | सदस्य |

उक्त के सम्बन्ध में संस्था के किसी भी भूतपूर्व अथवा वर्तमान पदाधिकारी/सदस्यों को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति अभिलेखीय साक्ष्यों सहित सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है, यदि उक्त निर्धारित अवधि में किसी की कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो यह समझा जायेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है, तदोपरान्त आपत्ति के अभाव में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी भूतपूर्व/वर्तमान सदस्यों की होगी। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सो. रजि.अधि. 1860 की धारा 4-क, के "परन्तुक" के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

सहायक रजिस्ट्रार, बरेली

## अमृत विचार क्लासीफाइड

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री सोमवती ने हाईस्कूल परीक्षा अजय कन्या इंटर कॉलेज, कुदेशिया फाटक, बरेली से उत्तीर्ण की है। जिसका हाईस्कूल का मूल प्रमाण पत्र परीक्षा सन 2022 अनुक्रमांक 1220739399 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **भजन लाल पुत्र स्व. ख्यालीराम, निवासी ग्राम रसूलपुर वाहनपुर, तहसील फरीदपुर, जिला बरेली**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अमन मौर्या व उसकी पत्नी आरती को गलत आचरण के चलते संबंध विच्छेद कर उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **ओम प्रकाश पुत्र लाखन लाल निवासी ग्राम बादशाह नगर थाना सीबीगंज जिला बरेली।**

### NOTICE

This is to be notify that my daughter NIMISHA CHANDRA is a student of St. Maria Goretti Inter College Bareilly. In my daughter's school record my name is recorded as VINEETA CHANDRA whereas my original name is VINEETA SINGH I should be known as my original name in future. **VINEETA SINGH D/o RAMESH BABU, Bareilly.**

स्वामी विवेकानन्द कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन
बिथरा, पीलीभीत
आवश्यकता है
UG कक्षाओं के लिये :-
प्रवक्ता कला संकाय
कला, हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, अर्थ शास्त्र
प्रवक्ता विज्ञान संकाय
भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान
प्रवक्ता वाणिज्य संकाय
वाणिज्य
प्रवक्ता गृह विज्ञान संकाय
योग्यता-MJPRU/UGC के मानक अनुसार
नोट : बायोडाटा एवं शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र ई मेल एवं डाक द्वारा महाविद्यालय में उपलब्ध करायें
संपर्क करें :
9410626854, 7017494754, 9412302855
ई-मेल : svchebithra@gmail.com

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**05** वें चरण में 20 मई को होगा मतदान | **05** मंत्रियों का होना है चुनावी इम्तिहान | **14** लोकसभा सीटों पर पड़ेंगे वोट | **13** सीटों पर भाजपा का है अभी कब्जा | **06** सीटों पर भाजपा को 2014 व 19 में मिली थी एक लाख से कम की जीत | **14** सभी सीटों पर भाजपा व बसपा लड़ रही है चुनाव | **10** सीटों पर समाजवादी पार्टी दे रही है चुनौती | **04** सीटों पर गठबंधन के तहत हैं कांग्रेस प्रत्याशी

# विरासत की देहरी पर रिश्तों की दुहाई और चुनावी जज्बात

## स्मृति की राह नहीं आसान , प्रियंका ने बनाई नाक की लड़ाई

मनोज त्रिपाठी

साल 2019 में भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हराने के बाद ट्वीट किया था, 'कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता' अब 2024 में स्मृति के सामने राहुल तो नहीं हैं, लेकिन एक पत्थर तबियत से... उछालने की चुनौती कम नहीं हुई है। कांग्रेस ने इस बार स्मृति की चुनौती का मुकाबला करने के लिए अमेठी और रायबरेली में कोई चार दशक तक गांधी परिवार के प्रतिनिधि की भूमिका निभाने वाले किशोरी लाल शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा उन्हें 'चपरासी' बता रही है। लेकिन जिस तरह उनकी लोगों से जान-पहचान है और कांग्रेस नेता उनकी जीत के लिए प्रचार कर रहे हैं, उसे देखकर कुछ लोग किशोरी लाल को छुपा रुस्तम भी बता रहे हैं।


स्मृति ईरानी।


किशोरी लाल शर्मा।

हालांकि राहुल गांधी के अमेठी से पलायन और कांग्रेस द्वारा किशोरी लाल पर दांव लगाए जाने के बाद हर किसी की धारणा थी कि अमेठी का चुनाव इस बार एकतरफा जीत वाला हो गया है। लंबे समय तक राहुल गांधी की प्रत्याशिता को लेकर अनिर्णय की स्थिति में झूलने वाली कांग्रेस ने एक तरह से भाजपा को यहां वॉकओवर दे दिया है, लेकिन जैसे-जैसे मतदान की तिथि करीब आ रही है, ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस ने राहुल गांधी की हार का बदला लेने के लिए स्मृति ईरानी के सामने सोची-समझी रणनीति के तहत जाल बुना है। किशोरी लाल केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के सामने कमजोर प्रत्याशी साबित न हो, इसलिए उनके प्रचार की कमान खुद प्रियंका गांधी ने संभाल रखी है। स्मृति भी इस बात को बखूबी समझते हुए उतनी ही गंभीरता और ताकत से मुकाबला कर रही है, जैसे सामने राहुल गांधी ही चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि जनता की अदालत में अमेठी में इस बार चुनावी लड़ाई राहुल गांधी के 15 साल और स्मृति ईरानी के पांच सालों के काम के बीच हो रहा है, जिसमें स्मृति का पलड़ा थोड़ा भारी नजर आता है। इसकी बड़ी वजह यह है कि 2014 में मोदी लहर के बाद भी एक लाख वोटों से हार मिलने के बावजूद वह अमेठी छोड़कर नहीं गईं।

लगातार सक्रिय रहीं और लोगों के बीच काम करती रहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें अपने मंत्रिमंडल में मानव संसाधन विकास मंत्री बनाया। इससे लोगों में भरोसा बना कि वह अब अमेठी छोड़कर जाने वाली नहीं हैं और सिर्फ अपना सियासी मकसद साधने के लिए यहां नहीं आयी हैं, जैसा कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी उन्हें लेकर आरोप लगाती हैं। इसी का लाभ उन्हें 2019 में अप्रत्याशित जीत के रूप में मिला। उन्होंने राहुल गांधी को 55 हजार मतों से पराजित कर दिया। हालांकि अमेठी में मतदाताओं का एक वर्ग पिछली बार की तरह राहुल गांधी बनाम स्मृति ईरानी का मुकाबला नहीं होने से थोड़ा मायूस जरूर नजर आता है। लेकिन वोट के सवाल पर अधिकतर लोग मोदी और योगी का समर्थन करते हुए भाजपा सरकार के काम गिनाते हैं या फिर सांसद स्मृति ईरानी के खिलाफ बोलते हैं। विकास के सवाल पर राय बंटी हुई है। यह कहने के बावजूद कि यहां की सड़कें अब पहले से अच्छी हो गयी हैं, तमाम लोग राजीव गांधी और राहुल गांधी के समय में हुए कामों की दुहाई देते हैं, तो यह बताने वाले भी कम नहीं हैं कि स्मृति ईरानी ने सांसद रहते केंद्र सरकार की योजनाओं पर काम किया है।

लोगों को पीएम आवास, मुफ्त राशन, फ्री इलाज और शौचालय जैसी सुविधाएं मिली हैं। इसके जवाब में प्रियंका गांधी नुक्कड़ सभाओं और जनसंपर्क में लोगों को समझाती हैं कि जागरुक बनें, समझें कि कौन से पार्टी आपके लिए क्या कर रही है और पहले क्या किया। वह अपने पिता को याद करती हैं और अमेठी से जज्बाती रिश्ता जोड़ती हुए बताती हैं कि जब छोटे थे तब से आते थे। आप कितना प्यार देते थे। फिलहाल कांग्रेस के चुनाव प्रचार से ऐसा लगता है कि गांधी परिवार ने इस सीट को नाक की लड़ाई मान लिया है। जिस तरह प्रियंका, खड़गे, राहुल यहां प्रचार कर रहे हैं, उससे लग रहा है कि स्मृति ईरानी के लिए लड़ाई उतनी आसान नहीं है, जितनी समझी जा रही थी। वैसे इस बार चुनावी मैदान में बसपा की ओर से नन्हें सिंह भी मैदान में हैं, लेकिन बसपा का कॉडर वोट का बड़ा हिस्सा भी कांग्रेस-भाजपा के बीच ही बंटता दिख रहा है।

## कांग्रेस को खेलना पड़ा पीएम के चुनाव का दांव

रायबरेली लोकसभा सीट से इस बार अमेठी छोड़कर आए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी चुनावी मैदान में हैं। यहां उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी और योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह तथा बसपा के ठाकुर प्रसाद से है। ऐसे में रायबरेली का रण जीतने के लिए, राहुल गांधी की बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी तो डेरा डाले ही हैं, अब सोनिया गांधी भी पहुंच गई हैं। प्रियंका यहां भी अपने परिवार के साथ लोगों को पुराना रिश्ता याद दिला रही हैं। राहुल गांधी की जीत सुनिश्चित करने के लिए यहां कांग्रेस शासित राज्यों के सीएम, डिप्टी सीएम और पूर्व सीएम का हर दिन प्रचार में आना-जाना लगा है, इसी के बीच शुक्रवार को सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव एक मंच पर नजर आए।

उधर भाजपा ने भी अपने प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के लिए पूरा जोर लगा रखा है। गृह मंत्री अमित शाह दो बार आ चुके हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य भाजपा को जिताने का मोर्चा संभाले हैं। भाजपा का मनोबल बागी सपा विधायक मनोज पांडेय का रुख मोड़ने में सफलता मिलने से बढ़ गया है। पहले वह भाजपा के प्रचार से दूरी बनाए थे, पर अब कह रहे हैं कि जो राम का नहीं, वह किसी के काम का नहीं। पांच दिन पहले अमित शाह, भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह के साथ मनोज पांडेय को समझाने उनके आवास पर गए थे। लेकिन


राहुल गांधी।


दिनेश प्रताप सिंह।

रायबरेली सदर से भाजपा विधायक अदिति सिंह अभी खुलकर भाजपा के प्रचार में हिस्सा नहीं ले रही हैं। रायबरेली से पिछले चुनाव में सोनिया गांधी ने दिनेश प्रताप सिंह को ही हराया था। लेकिन उनकी जीत का अंतर एक लाख से कुछ ज्यादा ही रह गया था। लोगों से बातचीत में भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह की स्थानीय लोगों के बीच आसानी से उपलब्धता और योगी सरकार में मंत्री पद उन्हें बढ़त दिलाती दिखती है, लेकिन अधिकतर लोग अमेठी की तरह गांधी परिवार से रिश्ता तोड़ने के लिए तैयार नहीं दिखते हैं। हालांकि विरासत के सवाल पर भाजपा नेता यह कहकर पलटवार करते हैं कि कांग्रेस के पास रायबरेली में कोई विधायक, एमएलसी, ब्लॉक प्रमुख, प्रधान कुछ भी तो नहीं है। इस बार का चुनाव 'सोनिया का बेटा' बनाम 'रायबरेली का बेटा' है। इस माहौल में छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल यह कहकर लीड लेने की कोशिश कर रहे हैं कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर राहुल गांधी ही प्रधानमंत्री बनेंगे, ऐसे में आप सांसद नहीं पीएम का चुनाव कर रहे हैं। माना जा रहा है कि राहुल को पीएम कैंडिडेट बताकर कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिए रणनीतिक दांव चला है।

लेकिन कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि मतदाताओं का एक वर्ग अभी भी यह सवाल उठा रहा है कि राहुल गांधी वायनाड और रायबरेली दोनों जगह से जीतने पर कहीं रायबरेली की सीट तो नहीं छोड़ देंगे। कांग्रेस नेता भी इस बारे में खुलकर गारंटी नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस के लिए राहत की बात यही है कि रायबरेली उसका गढ़ है। पार्टी इस सीट पर 20 लोकसभा चुनावों में 17 बार जीती है। रायबरेली में जातीय आधार देखें तो 34% दलित मतदाताओं के बाद 16% ब्राह्मण, 10% ठाकुर और 7% यादव मतदाता है। कुर्मी मतदाता करीब 5% और मुस्लिम मतदाता 6% हैं।

## राजनाथ के सामने जीत का अंतर बढ़ाने की चुनौती

लखनऊ लोकसभा सीट भाजपा का गढ़ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां से तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। उनके खिलाफ सपा-कांग्रेस गठबंधन से विधायक रविदास मेहरोत्रा और बसपा प्रत्याशी सरवर अली ताल ठोंक रहे हैं। 1991 के लोकसभा चुनाव के बाद से लखनऊ सीट पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा नेता और दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 1991-2009 के बीच लखनऊ सीट का प्रतिनिधित्व किया था। इस बार भाजपा ने राजनाथ सिंह को पांच लाख वोटों के अंतर से चुनाव जिताने का लक्ष्य रखा है। लेकिन यह काम आसान नहीं नजर आ रहा है। इसकी वजह यह है कि लखनऊ पश्चिम और मध्य विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा है। सपा-कांग्रेस गठबंधन से चुनाव लड़ रहे रविदास मेहरोत्रा लखनऊ मध्य विधानसभा सीट से ही विधायक हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में राजनाथ सिंह को सपा की तरफ से सिने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा ने चुनौती दी थी। कांग्रेस से आचार्य प्रमोद कृष्णनम मैदान में थे। राजनाथ सिंह को 6,33,026 वोट मिले थे। सपा की पूनम सिन्हा 2,85,724 वोटों के साथ दूसरे स्थान और कांग्रेस के आचार्य प्रमोद कृष्णम 1,80,011 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में राजनाथ सिंह को 5,61,106 वोट मिले थे। उनके मुकाबले में उतरीं कांग्रेस की रीता बहुगुणा जोशी को 2,88,357 वोट हासिल हुए थे। बसपा के निखिल दूबे को 64,449 वोट और सपा के अभिषेक मिश्रा को 56,771 वोट मिले थे।

## साध्वी के सामने उत्तम की चुनौती में बसपा का पेच

फतेहपुर सीट पर केंद्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति भी जीत की हैट्रिक लगाने के लिए चुनावी रण में उतरी हैं। वह 2014 और 2019 में जीत दर्ज कर चुकी हैं। सपा प्रत्याशी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल इस बार उनके सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं, तो बसपा ने भी यहां कुर्मी बिरादरी के प्रत्याशी डॉ. मनीष सचान को मैदान में उतार कर सपा और भाजपा दोनों की मुश्किल बढ़ा रखी है। हालांकि सपा प्रत्याशी को स्थानीय होने का लाभ मिल रहा है, लेकिन माना जा रहा है कि सपा और बसपा के प्रत्याशी पिछड़ी जाति के एक ही वर्ग से होने के कारण मतों का ध्रुवीकरण हो सकता है। बसपा को दलित कॉडर के साथ मुस्लिम मतों का समर्थन मिलने से त्रिकोणीय मुकाबले की तस्वीर उभर सकती है, जिसे भाजपा अपने लिए मुफीद मान रही है। सपा प्रत्याशी नरेश उत्तम तीन बार विधायक और मुलायम सरकार में मंत्री रह चुके हैं। क्षेत्र में अच्छी पकड़ रखते हैं। लेकिन इस लोकसभा क्षेत्र की जहानाबाद सीट पर भाजपा को रोकना और ब्राह्मण, क्षत्रिय व वैश्य मतों में सेंध लगाना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती है। भाजपा को 2014 के चुनाव में जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र से 60 हजार और 2019 में 45 हजार से ज्यादा वोटों से लीड मिली थी।

## इन्होंने की है हैट्रिक की तैयारी



### भानु प्रताप की जीत के सिक्सर में सपा ने इस बार की है कड़ी घेरेबंदी

- भाजपा ने जालौन सीट से पांच बार के सांसद और केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा को एक बार फिर से मैदान में उतारा है। इस सीट पर भानुप्रताप का वर्चस्व साफ नजर आता है। 1996 में वह पहली बार विजयी हुए थे। इसके बाद 1998, 2004, 2014 और 2019 में सांसद चुने गए थे। उनके खिलाफ सपा-कांग्रेस गठबंधन से नारायण दास अहिरवार प्रत्याशी हैं। अहिरवार बसपा के संस्थापक सदस्य रहे हैं। वह 2007 से 2011 तक मायावती सरकार में मंत्री थे। लेकिन 2022 में सपा में शामिल हो गए थे। 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में यह सीट बसपा के खाते में गई थी। इस बार भानू प्रताप का मुकाबला अहिरवार से माना जा रहा है। साल 2019 के चुनाव में भानु प्रताप सिंह ने बसपा के अजय सिंह को 1.58 हजार वोटों से हराया था। इस चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन था। इससे पहले 2014 के चुनाव में उन्होंने बसपा के बृजलाल खबरी को 2.87 लाख वोटों से हरा दिया था। इस बार सपा की रणनीति है कि अहिरवार के जरिए बसपा के कोर वोट बैंक में सेंध लगाकर इस सीट पर भानुप्रताप के सामने कांटे का मुकाबला बनाया जा सके। लेकिन सपा की यह घेरेबंदी बसपा प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम कमजोर बनाते नजर आ रहे हैं, इसकी वजह यह है कि इस सीट पर बसपा का अच्छा खासा वोट बैंक है।

## दो बार से हार रहे चौधरी रोक पाएंगे कौशल किशोर को

लखनऊ से सटे मोहनलाल गंज से मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कौशल किशोर इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरे हैं। लेकिन इस बार उनको सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार आरके चौधरी से कड़ी चुनौती मिल रही है। यहां बहुजन समाज पार्टी से राजेश कुमार मैदान में हैं। मोहनलालगंज सीट पर 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने 1991 के बाद दोबारा कब्जा जमाने में कामयाबी हासिल की थी। 2014 के चुनाव में भी कौशल किशोर और आरके चौधरी के बीच मुकाबला हुआ था। इस चुनाव में आरके चौधरी बसपा के टिकट पर मैदान में थे, लेकिन उन्हें 1.45 लाख मतों से हार मिली थी। सपा से उतरीं सुशीला सरोज करीब ढाई लाख वोट पाकर तीसरे स्थान पर पिछड़ गई थीं। इससे पहले 2009 में यहां से सपा की सुशीला सरोज सांसद चुनी गई थीं। 2019 के चुनाव में कौशल किशोर ने बसपा के सीएल वर्मा को करीब 90 हजार मतों से हरा दिया था। यह चुनाव आरके चौधरी ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में लड़ा था, लेकिन वह 60 हजार से कुछ अधिक मत ही हासिल कर पाए थे। इस लोकसभा क्षेत्र में बसपा का प्रदर्शन देखते हुए उसकी चुनौती को कमजोर नहीं आंका जा सकता है, ऐसे में माना जा रहा है कि त्रिकोणीय संघर्ष भी हो सकता है, जिसमें फायदा भाजपा का ही होना है।

### झांसी में भाजपा का गढ़ तोड़ने में लगे हैं कांग्रेस के पूर्व सांसद आदित्य

- झांसी सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद अनुराग शर्मा को मैदान में उतारा है। यहां इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने अपने पूर्व सासंद प्रदीप जैन आदित्य पर दांव लगाया है। बसपा से इस सीट पर राकेश कुशवाहा ताल ठोक रहे हैं। बसपा का झांसी में अभी तक खाता नहीं खुला है। 2019 के चुनाव में भाजपा के अनुराग शर्मा ने सपा प्रत्याशी श्याम सुंदर सिंह यादव को 3.65 लाख मतों से हराया था। कांग्रेस के शिवशरण कुशवाहा को 86 हजार वोट मिले थे। यहां ब्राह्मण और यादव वोट निर्णायक माने जाते हैं। इसके बाद करीब 25 प्रतिशत दलित मतदाता हार-जीत तय करते हैं।

### हमीरपुर में भाजपा की तीसरी जीत रोक पाएगी जातीय समीकरणों की घेरेबंदी

- हमीरपुर लोकसभा सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल मैदान में हैं। पुष्पेंद्र पिछले 10 साल से सांसद हैं। यहां सपा के अजेंद्र सिंह राजपूत उन्हें चुनौती दे रहे हैं, तो बसपा ने ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए निर्दोष दीक्षित को मैदान में उतारा है। यहां 23 फीसदी दलित मतदाता गिना जाता है। राजपूत, ब्राह्मण और निषाद मतदाता जीत-हार तय करने में अगुवा रहते हैं। 2019 के चुनाव में पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को 5.75 लाख मत मिले थे। बसपा के दिलीप कुमार सिंह ने 3.26 और कांग्रेस के प्रीतम सिंह लोधी ने 1.14 लाख मत पाए थे। 2022 के विधान सबा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र की सभी पांचों सीटें भाजपा ने जीती थीं।

## बाराबंकी में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले के बने आसार

- बाराबंकी लोकसभा सीट आरक्षित है। इस सीट पर भाजपा का पिछले 10 साल से कब्जा है, लेकिन इस बार भाजपा ने मौजूदा सांसद उपेंद्र सिंह रावत की जगह जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत को मैदान में उतारा है। भाजपा सांसद ने चुनाव से पहले कथित अश्लील सीडी वायरल होने पर चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया था। इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस नेता पीएल पुनिया के पुत्र तनुज पुनिया दूसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा ने शिव कुमार दोहरे को मैदान में उतारा है। 2019 के चुनाव में उपेंद्र सिंह रावत को 5,35,917 और सपा के राम सागर रावत को 4,25,777 मत मिले थे। कांग्रेस के तनुज पुनिया 1.60 लाख मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। इस बार सपा का साथ मिलने से तनुज पुनिया भाजपा के सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं।

## गोंडा में राम लहर के आगे सपा की युवा प्रत्याशी श्रेया वर्मा कर रहीं संघर्ष

- गोंडा लोकसभा सीट से भाजपा ने दो बार के अपने सांसद कीर्ति वर्धन सिंह को उम्मीदवार बनाया है। समाजवादी पार्टी ने यहां युवा चेहरे के रूप में दिग्गज नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा को मैदान में उतारा है। श्रेया के पिता राकेश वर्मा सपा सरकार में मंत्री थे। बहुजन समाज पार्टी से सौरभ उम्मीदवार हैं। सपा ने यहां अपनी जीत का आधार कुर्मी वोटों के साथ 21 प्रतिशत मुस्लिम वोटों को बना रखा है। हालांकि लोकसभा क्षेत्र में राम लहर का प्रभाव और बाहरी होने का ठप्पा उन्हें मुश्किल में डाल रहा है। 2019 के समर में गोंडा में भाजपा के कीर्तिवर्धन सिंह का मुकाबला सपा के विनोद कुमार और कांग्रेस की कृष्णा पटेल से हुआ था। कीर्ति वर्धन सिंह को 5,08,190 और सपा के विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह को 3,41,830 वोट मिले थे।

## फैजाबाद में राम मंदिर और संविधान के बीच छिड़ी है बहस

फैजाबाद लोकसभा सीट पर पिछले दो चुनाव से जीत रहे भाजपा सांसद लल्लू सिंह इस बार अयोध्या में राम मंदिर की स्थापना के बाद जीत की हैट्रिक के प्रति आश्वस्त नजर आ रहे हैं। उनका मुकाबला इस बार इंडिया गठबंधन की तरफ से सपा के दिग्गज अवधेश प्रसाद से है। अवधेश प्रसाद नौ बार विधायक रह चुके हैं। बसपा इस सीट पर भाजपा से ही आए सच्चिदानंद पांडे पर दांव लगाकर ब्राह्मण कार्ड से भाजपा की मुश्किल बढ़ा रही है। ऐसे में जातीय समीकरणों के लिहाज से चुनाव दिलचस्प हो गया है और पिछले दो चुनाव में रिकार्ड मतों से हुई जीत को बरकरार रखना भाजपा के लिए चुनौती है। भाजपा अपने प्रचार अभियान में राम मंदिर का मुद्दा बार-बार उठा रही है। ऐसे में फैजाबाद लोकसभा सीट, जिसके अंतर्गत अयोध्या आती है, वहां से बड़ी जीत हासिल करके देश भर में संदेश देना चाहती है। इसी कारण यहां प्रतिष्ठा की लड़ाई हो रही है।

दूसरी ओर विपक्ष भाजपा की कोशिश को राम से संविधान की ओर मोड़ने की कोशिश कर रहा है। सांसद लल्लू सिंह उन भाजपा नेताओं में हैं, जिन्होंने कहा था कि संविधान बदलने के लिए 400 सीटों की जरूरत है। इसी बात पर सपा उन्हें निशाने पर ले रही है। सांसद लल्लू सिंह लोगों से कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री ने राम मंदिर के अभिषेक के साथ 500 साल पुराना सपना पूरा किया है और अब वही भगवान कृष्ण को भी मथुरा में लाएंगे। जिन लोगों ने 'राम भक्तों' पर गोलियां चलाईं उन्हें सबक सिखाना है। वह अयोध्या में रेलवे स्टेशन, सड़कों और मेडिकल कॉलेज के साथ ही बुनियादी ढांचे में आए सुधार के आधार पर भी वोट मांग रहे हैं। इसके जवाब में सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद का दावा है कि भाजपा के गढ़ अयोध्या में उसका घमंड टूटने जा रहा है। इंडिया गठबंधन मर्यादा पुरुषोत्तम राम के सपनों का देश बनाएगा। अब एक व्यक्ति के मन की बात नहीं, करोड़ों जनता जनार्दन के मन की बात चलेगी।




### बांदा में त्रिकोणीय संघर्ष में भाजपा को छूट रहा पसीना

- बांदा लोकसभा सीट पर भाजपा ने सांसद आरके सिंह पटेल को फिर से उम्मीदवार बनाया है। सपा ने उनका मुकाबला करने के लिए शिवशंकर सिंह पटेल को मैदान में उतारा है, तो बसपा ने मयंक द्विवेदी पर दांव लगाकर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। यहां ब्राह्मण वोट जीत में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। भाजपा और सपा दोनों के प्रत्याशी पटेल समुदाय से होने के कारण पटेल वोट बंटता नजर आ रहा है। सपा को यादव और मुस्लिम मत मिलने का भरोसा है। बसपा यहां ब्राह्मण मतों मंन सेंध लगाती नजर आ रही है। जातीय वोटों के गणित में भाजपा यहां उलझती नजर आ रही है। भाजपा ब्राह्मण मतदाताओं को मनाने में जुटी है। 2019 के चुनाव में भाजपा के आरके सिंह पटेल को 4,77,926 और सपा के श्यामा चरण गुप्ता को 4,18,988 मत मिले थे। कांग्रेस के बाल कुमार पटेल करीब 76 हजार वोट पाकर तीसरे नंबर पर थे।

### कौशांबी में सपा का युवा चेहरा क्या दिखा पाएगा कमाल

- कौशांबी लोकसभा सीट से भाजपा ने दो बार के सांसद विनोद सोनकर को फिर से मैदान में उतारा है। सपा से यहां पुष्पेंद्र सरोज मैदान में हैं। बसपा ने शुभ नारायण गौतम पर दांव लगाया है। यहां पिछली बार भाजपा सिर्फ चार फीसदी वोटों के अंतर से जीती थी। भाजपा के विनोद सोनकर को 3,83,009 के मुकाबले सपा प्रत्याशी इंद्रजीत सरोज को 3,44,287 मत मिले थे। राजा भैया के जनसत्ता दल के प्रत्याशी ने डेढ़ लाख से ज्यादा वोट पाए थे। राजा भैया ने इस बार किसी दल को समर्थन नहीं दिया है। लेकिन भाजपा प्रत्याशी से उनकी नाराजगी छिपी नहीं है। सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज इंद्रजीत सरोज के पुत्र हैं और लंदन से पढ़कर लौटे हैं। वह बेरोजगारी, महंगाई और पेपर लीक जैसे मुद्दे उठाकर युवाओं को जोड़ने में लगे हैं।

### कैसरगंज में सपा के निशाने पर भाजपा का परिवारवाद

- कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा ने कुश्ती संघ के विवाद के चलते मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटकर उनके बेटे करण भूषण सिंह को उम्मीदवार बनाया है। बृजभूषण शरण सिंह दो बार से चुनाव जीत रहे थे। इससे पहले साल 1996 से साल 2009 तक पांच बार इस सीट से समाजवादी पार्टी के बेनी प्रसाद वर्मा सांसद रहे थे। सपा ने इस बार यहां रामभगत मिश्रा और बसपा ने नरेंद्र पांडेय को मैदान में उतारा है। गाड़ियों के लंबे काफिले के साथ यहां बृजभूषण शरण और उनके बेटे करण सिंह एक गांव से दूसरे गांव में प्रचार कर रहे हैं। बृजभूषण वोट तो बेटे के लिए वोट मांग रहे हैं, लेकिन उनके भाषणों में अक्सर टिकट न मिलने का दर्द झलक जाता है। करण भूषण राजनीति में नया और युवा चेहरा हैं। ऐसे में सपा परिवारवाद के खिलाफ बोलने वाली भाजपा को निशाना बना रही है। इंडिया गठबंधन के नेता पूछ रहे हैं कि पिता के बदले बेटे को टिकट देना परिवारवाद नहीं है तो क्या है? यहां बसपा प्रत्याशी की ब्राह्मण वोटों में सेंधमारी सपा को मजबूत कर सकती है।

# दिल्ली में प्रदूषण के लिए मोदी सरकार जिम्मेदार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने कहा है कि दिल्ली में करीब एक दर्जन बिजली स्टेशनों में मानकों की अनदेखी कर कोयले का इस्तेमाल किया जा रहा है और जन स्वास्थ्य पर हो रहे इसके दुष्प्रभाव को रोकने के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार कदम नहीं उठा रही है।

कांग्रेस ने कहा है कि दिल्ली में कोयले से चलने वाले 11 बिजली स्टेशन है और इनमें मानकों की धज्जियां उड़ाकर प्रदूषण को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। पार्टी ने कहा कि यदि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनती है, तो प्राथमिकता के आधार पर इन बिजली स्टेशनों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, दिल्ली के चुनाव में पर्यावरण एक विशेष स्थान रखता है।



- कांग्रेस नेता जयराम रमेश बोले- केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो उठाएंगे जरूरी कदम
- बोले- दिल्ली में कोयले से चलने वाले 11 बिजली स्टेशन है
- मानकों की धज्जियां उड़ाए जाने से बढ़ा देश की राजधानी में प्रदूषण

उन्होंने कहा कि दिल्ली के बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के लिए केंद्र सरकार प्राथमिक रूप से जिम्मेदार है क्योंकि दिल्ली में प्रदूषण की समस्या आसपास के अलग- अलग राज्यों से भी जुड़ी हुई है। आज सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए वायु प्रदूषण बहुत बड़ी समस्या बन गई है। उन्होंने कहा दिल्ली के आसपास 11 बिजली स्टेशन हैं, जो कोयला उपयोग करते हैं।

### 2009 में तय किये गए थे मानक

साल 2009 में दिल्ली के सारे बिजली स्टेशनों के लिए वायु प्रदूषण मानक तय किए गए थे। जो स्टेशन इन मानकों का पालन, इनको लागू नहीं करते थे, उसे बंद करा दिया जाता था। प्रवक्ता ने पर्यावरण को एक बहुत बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि दिल्ली के आसपास के 11 बिजली स्टेशनों की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है, जिनमें मानकों का लगातार उल्लंघन होता रहा और इसका असर सार्वजनिक स्वास्थ्य पर पड़ा है। उन्होंने कहा यह किसी विशेष व्यक्ति या समुदाय की बात नहीं है बल्कि यह हर व्यक्ति के स्वास्थ्य की बात है इसलिए मैं दिल्ली वासियों से कहना चाहता हूं कि इंडिया गठबंधन दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ प्राथमिकता से काम करेगी और तय समय सीमा के अंदर फर्क दिखाएगी। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला किया और कहा कि चार चरणों के मतदान के बाद यह साफ हो गया है कि इस बार इंडिया समूह की सरकार बनने जा रही है, इसलिए प्रधानमंत्री बौखलाए हुए हैं।

## त्रिपुरा ने सीएए के तहत नागरिकता देने के लिए समिति बनाई

**अगरतला।** त्रिपुरा सरकार ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के तहत नागरिकता प्रदान करने के लिए जनगणना संचालन निदेशक की अध्यक्षता में छह सदस्यीय राज्य स्तरीय समिति का गठन किया है। सीएए को बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से प्रताड़ित होने के कारण 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत आए गैर मुस्लिम समुदाय के प्रवासियों को भारत की नागरिकता प्रदान करने के लिए दिसंबर 2019 में अधिनियमित किया गया था। जनगणना संचालन निदेशक रवीन्द्र रियांग ने कहा राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि अगरतला नगर निगम, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों और ग्राम पंचायतों जैसे गैर-छठी अनुसूची क्षेत्रों में शरण लेने वाले लोग ही करने के पात्र हैं।

# तेजाब पीड़िताओं को वैकल्पिक डिजिटल केवाईसी पर केंद्र को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने तेजाब हमले की नौ पीड़िताओं द्वारा दाखिल याचिका को एक महत्वपूर्ण मुद्दा करार दिया

सुप्रीम कोर्ट ने तेजाब हमले की पीड़िताओं और आंखों को स्थायी रूप से हुई क्षति वाले लोगों के लिए वैकल्पिक डिजिटल केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) प्रक्रिया की मांग करने वाली एक याचिका पर केंद्र सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक और अन्य लोगों से शुक्रवार को जवाब मांगा।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने तेजाब हमले की नौ पीड़िताओं द्वारा दाखिल याचिका को एक महत्वपूर्ण मुद्दा करार दिया और केंद्र सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और अन्य को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा, हम नोटिस जारी करेंगे। यह एक अहम मुद्दा है और हम इस पर सुनवाई करेंगे। तेजाब हमलों के खिलाफ अभियान चला रहीं कार्यकर्ता प्रज्ञा प्रसून और अन्य ने नेत्र विकृति वाली तेजाब पीड़िताओं के लिए एक वैकल्पिक डिजिटल केवाईसी प्रक्रिया की मांग करते हुए याचिका दाखिल की थी, जिस पर शीर्ष अदालत सुनवाई कर रही थी।

### नहीं खुल सका बैंक खाता

याचिका में जिक्र किया गया कि एक याचिकाकर्ता, जिसकी आंखों को तेजाब हमले के कारण गंभीर नुकसान पहुंचा था, 2023 में आईसीआईसीआई बैंक में अपना खाता खुलवाने के लिए गयी थी। याचिकाकर्ता को लाइव फोटोग्राफी के दौरान अपनी पलकों को झपकना था लेकिन वह इस डिजिटल केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने में सक्षम नहीं थी, जिस कारण उसका खाता नहीं खुला। याचिका में बताया गया कि तेजाब हमले की कई पीड़िताएं नेत्र विकृति का शिकार होती हैं और उन्हें सिम कार्ड खरीदने से लेकर बैंक खाता खुलवाने तक में इस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## एक नजर

### नागपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम में 900 स्वयंसेवक ले रहे हैं हिस्सा

**नागपुर।** देशभर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 936 स्वयंसेवक 25 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं, जो शुक्रवार को महाराष्ट्र के नागपुर में डॉ. हेडगेवार स्मृति भवन में शुरू हुआ। एक विज्ञप्ति के अनुसार, सर्वाधिकारी (प्रशिक्षण के मुख्य अधिकारी) इकबाल सिंह, सह सरकार्यवाह (संयुक्त महासचिव) डॉ कृष्ण गोपाल और अखिल भारतीय सेवा प्रमुख और प्रशिक्षण के संरक्षक अधिकारी पराग अभ्यंकर, सह सरकार्यवाह (संयुक्त महासचिव) मुकुंदजी और रामदत्त चक्रधर उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे। अभ्यंकर ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का लक्ष्य संगठित हिंदू समुदाय के लिए एक वैश्विक दृष्टिकोण तैयार करना है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए समाज में अच्छी ताकतों को एक साथ लाने के लिए स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 जून को समाप्त होगा।

### गैस के संपर्क में आने से 15 लोग बीमार पड़े

**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर जिले में खांटापाड़ा पुलिस थानाक्षेत्र के नीलगिरी के पास एक झींगा प्रसंस्करण इकाई से निकलने वाली जहरीली गैस के कारण 15 लोग बीमार पड़ गये। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार रात को इकाई में प्रसंस्करण कार्य में लगे कुछ श्रमिकों ने उन्हें उल्टी, जी घबराना और सांस लेने में कठिनाई होने की शिकायत की। इन श्रमिकों में ज्यादातर महिलाएं थीं। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि सहकर्मियों द्वारा उन्हें तुरंत नीलगिरी अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। खांटापाड़ा पुलिस ने कहा, इस संबंध में पुलिस थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

### रोडवेज बस ट्रक में घुसी पांच महिलाओं की मौत

**भरतपुर।** राजस्थान के भरतपुर जिले में आगरा-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 पर हलैना के पास शुक्रवार को अलीगढ़ से जयपुर जा रही रोडवेज की बस के आगे चल रहे लकड़ियों से भरे ट्रक में घुस जाने से पांच महिलाओं की मौत हो गयी जबकि 12 यात्री घायल हो गये। दुर्घटना में घायलों में से आठ घायलों को भरतपुर के आरबीएम हॉस्पिटल रेफर किया गया है जबकि पांच घायलों का इलाज हलैना हॉस्पिटल में चल रहा है। मृतक महिलाओं के शव हलैना सीएचसी की मॉर्च्युरी में रखवाये गये हैं। भरतपुर में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गयी। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस के ड्राइवर और कंडक्टर घायल हैं। ट्रक ड्राइवर फरार है। बस उप्र परिवहन के अलीगढ़ डिपो की है।

### छत्तीसगढ़ में तीन बारूदी सुरंग की बरामद

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों ने तीन बारूदी सुरंग बरामद की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के शोभा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गरीबा गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने तीन बारूदी सुरंग बरामद की है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ और उड़ीसा की सीमा पर स्थित शोभा थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों की सूचना पर पुलिस दल को कोदोमाली, इचरादि, गरीबा, सहबीनकछार गांव की ओर रवाना किया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबल के जवान जब क्षेत्र के गरीबा गांव के जंगल में थे तब सुरक्षाबलों को देखकर नक्सली वहां से भाग गए। इसके बाद सुरक्षाबलों ने जंगल से तीन-तीन किलोग्राम वजनी एक टिफिन बम, दो कुकर बम तथा अन्य सामान बरामद किया।

# नागरिकों की स्वतंत्रता के मामलों में हर दिन मायने रखता है सुप्रीम कोर्ट

## दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित भ्रष्टाचार मामले में उच्चतम न्यायालय ने दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय को दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में एक व्यवसायी की नियमित जमानत याचिका पर फैसला करने का निर्देश देते हुए शुक्रवार को कहा कि नागरिकों की स्वतंत्रता से संबंधित मामलों में हर एक दिन मायने रखता है।

दिल्ली आबकारी नीति अब रद्द की जा चुकी है। व्यवसायी अमनदीप सिंह ढल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि याचिकाकर्ता की नियमित जमानत याचिका पर उच्च न्यायालय ने 40 बार सुनवाई की है और अब मामले को आठ जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं हो सकता कि 40 बार सुनवाई के बाद भी आप नियमित जमानत याचिका पर फैसला नहीं करें।



- जमानत याचिका पर 40 बार हो चुकी सुनवाई

पीठ ने कहा कि उसे सूचित किया गया है कि याचिकाकर्ता ने नियमित जमानत याचिका पिछले साल जुलाई में दायर की थी। उसने कहा, नागरिकों की स्वतंत्रता के मामले में हर एक दिन मायने रखता है। नियमित जमानत के मामले को लगभग 11 महीने तक लंबित रखना याचिकाकर्ता को उसकी स्वतंत्रता से वंचित करता है।

### ग्रीष्म अवकाश से पहले हो मामले में फैसला

पीठ ने कहा, हम उच्च न्यायालय से ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होने से पहले जमानत याचिका पर फैसला करने का अनुरोध करते हैं। उच्च न्यायालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश तीन जून से शुरू होगा और 31 मई अंतिम कार्य दिवस होगा। ढल आबकारी नीति से जुड़े अलग-अलग मामलों में आरोपी हैं। सीबीआई और ईडी इन मामलों की जांच कर रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय का धनशोधन का मामला सीबीआई द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी पर आधारित है। इससे पहले, एक अधीनस्थ अदालत ने सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के एक मामले में ढल की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सीबीआई और ईडी के अनुसार, आबकारी नीति में संशोधन के दौरान अनियमितताएं की गईं और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर, 2021 को नीति लागू की थी और भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच सितंबर 2022 के अंत में इसे रद्द कर दिया था।

# होर्डिंग गिरने के मामले में आरोपी भावेश भिंडे को 26 मई तक पुलिस हिरासत में भेजा

मुंबई, एजेंसी

मुंबई की एक अदालत ने घाटकोपर में होर्डिंग गिरने के मामले में विज्ञापन कंपनी के निदेशक भावेश भिंडे को शुक्रवार को 26 मई तक की पुलिस हिरासत में भेज दिया। होर्डिंग गिरने की घटना में 16 लोगों की मौत हो गयी थी।

भिंडे को बृहस्पतिवार को राजस्थान के उदयपुर से गिरफ्तार कर मुंबई लाया गया। भिंडे की ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने घाटकोपर में विशाल होर्डिंग लगाया था, जो 13 मई को धूल भरी तेज आंधी के दौरान एक पेट्रोल पंप पर गिर गया था। घटना के बाद से भिंडे फरार था, जिसके खिलाफ पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने भिंडे को गिरफ्तार करने के बाद अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट केएस जनवार के समक्ष पेश किया और 14 दिनों की हिरासत मांगी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की एजेंसी तीन से चार और होर्डिंग का प्रबंधन करती है इसलिए मामले में जांच की जरूरत है। पुलिस के मुताबिक, एक होर्डिंग के प्रबंधन के लिए पांच करोड़ रुपये की जरूरत होती है और इसलिए भिंडे के व्यवसाय के वित्तीय पहलू की जांच करने की जरूरत है।

- घाटकोपर इलाके में सोमवार को होर्डिंग गिरने से 16 लोगों की हो गई थी मौत

पुलिस ने बताया कि इसके अलावा होर्डिंग लगाने के लिए किसने मंजूरी दी और किसने उसे प्रमाणपत्र दिये इसकी जांच की भी जरूरत है। आरोपी की ओर से पेश हुए वकील रिजवान मर्चेन्ट ने दावा किया कि पुलिस ने भिंडे को गिरफ्तार करने का आधार नहीं बताया, जिस कारण रिमांड याचिका अवैध है। वकील ने दलील दी कि भिंडे दिसंबर 2023 में कंपनी के निदेशक बने थे जबकि गैर कानूनी होर्डिंग के लिए अनुबंध ईगो मीडियो को नवंबर 2022 में दिया गया था। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपी को 26 मई तक की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

### जीआरपी ने 2021 में चार और अवैध होर्डिंग्स लगाने की दी थी अनुमति

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी के नेता किरीट सोमैया ने शुक्रवार को एक्स पर दावा किया कि जीआरपी ने 2021 में घाटकोपर बिलबोर्ड ढहने के मामले में शामिल विज्ञापन कंपनी ईजीओ मीडिया को मुंबई में चार और अवैध होर्डिंग लगाने की अनुमति दी थी। ये होर्डिंग्स दादर के तिलक ब्रिज के पास रेलवे पुलिस कॉलोनी में लगाए गए हैं।

## पुलिस चौकी में आत्महत्या के मामले में दो महिलाओं पर रिपोर्ट

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में बिसरख थानाक्षेत्र की चिपियाना बुजुर्ग पुलिस चौकी में बृहस्पतिवार सुबह एक युवक के कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में उसके परिजनों ने दो महिलाओं के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि बलात्कार के आरोप में पूछताछ के लिए पुलिस चौकी लाए गए योगेश नामक युवक ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में परिजनों द्वारा गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद पुलिस आयुक्त ने पुलिस चौकी में तैनात सभी पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। मृतक का अंतिम संस्कार उसके गृह जनपद अलीगढ़ में कर दिया गया है। पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय सुनीति ने बताया कि धर्मवीर पुत्र तेजवीर सिंह ने बीती रात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# इंडिया गठबंधन वाले आएंगे तो राम मंदिर पर फिर से बाबरी वाला ताला लगाएंगे : शाह

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** जगतपुर के दौलतपुर स्थित मैदान में गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि 70 साल के इंतजार के बाद अयोध्या में हमारे नेता नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा किया है। उस पर भी कांग्रेस वाले कहते हैं कि राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा ढंग से नहीं हुआ। उन्होंने जनसभा में कहा कि इंडिया एलाइंस वाले आएंगे तो राम मंदिर पर फिर से बाबरी वाला ताला लगाएंगे।

गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेता लालू जी अपने बेटे को मुख्यमंत्री, ममता जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री और सोनिया जी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। रायबरेली और अमेठी गरीब युवाओं की सीट है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र है परिवार की कोई सीट नहीं होती, जो संकट में साथ रहता है जो विकास करता है वही सीट पर जीत कर आता है। गृहमंत्री अमित शाह ने कश्मीर का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी 70 सालों से धारा 370 को संभाल कर बैठी थी। मोदी जी ने धारा 370 को समाप्त कर दिया अब कांग्रेस पार्टी कहती है कि हम धारा 370 को वापस लाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने इस देश से आतंकवाद को समाप्त किया है। सर्जिकल स्ट्राइक और अस्थाई सरकार पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों का सफाया करने का काम नरेंद्र मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि मणिशंकर अय्यर, फारूक अब्दुल्ला कहते है कि कश्मीर की बात ना करो। पाकिस्तान के पास एटम बम है। 130 करोड़ का देश है, मैं आज इस भूमि से राहुल बाबा को कह कर जाता हूं, राहुल बाबा आपको डरना है तो डरिए। कश्मीर भारत का है रहेगा और हम इसको वापस लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि आज तक मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री पर चार आने का भी आरोप नहीं हुआ है और दूसरी ओर कांग्रेस के राहुल बाबा के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन से जिसे 12 लाख करोड़ के घोटाले, भ्रष्टाचार और उनके नेताओं के घर से साढे 300 करोड़ रूपया मिला। क्या पूरी सभा में किसी ने साढे 300 करोड रुपये एक साथ देखा है? उन्होंने कहा कि इन लोगों ने देश को लूटने का काम किया है। गृहमंत्री ने कहा कि राहुल बाबा कान खोलकर सुन लो जिन-जिन लोगों ने भ्रष्टाचार किया है सबको जेल की सलाखों के पीछे डालने का काम नरेंद्र मोदी सरकार करने वाली है। आपका विकास नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुआ। ढेर सारे काम मोदी जी ने उत्तर प्रदेश के अंदर किए हैं।



- गृह मंत्री ने गांधी परिवार पर बोला करारा हमला

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदेशखालि की पियाली को दी जमानत

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदेशखालि की भाजपा की कार्यकर्ता पियाली दास को शुक्रवार को जमानत दे दी। पियाली ने अपने खिलाफ दर्ज मामले में तीन दिन पहले निचली अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था।दास के खिलाफ आरोप हैं कि उन्होंने संदेशखालि की एक महिला से कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराए थे और बाद में इसमें तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत लिखी गई थी। दास ने 14 मई को निचली अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद बशीरहाट उप-संभागीय अदालत के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दास की जमानत याचिका खारिज कर दी थी और उन्हें आठ दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। भाजपा कार्यकर्ता ने जमानत के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने दास को निजी मुचलके पर रिहा करने के निर्देश दिए।

# अंजलि हत्याकांड का आरोपी गिरीश गिरफ्तार

हुबली (कर्नाटक), एजेंसी

- शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर कर दी गई थी हत्या

शादी का प्रस्ताव ठुकराने की वजह से एक युवती (अंजलि अम्बिगर) की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या करने के बाद से फरार आरोपी 22 वर्षीय गिरीश सावंत को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।

सावंत ने बुधवार को यहां वीरपुर ओनी स्थित अंजिल (20) के घर में उस पर कथित तौर पर कई बार चाकू से वार किया और फरार हो गया। संयोगवश, वह चलती ट्रेन से गिरने के बाद पूछताछ के दौरान पुलिस के शिकंजे में फंस गया।

हुबली धारवाड़ की पुलिस आयुक्त रेणुका सुकुमार ने बताया कि आरोपी को रेलवे पुलिस की मदद से बृहस्पतिवार रात दावणगेरे से पकड़ा गया। उसे मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, कथित तौर पर ट्रेन से गिरने के बाद उसके सिर और चेहरे पर चोटें आईं। हम जांच कर रहे हैं कि ट्रेन में वास्तव में क्या हुआ था।

### पुलिस लापरवाही की जांच के आदेश

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री परमेश्वर ने शुक्रवार को कहा कि हुबली में अंजलि अंबिगेरा हत्याकांड में पुलिस की कथित लापरवाही के मामले में अतिरिक्त पुलिस उप महानिदेशक (एडीजीपी) रैंक के एक अधिकारी से रिपोर्ट मांगी गयी है। रिपोर्ट के अनुसार अंजलि (20) की बुधवार को उसके कथित प्रेमी ने बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी थी। इन आरोपों को देखते हुये डॉ. परमेश्वर ने कहा, मैं यह आकलन करने के लिए एक समीक्षा बैठक बुलाऊंगा कि क्या पुलिस अधिकारियों ने कोई चूक की है। यदि ये अपराध अक्सर हो रहे हैं तो हमें अंतर्निहित कारकों की पहचान करने और उनसे निपटने की आवश्यकता है।

## आरएमपी नेता हरिहरन गिरफ्तार बाद में थाने से मिली जमानत

**कोझीकोड (केरल)।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की वरिष्ठ नेता केके शैलजा और मलयालम फिल्मों की अभिनेत्री मंजू वारियर के खिलाफ कथित तौर पर लैंगिक टिप्पणी करने के लिए रिवोल्यूशनरी मार्क्सिस्ट पार्टी (आरएमपी)के नेता के. एस. हरिहरन को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि वटकरा पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया और बाद में थाने से जमानत देकर उन्हें रिहा कर दिया। कम गंभीर अपराधों में आरोपी को गिरफ्तारी के बाद थाने से जमानत मिल जाती है। इसमें गिरप्तारी के बाद आरोपी को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाता है। हरिहरन ने वटकरा में 11 मई को एक जनसभा के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। वामपंथी संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक वुमेन्स एसोसिएशन द्वारा हाल ही में दर्ज कराई गयी शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गयी। पुलिस ने 12 मई को हरिहरन के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 509 (एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना) और 153 (दंगा भड़काने के इरादे से जानबूझकर उकसाना) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। हरिहरन ने रिहा होने के बाद बताया कि उनके भाषण के बाद सोशल मीडिया पर उन्हें और उनकी पार्टी नेता केके रीमा को निशाना बनाया गया।

- मकपा नेता शैलजा और अभिनेत्री मंजू वारियर के खिलाफ की थी लैंगिक टिप्पणी

# अध्यापकों के विनियमितीकरण पर नए सिरे से नियमानुसार करें विचार: हाईकोर्ट

लखनऊ, विधि संवाददाता

## 1993 से 1996 के बीच मैनेजमेंट कॉलेजों में नियुक्त शिक्षकों के विनियमितीकरण विवाद पर लखनऊ बेंच का आदेश

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश में वर्ष 1993 से 1996 के बीच विभिन्न प्रबंधकीय कॉलेजों में नियुक्त किये गए अध्यापकों का विनियमितीकरण करने से इंकार करने के क्षेत्र स्तरीय कमेटी के विभिन्न आदेशों को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने कहा है कि सम्बंधित जिला विद्यालय निरीक्षकों या कॉलेजों के सम्बंधित मैनेजमेंट से याची अध्यापकों के रिकॉर्ड मंगाकर, उन्हें सुनवाई का पूरा मौका देते हुए, नियमानुसार विनियमितीकरण पर निर्णय लिया जाए। न्यायालय ने तीन माह में यह कार्यवाही पूर्ण करने का आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की एकल पीठ ने तीरथराज समेत लगभग तीन दर्जन से अधिक अध्यापकों की याचिकाओं को मंजूर करते हुए पारित किया। न्यायालय ने कहा कि सरकार से एक कल्याणकारी सरकार की तरह न्यायोचित और पारदर्शी तरीके से काम करने की अपेक्षा है। न्यायालय ने कहा कि याचीगण पिछले दो दशक से अधिक समय से काम कर रहे हैं। उनकी नियुक्ति प्रदेश के दूरदराज इलाकों में उस समय की गई थी जब शिक्षकों की काफी कमी थी। याचियों ने क्षेत्र स्तरीय कमेटी के आदेशों को चुनौती दी थी जिनमें यह कहकर याचियों का विनियमितीकरण करने से इंकार कर दिया गया था कि जिला विद्यालय निरीक्षक या प्रबंध तंत्र ने उनका आवश्यक दस्तावेज नहीं प्रेषित किया।



### आदेश समझ से परे

इस पर न्यायालय ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक स्वयं क्षेत्र स्तरीय कमेटी का सदस्य होता है ऐसे में जिस तर्क के आधार याचियों के खिलाफ आदेश पारित हुआ है वह समझ से परे है। न्यायालय ने कहा कि याचियों को सुनवाई का भी मौका नहीं दिया गया है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने सभी याचिकाओं को मंजूर कर लिया और याचियों के विनियमितीकरण के बारे में नए सिरे से निर्णय लेने का आदेश जारी किया है।

## शाहजहां शेख की 14 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को बताया कि उसने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के उत्पीड़न और जमीन कब्जाने के आरोपी एवं तृणमूल कांग्रेस से निलंबित शाहजहां शेख और उससे कथित तौर पर जुड़े लोगों की 14 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क करने का नया आदेश जारी किया है। एजेंसी ने बताया कि शाहजहां शेख, उसके भाई एस.के. आलमगीर, शेख सुमैया हाफिजिया ट्रस्ट (आलमगीर द्वारा प्रतिनिधित्व किया जाता है), शाहजहां शेख के 'साथियों' अब्दुल अलीम मुल्ला और शिब प्रसाद हाजरा एवं कुछ अन्य की कुल 17 बैंक खातों में जमा 3.78 करोड़ रुपये और 10.50 करोड़ रुपये की कुल 38.90 बीघे की 55 अचल संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी ने बताया कि कुर्की का वैकल्पिक आदेश धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जारी किया है। ईडी ने इस मामले में 12.78 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने का पहला आदेश मार्च में जारी किया था। संघीय एजेंसी ने बताया कि शाहजहां शेख ने जमीन हड़पने, अवैध मत्स्यपालन और व्यापार, ईंट भट्ठों को हथियाने, ठेकेदारी में गिरोहबाजी, अवैध रूप से उगाही और भूमि सौदों में कमीशन आदि के आधार पर अपना आपराधिक साम्राज्य स्थापित किया।

- धनशोधन मामले में ईडी ने की कार्रवाई

यादृशैः सन्निविशते यादृशांश्चोपसेवते।
यादृगिच्छेच्च भवितुं तादृग् भवति पूरुषः॥

व्यक्ति जैसे लोगों के साथ उठता-बैठता है, जैसे लोगों की संगति करता है, उसी के अनुरूप स्वयं को ढाल लेता है।

## संपादकीय

# आर्थिक प्रगति की रफ्तार

संयुक्त राष्ट्र ने विश्व अर्थव्यवस्था के 2024 में 2.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान लगाया है, जो कि जनवरी 2024 के आंकड़े की तुलना में 0.3 प्रतिशत अधिक है। 2025 में आर्थिक प्रगति की रफ्तार 2.8 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। यह अमेरिका और ब्राजील, भारत तथा रूस सहित कई उभरती अर्थव्यवस्थाओं में बेहतर प्रदर्शन की ओर भी इशारा करता है। भारत की अर्थव्यवस्था के वर्ष 2024 में 6.9 प्रतिशत और अगले वर्ष 6.6 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ने का अनुमान है। गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र के एक विशेषज्ञ ने कहा कि भारत का आर्थिक विकास प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है और यह कई पश्चिमी कंपनी के लिए निवेश करने का एक वैकल्पिक गंतव्य बन गया है क्योंकि चीन में विदेशी निवेश कम होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को संशोधित किए जाने के मौके पर विशेषज्ञ ने यह बात कही। कई प्रमुख फैक्टर भारत के मौजूदा आर्थिक परिदृश्य को चिन्हित करते हैं। भारत की अर्थव्यवस्था के लिए महंगाई लगातार एक चिंता बनी रही है। परंतु हाल की वित्तीय और मौद्रिक नीतियों में महंगाई को काबू में रखने की कोशिशें साफ तौर पर दिखी हैं। हालांकि अनेक विकासशील अर्थव्यवस्थाएं अब भी महंगाई से जूझ रही हैं। अनेक देशों को उधार लेने की ऊंची क़ीमतों, राजनैतिक अस्थिरता और विनमिय दर के दबावों का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक वैश्विक आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। फिर भी भूराजनैतिक तनावों व टकरावों के गहन रूप धारण करने की आशंका से अनेक अर्थव्यवस्थाओं के लिए निकट भविष्य में आर्थिक हालात पर असर पड़ सकता है। इसलिए फिलहाल आर्थिक मोर्चे पर सतर्कता बनाए रखने की जरूरत है। रिपोर्ट में बेहतर हो रहे आर्थिक हालात के साथ-साथ ऊंची ब्याज़ दरों, कर्ज सततता संबंधी चुनौतियों और चरम मौसम घटनाओं के प्रति सचेत किया गया है।

गौरतलब है कि गत वर्ष भारत ने चीन को पीछे छोड़कर दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाले देश का दर्जा हासिल कर लिया। दुनिया में एक प्रमुख देश के तौर पर खुद को स्थापित करने के लिए अपने व्यापक मानव संसाधन, विशेष रूप से अपनी युवा जनसंख्या के इस्तेमाल की भारत की क्षमता की तरफ दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। शिक्षा, कौशल विकास और नई नौकरियों के ज़रिए भारत के इस जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा उठाने से आर्थिक विकास में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसके लिए बढ़ते कार्य बल के मुताबिक प्रभावी संसाधन प्रबंधन और अवसर के प्रावधान की भी आवश्यकता है।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

एक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति या नीति, देश के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं और सुरक्षा चिंताओं को पूरा करने और देश के लिए बाहरी और आंतरिक खतरों को दूर करने के लिए देश के लिए एक महत्वपूर्ण ढांचा है।

वर्तमान समय में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद है। आतंकवाद ऐसे कार्यों का समूह होता है जिसमें हिंसा का उपयोग किसी प्रकार का भय व क्षति उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। यदि भारत में हुई बड़ी आतंकी घटनाओं की बात की जाए तो वर्ष 2008 का मुंबई बम धमाका, वर्ष 2016 के पुलवामा हमले ने भारत को गहरे जख्म दिए हैं। आतंकवाद के अतिरिक्त संगठित अपराध भी आज राष्ट्रीय सुरक्षा के सम्मुख बड़ा खतरा है। राजनीतिक दलों और नेताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में हल्की बयानबाजी से बाज आना चाहिए। असल में जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा की हो तो दुनिया में हमारी एकता का संदेश जाना चाहिए।

राष्ट्रीय सुरक्षा से बड़ा कोई मुद्दा हो ही नहीं सकता। इस मुद्दे के सामने बाकी सारे मुद्दे गौण हो जाते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे अति गंभीर, महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दे पर जब कोई भी बेतुकी बयानबाजी की जाती है तो देशवासियों को अंदर तक चोट पहुंचती है। ऐसे तमाम प्रकरण हैं जब अपनी राजनीति चमकाने और सरकार पर हमला करने की नीयत से विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे करोड़ों लोगों के जीवन से जुड़े प्रश्न पर बेतुकी बयानबाजी करता है।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ इलाके में बीती 4 मई को आतंकियों ने वायुसेना के काफिले पर हमला किया था जिसमें एक जवान ने शहादत दी और चार घायल अब भी उपचाराधीन हैं। इस हमले को पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने भाजपा की 'चुनावी स्टंटबाजी' करार दिया। यह राष्ट्रीय सुरक्षा और सेनाओं के सम्मान की अनिवार्यता का भी उल्लंघन है कि एक सरहदी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने ऐसा बयान दिया है। पुंछ के घने, गहरे, जंगलात इलाकों में सेना और सुरक्षा बलों का ऑपरेशन अब भी जारी है, आतंकियों के दो स्केच जारी कर 20 लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है और आश्चर्य है कि इस कवायद को 'स्टंटबाजी' करार दिया गया है।

कांग्रेस नेताओं को सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट हवाई आक्रमण भी फर्जी और स्टंट लगे थे। वे लगातार सरकार से सवाल पूछते रहे और व्याख्याएं करते रहे कि आतंकी अड्डे नेस्तनाबूद नहीं हुए, बल्कि हमलों की चपेट में कुछ पक्षी आ गए थे। राष्ट्रीय सुरक्षा पर इतना खोखलापन और सियासी विरोध वाकई चिंतित करता है, क्योंकि ऐसी टिप्पणियां करना हमारे सैनिकों के शौर्य और शहादतों का भी अपमान है। जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में ही दूसरा बयान फारूक अब्दुल्ला का है। वह कई सालों तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे। बीती 17 वीं लोकसभा में भी सांसद थे। भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे। इसके बावजूद फारूक का पाक परस्त और चीन समर्थक रवैया कोई नई बात नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा से आशय किसी राष्ट्र-राज्य की सरकार की अपने नागरिकों, अर्थव्यवस्था और अन्य संस्थानों की सुरक्षा करने की क्षमता से है। इक्कीसवीं सदी में राष्ट्रीय सुरक्षा सिर्फ सैन्य हमलों के खिलाफ स्पष्ट सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि आज तो राष्ट्रीय सुरक्षा में कई गैर-सैन्य मिशन भी शामिल हैं। यदि राष्ट्रीय सुरक्षा के इन गैर-सैन्य मिशनों की बात की जाए तो इसके अंतर्गत आर्थिक सुरक्षा, राजनीतिक सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, मातृभूमि सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, मानव सुरक्षा और पर्यावरण सुरक्षा जैसे विषय शामिल हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा की सुनिश्चितता हेतु सरकारें कूटनीति के साथ-साथ राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य शक्ति आदि रणनीतियों पर अमल करती हैं।

एक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति या नीति, देश के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं और सुरक्षा चिंताओं को पूरा करने और देश के लिए बाहरी और आंतरिक खतरों को दूर करने के लिए देश के लिए एक महत्वपूर्ण ढांचा है। भारतीय राज्य के पास एक व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का अभाव है, जो देश की सुरक्षा के लिए चुनौतियों का व्यापक आकलन करती हो और उनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नीतियां बनाती हो। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की अध्यक्षता में एक शीर्ष स्तरीय रक्षा योजना समिति की स्थापना वर्ष 2018 में की गई थी, जिसे राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा नीति तैयार करनी थी, लेकिन अब तक इस पर कोई प्रगति नहीं हो पाई है। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के संदर्भ में बयान दिया था, जिस पर फारूक अब्दुल्ला ने प्रतिक्रिया दी कि उन्होंने भी चूडियां नहीं पहन रखीं। उनके पास भी एटम बम है और वह बम हम पर ही गिरेगा। फारूक ने भारत की सामरिक ताकत को खौफजदा करने की कोशिश की है। एक बार फिर उन्होंने पाकिस्तान की भाषा बोली है। हालांकि वह सीमापार आतंकवाद के अंजामों को बखूबी जानते हैं। उन्हें 1999 का 'कारगिल युद्ध' याद होगा। चलो, 1965 और 1971 के युद्धों को 'लंबा अतीत' मान लेते हैं, लेकिन पाकिस्तान को सब कुछ याद है। दुनिया ने यह भी देखा है कि युद्ध के नाम पर वहां की 'नेशनल असेंबली' (संसद) में नेताओं के हाथ-पांव किस तरह कांपने लगते हैं?

बहरहाल कश्मीर में अब्दुल्ला परिवार की हुकूमत के तीन दशकों के दौरान आतंकवाद और अलगाववाद कितना फला-फूला था, यह देश अच्छी तरह जानता है। उनकी स्मृतियां भी शेष हैं। कश्मीरी पंडितों के साथ अत्याचार किए गए थे, हत्याएं की गई थीं, अंततः वे कश्मीर छोड़ने को विवश हुए। उसकी बुनियाद भी फारूक सरकार के दौरान रख दी गई थी। राज्य में उस दौर में 70,000 से अधिक आतंकी घटनाएं हुईं और 35,000 से अधिक कश्मीरी जवान मार दिए गए। ऐसा राजनेता आज पाकिस्तान की चूड़ियों और एटम बम की परोक्ष धमकी हमें दे रहा है। आज हमें 'नया कश्मीर' दिखाई दे रहा है। कश्मीर में रात 11 बजे भी 'लाल चौक' के पास घूम सकते हैं। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद 2 करोड़ से अधिक पर्यटक 'पृथ्वी की जन्नत' देखने आए हैं। आतंकवाद के छाया पैरोकार रहे नेता बार-बार हमारे शहीदों और सैनिकों को अपमानित क्यों करते हैं? ऐसी ही हरकत मुंबई में कांग्रेस के नेता विजय वडेट्टीवार ने की है। उन्होंने एक किताब के हवाले से बयान दिया है कि 26/11 आतंकी हमले के दौरान पुलिस के जाबांज अफसर हेमंत करकरे को आतंकवादी कसाब की गोली नहीं लगी थी, बल्कि वह आरएसएस समर्थक पुलिस अधिकारी की बंदूक से निकली गोली से शहीद हुए थे।

इस निरर्थक बयान पर शशि थरूर जैसे बौद्धिक सांसद ने जांच की मांग की। शहादतों पर इस तरह संदेह करने और अनाप-शनाप बयान देने से कितने वोट हासिल होंगे? देश की जनता का विवेक बखूबी यह जानता है। देश की सुरक्षा का मुद्दा राजनीति का मुद्दा नहीं है। न ही शहादतों पर थोथी बयानबाजी होनी चाहिए। चन्नी, फारूक व शशि थरूर तीनों ने सीमाएं लांघ कर बयान दिए हैं। ऐसे बयानों से बचना चाहिए। यदि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष चुनौतियों पर गौर करें तो भारत की भू-राजनीतिक स्थिति, इसके पड़ोसी कारक, विस्तृत एवं जोखिम भरी स्थलीय, वायु और समुद्री सीमा के साथ इस देश के ऐतिहासिक अनुभव इसे सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील बनाते हैं।

वर्तमान समय में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद है। आतंकवाद ऐसे कार्यों का समूह होता है जिसमें हिंसा का उपयोग किसी प्रकार का भय व क्षति उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। यदि भारत में हुई बड़ी आतंकी घटनाओं की बात की जाए तो वर्ष 2008 का मुंबई बम धमाका, वर्ष 2016 के पुलवामा हमले ने भारत को गहरे जख्म दिए हैं। आतंकवाद के अतिरिक्त संगठित अपराध भी आज राष्ट्रीय सुरक्षा के सम्मुख बड़ा खतरा है। राजनीतिक दलों और नेताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में हल्की बयानबाजी से बाज आना चाहिए। असल में जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा की हो तो दुनिया में हमारी एकता का संदेश जाना चाहिए।

## प्रसंगवश

# खुफिया जानकारी एकत्र करने वाला नेटवर्क न बने मीडिया

मामला सिर्फ अंग्रेजी पत्रकारिता से नाम कमाना ही नहीं, बल्कि अस्तित्व की रक्षा से भी जुड़ा है। हिंदी भाषा के एक बड़े अखबार के संपादक अंग्रेजी भाषा की अपनी ही एक सिस्टर पब्लिकेशन में सामयिक विषयों और अधिकांश तौर से पॉलिटिक्स पर अंग्रेजी में कमेन्ट्रीज लिखने का लोभसंवरण नहीं कर पाते हैं। अंग्रेजी भाषा में शानदार नैरेटिव लिखते हैं। इन्हें लगता है कुछ ऊंची बात ऊंचे लोगों तक पहुंचानी है और इन पर पकड़ बनानी है तो अंग्रेजी भाषा में लिखना ही पड़ेगा। क्या अंग्रेजी सचमुच ही हिंदी पर भारी पड़ती है? जी बिल्कुल। सच यही है, बेशक भारत सरकार का राजभाषा विभाग हर साल देश में सरकारी तौर से हिंदीकरण पर या हिंदी को लोकप्रिय बनाने पर करोड़ों रुपया खर्च करता है।



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

आम आदमी को इससे क्या फर्क पड़ता है! देश के बड़े लोगों या नीति निर्धारकों और 'डेस्टिनी मेकर्स' के दिमाग पर अंग्रेजी भाषा का मीडिया छाया रहता है। वे इसमें से वक्तव्यों और जानकारी को 'सेक्रेड स्क्रिपचर्स' की तरह कोट अथवा उद्धृत करते हैं। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हर बड़े बिजनेस हाउस, लगभग हरेक स्तर के बड़े और मध्यम मीडिया-अंग्रेजी, हिंदी और वर्नाक्युलर के दफ्तर और ब्यूरो हैं। कुछ बड़े अखबार और पत्रिकाएं दिल्ली से प्रकाशित होती हैं। दो बड़े अखबारों ने पिछले दसेक साल से गुरुग्राम से दिल्ली संस्करण को प्रिंट करना शुरू किया है।

दिल्ली से राष्ट्रीय राजनीति और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कूटनीति तय होती है। दिल्ली में सभी देशों के दूतावास और हाई कमीशन हैं। दिल्ली हर प्रकार से ग्लोबली लिंक्ड है और राष्ट्रीय स्तर की सभी पॉलिटिकल पार्टियों के यहां दफ्तर भी हैं। भारत सरकार के मंत्रालय यहीं हैं और भारत सरकार भी। पॉलिटिकल, सिक्यूरिटी एंड डिफेंस, स्ट्रेटेजिक, साइंटिफिक, टेक्नोलॉजीकल, इकॉनोमिकल, सोशल, एंथ्रोपोलॉजिकल, लिंग्विस्टिक्स और न जाने क्या-क्या किस्म की इंफार्मेशन गैदरिंग और इंटेलिजेंस यहां से जुटाई जाती हैं। एंबेसियों का कुछ काम इंटेलिजेंस गैदरिंग भी है। यहां तक कि मौसम और ट्रैफिक संबंधी डाटा, फ्यूल और एनर्जी संबधी डाटा भी चुराया जाता है। ऐसे में अगर आप भाषाई जर्नलिज्म करते रहे तो यहां आपको कौन पूछता है? इसलिए अंग्रेजी में लिखिए और ध्यानाकर्षण करें। अंग्रेजी मीडिया के लिए जो लोग लिखते हैं और खास तौर से फॉरेन मीडिया के लिए वे बहुत पैसा जर्नलिज्म से ही कमाते हैं। मीडिया में विदेशी इंटेलिजेंस एजेंसीज के 'मोल्स' भी बहुत हैं। बड़े अखबारों के बड़े पत्रकार भारत सरकार और बिजनेस हाउसेस के बड़े एग्जीक्यूटिव्स और उद्योगपतियों से करीबी होते हैं। इन्हें अंदर की बातें मालूम रहती हैं और फिर पूरी तरह से एन्क्रिप्टेड वाट्सएप तो है ही। विदेश में वाट्सएप इंटरनेट के जरिए आप फ्री में बात भी कर सकते हैं, बशर्ते 'ईव्स ड्रापिंग' न हो।

भारतीय मीडिया में हुई एनालिसिस अर्थात् इंटेलेक्चुअल चीर-फाड़ को विदेश के 'इंटेलिजेंस गैदरर्स' फिर से एनालायज करते हैं और अपनी सरकारों को सूचना देते हैं। 'केबल' और 'वायर' का ज़माना अब गया। अब जासूसी संदेश एन्क्रिप्टेड और कॉम्प्रेस किए जाते हैं और सेटेलाइट के द्वारा प्राइवेट फ्रीक्वेंसीज पर चंद सेकंड्स में ही ट्रांसमिट कर दिए जाते हैं। इस मामले में भारत भी पीछे नहीं है। अन्य देशों में हम भी यही काम करते हैं। एक दशक से कुछ अधिक समय हुआ जब पांच महत्वपूर्ण देशों में हमारे साइंस अटेची दूतावासों में तैनात थे। इनका काम बहुत ही निम्न स्तर का होने के कारण इन पदों को समाप्त कर दिया गया। अनेक देश भारत में पूंजी का बड़ा निवेश कर चुके हैं। इन्हें अपने लोगों और इनके परवारों, आर्थित हित और एसेट्स की सुरक्षा की हमेशा चिंता रहती है। मसला एक नहीं, बहुआयामी है। सूचना और मूवमेंट ही आज का सबसे ताकतवर हथियार है न कि आपके पास कितना असलहा है।

यह ताज्जुब की बात है कि देश के बड़े अखबारों में से किसी ने भी अभी तक ऐसा कोई लेख प्रकाशित नहीं किया जिससे हमें यह मालूम हो कि भारत में सन् 2024 के लोकसभा चुनाव के बारे में विदेशी अखबार अथवा मीडिया कैसी कवरेज दे रहा है और वे क्या सोचते हैं? हमारा रिसर्च एंड एनालिसिस विंग ही इस मामले में मुझे जागरूक लगता है।

# सोशल मीडिया से चुनाव पर पड़ता प्रभाव



डॉ. अजय कुमार मिश्रा
लखनऊ

ऐसे में सोशल मीडिया ने एक नई भूमिका अदा की है। सही बात जब कही नहीं सुनी जाती तो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही उस पर त्वरित कार्यवाही करने को सरकार भी बाध्य हो रही है।

समय व्यतीत होने के साथ-साथ तकनीकी ने सभी क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन किया है। समाचार का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। समाचार क्षेत्र में कारपोरेट के दबदबे ने सभी को यह एहसास दिलाया है कि तीन दशक पूर्व आधे घंटे का समाचार व्यक्ति को वो सभी जानकारी दे देता था जिसकी उन्हें आवश्यकता होती थी, जबकि समाचार की इस भीड़ में 24 घंटे सभी को वो परोसा जा रहा है जिसे कुछ लोग बैठकर निर्धारित करते हैं और इन सबके पीछे का उद्देश्य आपको मानसिक रूप से नियंत्रित करना है। यह अब हम सभी ने आसान भी कर दिया है, क्योंकि हम अब तर्क करना भूल गए हैं। हमें जो परोसा जाता है उसे ही हम सही मान लेते है।

ऐसे में सोशल मीडिया ने एक नई भूमिका अदा की है। सही बात जब कही नहीं सुनी जाती तो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही उस पर त्वरित कार्यवाही करने को सरकार भी बाध्य हो रही है। यही नवचार और शक्ति है, जो यह सोचने और समझने पर विवश कर रही है कि क्या सोशल मीडिया लोकसभा चुनाव पर प्रभाव डालेगा? कुछ युवाओं से व्यक्तिगत वार्तालाप करने पर उनका कहना था कि यदि कांग्रेस सत्ता में वापसी करती है तो इसका सीधा श्रेय यूट्यूबर ध्रुव राठी व अन्य को जाएगा, क्योंकि इधर कुछ दिनों में ध्रुव राठी के वीडियो न केवल लोगों में प्रसिद्ध हो रहे हैं, बल्कि समाचार के मुख्य स्रोतों या यूं कहें मीडिया घरानों द्वारा उद्देश्य पूरक समाचार न देने की कलई भी खोल दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त व्हाट्सएप, यूट्यूब, फेसबुक, एक्स पर अनेक ऐसे व्यक्तित्व हैं जिनके द्वारा ऐसी सच्चाई सामने लगातार लाई जा रही है, जो मुख्य मीडिया की प्रभावशाली धारा में दबकर खत्म हो जा रही थी। वर्तमान में चल रहे लोकसभा चुनाव के कुल सात चरणों में से चार चरण का चुनाव पूरा हो गया है और पाचवें चरण का चुनाव 20 मई को है। अभी तक किए गए प्रचार-प्रसार को आप देखें तो राजनेताओं ने न केवल सभी हद पार कर दी, बल्कि यह सभी को एहसास करा दिया है कि कुर्सी के लिए वो कितने गिर सकते है। समाचार पत्र और चैनल्स स्वयं पार्टियों का प्रचार-प्रसार आम आदमी के हितों की अनदेखी करके कर रहे है।

आम जनता की जमीनी समस्याएं जस की तस कराह रही है, जबकि सभी के अपने-अपने दावे है। रोजगार की मांग को सीधे अनसुना किया जाना। शिक्षा और स्वास्थ्य की लागत आम आदमी की पहुंच से दूर हो जाना, बढ़ती महंगाई और अमीरी-गरीबी की खाई समेत अनेक बातें हैं जिसका संज्ञान चुनावी पार्टियों ने नहीं लिया है, जिन्होंने लिया भी है उनका उद्देश्य सिर्फ वोट पाने तक सीमित है। ऐसे में सोशल मीडिया की भूमिका अब अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। कई दिग्गजों के एक्स पोस्ट पर आपको सीधे कटाक्ष करने वाले पोस्ट देखने को मिलेंगे। यानी लोगों को बात रखने का एक अनूठा माध्यम सोशल मीडिया ने दिया है और अब वह दिन प्रतिदिन प्रभावशाली भी हो रहा है। इस लोकसभा चुनाव में यह सीधे तौर पर कहा जा सकता है कि सोशल मीडिया प्रभाव डालेगा पर उसका प्रतिशत क्या होगा यह अभी अनिश्चित है। बढ़ती हिस्सेदारी, स्वतंत्रता, सोशल मीडिया को अधिक मजबूत बना रही है, जो अब समाचार पाने और देने का विश्वसनीय स्रोत बन गया है। परंपरागत समाचार प्रदाता अब अपनी साख खोने लगे हैं। जनता अब सीधे सवाल करने में यकीन करने वाली हो गई है। विभिन्न बातों और वास्तविकताओं को समझने और मूल्यांकित करने के पश्चात यह आसानी से कहा जा सकता है कि वर्तमान लोकसभा चुनाव पर सोशल मीडिया प्रभाव डालने जा रहा है और भविष्य में होने वाले चुनावों में और गहराई से प्रभावशाली प्रभाव डालने वाला होगा। क्योंकि समय के साथ-साथ इनके उपयोगकर्ताओं में वृद्धि होगी और सभी के द्वारा पोस्ट किए जा रहे आंकड़ों और विवरणों के प्रति उनकी स्वयं की जिम्मेदारी भी। हालांकि केंद्र सरकार ने एक निति के तहत सभी तरह के सोशल प्लेटफार्म पर कुछ भी लिखने को लेकर एक नया नियम बनाया है। दिलचस्प होगा की आम जन के लिए आजादी का यह प्लेटफार्म कब तक स्वयं आजाद रह पाता है और चुनावों में अपनी भूमिका कितनी प्रतिबद्धता के साथ निभा पाता है, पर इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता कि चल रहे लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया व्यापक रूप से प्रभाव डाल रहा है। यदि सरकार बदल जाती है या ऐसा परिणाम आता है जिसकी कल्पना किसी ने नहीं की हो तो उसकी देन सोशल मीडिया ही माना जाएगा।

## सोशल फोरम

# आर्थिक स्वार्थों की लड़ाई

लड़ाई तो आर्थिक स्वार्थों की है, लेकिन उसे "सभ्यताओं के संघर्ष" नाम देकर धार्मिक आधार पर चलाने में सफलता इसलिए मिलती है कि अनेक ऐतिहासिक कारणों से इस्लामी संसार बर्बरता से निकल नहीं सका है। जिस तरह कभी ईसाइयों के आततायीपन से दुनिया दहल रही थी, उसी तरह उसके बाद इस्लाम के अनुयायियों के आततायीपन से दुनिया त्रस्त है।




अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

यूरोप के देशों ने शरणार्थी बन गए जिस मुसलमानों को अपने यहां आने और रहने दिया, वे अब इस्लामी कट्टरपन और आतंकवाद से परेशान हैं। अब भी ज्यादातर यूरोपीय देश अपनी शरणार्थी नीति में बदलाव नहीं कर रहे हैं, लेकिन फ्रांस या स्वीडन में आतंकी कार्रवाइयों जैसी कुछ और घटनाएं होने पर यह नीति जारी रह सकेगी, इसमें संदेह है। रूस ने इस समस्या को एक तरह सुलझाया था, चीन दूसरी तरह सुलझा रहा है। सबसे उदार भरतीय समाज, उसमें भी हिंदू समुदाय में भी इस्लामी आतंकवाद और कट्टरपन की प्रतिक्रिया में नफरत के बीज बोए जा सके हैं। यह बात हमारे देखते-देखते घटित हुई है कि 1985 से पहले जो भारतीय हिंदू सहज उदार था, वह सहसा उत्तेजित और फिर उग्र होने लगा।

खालिस्तानी आतंकवाद और इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिख विरोधी हिंसा राजनीतिज्ञों ने आयोजित की जिसमें हिंदुओं का चेहरा कुछ विकृत हुआ। राम मंदिर-बाबरी मस्जिद आंदोलन ने विभाजन की स्मृतियों को कुरेदकर सांप्रदायिकता के कोढ़ को उकसाय। इस प्रक्रिया में अधिकांश सेकुलर और स्वस्थ मन मुसलमान धीरे-धीरे अपने समुदाय के कट्टरपंथियों के हवाले कर दिए गए। आज जब हमारा देश एक तरफ गंभीर चुनौतियों से गुजर रहा है और दूसरी तरफ अपार संभावनाओं से भरपूर है, तब समाज में जो आंतरिक संगठन चाहिए, वह सत्तालोलुप पूंजीवादी राजनीतिज्ञों के भरोसे कायम नहीं हो सकता। वह प्रगतिशील राजनीति, जनवादी संस्कृतिकर्मी और उदार धर्मानुयायियों के सहयोग से होगा। नागरिकों की जिम्मेदारी है कि समाज को जाति-धर्म से ऊपर संगठित करें। मनुष्य की एकता जनता के हित की शर्त है।

**-फेसबुक वॉल से**

# परिवारवाद और व्यक्तिवाद के बीच चयन



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस चुनाव में ही नहीं 2029 के चुनाव के लिए भी शाह साहब मोदी का ही नाम पीएम पद हेतु प्रोजेक्ट कर रहे हैं। यह है व्यक्तिवाद का हाल! स्थिति "इंदिरा इज इंडिया' वाली ही यहां भी हो गई है। अतिशय व्यक्तिवाद ही तानाशाही का रूप ले लेता है, जो भी हो जनता को इस समय परिवारवाद और व्यक्तिवाद के बीच ही चुनाव करना होगा।

लोकसभा चुनाव मतदान के चरण लगातार बढ़ते जा रहे हैं। मतदाता में अपेक्षित उत्साह नहीं है और न कोई लहर है। इसकी पृष्ठभूमि में कहीं न कहीं वह नैराश्य है जिसके कारण 'हम भारत के लोग' अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति कहीं होते नहीं देख रहे हैं। चल रहे चुनाव में एक ओर भारतीय जनता पार्टी अपने कुछ सहयोगियों के साथ है और दूसरी ओर आईएनडीआईए गठबंधन है जिसमें कांग्रेस सबसे बड़ा दल है। बसपा अलग से अपने लिए नहीं, भाजपा की मददगार बी टीम के रूप में मैदान में है। मतदाता को परिवारवाद और व्यक्तिवाद के बीच ही चयन करने की मजबूरी है। कांग्रेस में कहने को कोई अध्यक्ष रहा हो, कोई पीएम रहा हो, वर्चस्व नेहरू-गांधी परिवार का ही सदा रहा और इस समय भी है। समाजवादी पार्टी की धुरी स्व. मुलायमसिंह यादव परिवार है, संप्रति जिसके मुखिया उनके बेटे अखिलेश यादव हैं। इसमें उनके परिवार की ही तूती बोलती है। शरद पवार अपनी बेटी सुप्रिया सुले और उद्धव ठाकरे अपने बेटे आदित्य को उत्तराधिकारी बनाए हैं। लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव उनकी राजनीतिक विरासत संभाल चुके हैं। ममता और मायावती अविवाहिता हैं तो अपने भतीजों पर ही भरोसा कर रही हैं। अरविंद केजरीवाल के जेल काल में यह स्पष्ट हो गया कि उनकी उत्तराधिकारिणी भी उनकी पत्नी ही हैं।

भाजपा कैडर/कार्यकर्ता आधारित पार्टी थी, सामूहिक नेतृत्व था और आंतरिक लोकतंत्र भी, किंतु नरेंद्र मोदी का कालखंड आने पर धीरे-धीरे व्यक्तिवाद बढ़ता गया, जो अब चरम पर है। केवल मोदी ही सारे निर्णय लेते हैं जिनके छाया सहायक उनके ही गृह राज्य के अमित शाह हैं। बस बाकी सब आभूषणात्मक हैं। समय-समय पर जब जिसे चाहा, मोदी ने किनारे कर दिया। यह फेहरिस्त लंबी है, फिर भी आडवाणी, जोशी, शिवराज सिंह, वसुंधरा राजे सिंधिया, रविशंकर प्रसाद, स्व. सुशील मोदी, सुमित्रा महाजन, डॉ. रमन सिंह, डॉ. दिनेश शर्मा, वरुण गांधी आदि कुछ नाम उल्लेखनीय हैं। अपने दूसरे कार्यकाल के आरंभ में राजनाथ सिंह को दूसरे नंबर से तीसरे पर और नितिन गडकरी को तीसरे से पांचवें पर लाकर कद कम किया गया। योगी आदित्यनाथ को भी क्षीण प्रभाव करने के लिए मऊ (यूपी) निवासी गुजरात कैडर के एक आईएएस अफसर उत्तर प्रदेश की राजनीति में लाए गए थे, किंतु योगी के प्रखर व्यक्तित्व के सामने अभी ऐसा कुछ हो नहीं पाया है। वैसे उन पर केन्द्रीय पहरे हैं और वे संसदीय बोर्ड से बाहर किए गए हैं। व्यक्तिवाद इतना बढ़ गया है कि प्रदेश और देश के चुनावों में कहा जाता है कि सब जगह मोदी को खड़ा समझो और तो और लोकसभा चुनाव घोषणा/संकल्प पत्र को 'मोदी की गारंटी' से जोड़ा गया है।

इस चुनाव में ही नहीं 2029 के चुनाव के लिए भी शाह साहब मोदी का ही नाम पीएम पद हेतु प्रोजेक्ट कर रहे हैं। यह है व्यक्तिवाद का हाल! स्थिति "इंदिरा इज इंडिया' वाली ही यहां भी हो गई है। अतिशय व्यक्तिवाद ही तानाशाही का रूप ले लेता है, जो भी हो जनता को इस समय परिवारवाद और व्यक्तिवाद के बीच ही चुनाव करना होगा।

# मानवीय क्षेत्रों में तेंदुए के संदेश



दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

बढ़ती जनसंख्या और तेजी से बढ़ते शहरीकरण के अतिरिक्त और भी कई कारण हैं जिनके कारण पूरे देश में ही मानवीय क्षेत्रों में तेंदुओं की आवाजाही बढ़ गई है और वे मनुष्यों और मवेशियों पर हमले भी कर रहे हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि रियल एस्टेट परियोजनाओं ने तेंदुओं के प्राकृतिक आवासों को सिकोड़ कर रख दिया है जिसके कारण उनके भटककर रिहायशी इलाकों में आने की घटनाएं बढ़ गई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अब तेंदुओं के प्राकृतिक आवासों के क्षेत्रों में उन्हें बहुत कम शिकार मिल पा रहा है।

खेद की बात है कि हम इस स्थिति का विश्लेषण कभी नहीं करते कि पूरी तरह जंगल में रहने वाला यह वन्यजीव आखिर मानवीय क्षेत्रों में आ क्यों रहा है? वास्तविकता यह है कि यदि जंगलों में आवश्यकता पूरी होती रहेगी तो कोई भी वन्य जीव मानवीय क्षेत्रों में आना पसंद ही नहीं करेगा। सच्चाई तो यह है कि मानव के बढ़ते हस्तक्षेप ने जंगल की उन सारी व्यवस्थाओं को छिन्न-भिन्न कर दिया है जिनसे वन्य जीवों की आवश्यकताएं पूरी होती हैं। उन्हें न तो वहां पर्याप्त आहार मिल पा रहा है और न ही सुरक्षित आवास। जंगल के जलस्रोत भी सूखते जा रहे हैं और वर्ष में कई महीने वहां पानी मिलने में भी कठिनाई होती है। भूखे-प्यासे वन्यजीव जब अपनी जरूरी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मानवीय क्षेत्रों का रुख करते हैं तो उन्हें मानव का कोपभाजन बनना पड़ता है। कम से कम हम वन्य जीवों के ऊपर दोषारोपण से पहले जंगलों को उनके के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक तो रहने दें ऐसा होगा तो वे स्वयं ही मानवीय क्षेत्रों में आना पसंद नहीं करेंगे। तेंदुए दिन के समय खेतों के आसपास की झाड़ियों, बागों या फिर गन्ने के खेतों में आराम करते हैं और रात को शिकार की तलाश में निकलते हैं। यदि कोई तेंदुआ भूले भटके मानवीय क्षेत्रों में आ भी जाए तो हम उनके प्रति आक्रामक न हो और न ही उनके आसपास शोर ही मचाएं, बल्कि उन्हें रेस्क्यू करने में वन अधिकारियों की सहायता करें। तेंदुए भी जैवविविधता के अभिन्न हिस्सा हैं उनका संरक्षण आवश्यक है।

# भजन गायिका पत्नी को तीसरी मंजिल से फेंककर मार डाला

## कानपुर के हंसपुरम में गुरुवार की देर रात हुई वारदात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** नौबस्ता थानाक्षेत्र के आवास विकास हंसपुरम में गुरुवार देर रात पति ने भजन गायिका पत्नी को जमकर मारापीटा और तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी पति अपनी बेटी को लेकर फरार हो गया। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की।



सपना उर्फ नीलम।

- ससुर की तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ दर्ज की हत्या की रिपोर्ट

हरबंश मोहाल के रहने वाले शिवकुमार शर्मा ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी बड़ी बेटी 35 वर्षीय सपना उर्फ नीलम की शादी नौबस्ता के आवास विकास हंसपुरम निवासी राहुल तिवारी से वर्ष 2010 में की थी। राहुल तिवारी मूलरूप से घाटमपुर का रहने वाला है। सपना से उसे एक बेटा 10 वर्षीय समर तिवारी और 6 वर्षीय बेटी शौर्या तिवारी है। सपना भजन गायिका थी। वह कई शहरों में धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर भजन गाती थी। यूटयूब में भी उसके काफी फालोवर हैं। दामाद राहुल तिवारी नशे का लती है और कुछ नहीं करता है। सपना की कमाई भी वह शराब में उड़ा देता था। रुपये देने से मना करने पर आए दिन उसे मारता पीटता था। गुरुवार रात करीब 12 बजे दामाद और बेटी में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद राहुल सपना को लेकर तीसरी मंजिल पर पहुंच गया और पीटने के बाद वहां से उसे धक्का दे दिया। सपना का मोबाइल मायके में ही छूट गया था।

जिस पर रात 12 बजे के आसपास देवर अंकित तिवारी का फोन आया और उसने घटना की जानकारी दी। देवर ने बताया कि वह भाभी सपना को हैलट ले जा रहा है। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी उसकी मां मीना और छोटी बहन निक्की को दी गई तो कोहराम मच गया। मां मीना अचेत हो गई।

## अतीक का करीबी शराब माफिया गुरमीत भेजा गया जेल

**प्रयागराज,अमृत विचार:** अतीक के करीबी शराब माफिया गुरमीत सिंह उर्फ दीपक सरकार को पुलिस ने शुक्रवार को स्वरूपरानी अस्पताल से से सीधे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद दीपक सरकार बीमार होने पर न्यायिक अभिरक्षा में स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया था। अतीक के करीबी शराब माफिया गुरमीत उर्फ़ दीपक सरकार की शुक्रवार को डॉक्टरों द्वारा दी गयी रिपोर्ट के बाद प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस ने दीपक सरकार को कड़ी सुरक्षा में नैनी सेंट्रल जेल भेज दिया। जांच में दीपक सरकार का सम्बंध माफिया अतीक के आईएस 227 गैंग से जुड़ा पाया गया हैं। 13 मई को छापेमारी में गुरमीत को उसके घर से धूमनगंज पुलिस टीम ने जुआ खेलते हुए पकड़ा था।दीपक सरदार तोपखाना कैंट का निवासी है। उसके दो साथी अनीस व शरदराज सोनकर भी दीपक के साथ मौके पर गिरफ्तार किये गए थे।

## गुंडा एक्ट का दुरुपयोग : राज्य पर लगाया 30 हजार का जुर्माना

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फिरोजाबाद जिले के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा याचियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम, 1970 की धारा 3 के तहत जारी नोटिस को रद्द करते हुए गुंडा एक्ट के दुरुपयोग के कारण राज्य पर 30 हजार का जुर्माना लगाया है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ ने राकेश वर्मा और दो अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया, साथ ही प्रमुख सचिव (गृह), लखनऊ को आदेश दिया कि वे याचियों को 2 महीने के भीतर 30 हजार रुपए का भुगतान करें।

दरअसल याचियों के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याचियों के खिलाफ केवल दो ही मामले दर्ज हैं,जिनमें से एक चचेरे भाई द्वारा संपत्ति विवाद को लेकर प्रतिशोधात्मक कार्यवाही के रूप में दर्ज करवाया गया है और एक



- कोर्ट ने याची के खिलाफ नोटिस को रद किया

अन्य मामला व्यावसायिक लेनदेन से संबंधित है। दोनों मामलों का सार्वजनिक शांति, कानून और व्यवस्था से कोई संबंध नहीं है। इसके अलावा याची के अधिवक्ता ने एक मामले का हवाला देते हुए कहा कि केवल एक या दो मामलों में आरोपी होने से अभियुक्त को आदतन अपराधी मानकर उसके खिलाफ उक्त अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है। अंत में कोर्ट ने याची के खिलाफ आक्षेपित नोटिस को रद करते हुए मामले को निस्तारित किया।

## सार-संक्षेप

### सफाई वाहन स्वच्छता संदेश के साथ पढ़ाएंगे यातायात नियमों का पाठ, सभी नगर आयुक्तों को भेजा पत्र

**लखनऊ, अमृत विचार :** नगर निगम के सफाई वाहन अब सिर्फ स्वच्छता ही नहीं यातायात नियमों का भी पाठ पढ़ाएंगे। लोगों को जागरूक करेंगे। बढ़ती दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने प्रदेश के सभी नगर आयुक्तों को इस आशय के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि नगर निगमों द्वारा संचालित स्वच्छता अभियान के वाहनों में लगे स्पीकर के माध्यम से ऑडियो क्लिप चलाई जाए जिससे लोग जागरूक हों। चूंकि नगर निगम के स्वच्छता वाहन सुबह क्षेत्रीय स्तर पर घूमते हैं। इनमें स्पीकर लगे होते हैं। इनमें चल रहे स्वच्छता के निर्देशों को गौर से सुनते हैं। ऐसे में प्रचार-प्रसार के लिए यह वाहन अपनी महती भूमिका अदा कर सकते हैं और इनसे सफाई के निर्देशों के साथ-साथ सड़क सुरक्षा की ऑडियो क्लिप चलने से अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ेंगे। लोग इन्हें सुनें और यातायात नियमों के पालन के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें। वाहन चलाते वक्त सजग हों।

### 82.90 प्रतिशत घरों तक पहुंचा नल कनेक्शन

**लखनऊ, अमृत विचार :** साल 2017 की तुलना में वर्तमान में उप्र. के 36 जिलों के औसत भूजल स्तर में सुधार हुआ है और 34 विकास खण्ड संकटग्रस्त श्रेणी से बाहर आये हैं। साल 2023-24 में लगभग 50,000 वर्ग मीटर छत के क्षेत्रफल को शामिल करते हुए आच्छादित करते शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय भवनों में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना के काम को पूरा किया गया है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा जल जीवन मिशन एवं भूगर्भ जल विभाग के कार्यों की शुक्रवार को लोकभवन में समीक्षा के दौरान यह जानकारी सामने आयी। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने जल जीवन मिशन के तहत 82.90 प्रतिशत घरों तक नल कनेक्शन पहुंच जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बाकी बचे घरों को जल्द से जल्द योजना से आच्छादित किया जाये। इसके साथ मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि भीषण गर्मी में कहीं भी पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिये।

### अखिलेश-राहुल का पोस्टर लगा लिखा करन-अर्जुन




**रायबरेली :** रायबरेली संसदीय सीट के लिए आज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संयुक्त जनसभा हुई। इसे लेकर दोनों ही पार्टियों के कार्यकर्ताओं के बीच में उत्साह रहा। समाजवादी पार्टी के उत्साही कार्यकर्ताओं ने तो यहां तक कि शहर के अलग-अलग जगह पर करण-अर्जुन नाम के पोस्टर भी लगा दिए हैं। समाजवादी रंग में रंगे पोस्टर में जिले के सपा नेता ने लिखा है कि "पीडीए के करण अर्जुन" अखिलेश यादव-राहुल गांधी।

### बसपा सांसद अतुल राय को जमानत से इंकार

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कथित रेप पीड़िता व उसके साथी द्वारा सुप्रीम कोर्ट के समक्ष आत्मदाह के मामले में बसपा सांसद अतुल कुमार सिंह उर्फ अतुल राय को जमानत देने से इंकार कर दिया है। इसके पूर्व 29 जनवरी 2024 को उन्हें स्वास्थ्य कारणों से अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया गया था। यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने अतुल राय के अंतरिम जमानत प्रार्थना पत्र पर पारित किया। उल्लेखनीय है कि इस मामले में अतुल राय व पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर पर कथित रेप पीड़िता व उसके साथी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। पीड़िता ने अतुल राय के खिलाफ दुराचार की एफआईआर लिखाई थी। हालांकि, दुराचार के मामले में वह बरी हो चुका है।

## शिया बोर्ड ने शहीद-ए-सालिस मजार के मुतवल्ली को पद से हटाया

### आगरा में है मजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड ने आगरा स्थित नूरुल्लाह शूस्त्री उर्फ़ शहीद-ए-सालिस की मजार के मुतवल्ली मौलाना आगा रूही और उनके बेटों को उनके पद से हटा दिया है।

बोर्ड ने मौलाना और उनके बेटों पर मजार पर आने वाले जायरीन के ठहरने वाले कमरों का किराया बढ़ाने और दान पात्र व बैंक एकाउंट में जमा रकम में घपले का आरोप लगाया है।बोर्ड का कहना है कि मौलाना और उनके बेटों (मुर्तजा नासिर और अब्बास नासिर) ने मजार की आमदनी को तो हासिल किया लेकिन वहां काम करने वालों को वेतन देना भी बंद कर दिया। बोर्ड ने इस सम्बन्ध में मौलाना से कई बार सम्पर्क किया लेकिन उन्होंने अपनी राजनीतिक पहचान और रसूक के बाल पर किसी की भी बात मानने से इनकार कर दिया। बोर्ड ने हालात से निबटने के लिए शहीद-ए-सालिस की मजार की देखरेख के लिए वहां प्रशासक नियुक्त कर दिया और वहां की देखरेख के लिए अपना प्रशिक्षित स्टाफ भी भेजा लेकिन मौलाना ने बोर्ड की टीम को चार्ज भी नहीं लेने दिया।

## शेरनी रूपा ने चार मृत शावकों को दिया जन्म

### इटावा लॉयन सफारी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार:** इटावा सफारी पार्क की लॉयन सफारी में शेरनी रूपा ने बीती रात चार मृत शावकों को जन्म दिया। प्रीमेच्योर डिलीवरी होने के कारण सभी शावक मृत पैदा हुए, जिससे सफारी प्रशासन में हड़कंप मच गया।

सफारी प्रशासन का कहना है की रूपा के प्रसव की तारीख 5 - 6 जून अनुमानित थी, जिसे लेकर सफारी प्रशासन ने अपनी ओर से तैयारियां कर रखी थीं लेकिन निर्धारित समय से 20 दिन पहले



ही रूपा ने बीती रात एक-एक करके चार मृत शावकों को जन्म दिया। इससे सफारी प्रशासन में हड़कंप मच गया। सफारी प्रशासन ने बताया कि रूपा की मीटिंग शेर कान्हा से फरवरी के महीने में कराई गई थी। डॉक्टरों की रिपोर्ट के मुताबिक उसे 5, 6 जून को शावकों को जन्म देना था लेकिन निर्धारित समय से 20 दिन पहले ही रूपा ने चार मृत शावकों को जन्म दिया।

सफारी के डायरेक्टर डॉ. अनिल पटेल ने बताया कि शेरनी रूपा को गर्भवती होने के बाद विशेष इंतजामों के बीच रखा गया था। उसकी पूरी देखरेख की जा रही

- रूपा ने तीन सितंबर को भी दो शावकों को जन्म दिया था
- एक की हो गई थी मौत, दूसरे को नेटिव केयर यूनिट में रखा गया

थी। इसके अलावा विशेषज्ञ डॉ. आरके सिंह को भी बुलाया गया था जो रूपा की देखरेख में लगे हुए थे। इससे पहले पहली बार में रूपा ने 3 सितंबर को दो शावकों को जन्म दिया था इनमें से एक शावक की मौत हो गई थी दूसरे शावक को नेटिव केयर यूनिट में रखा गया है। रूपा के चार शावकों की मौत का कारण जानने के लिए शावकों के शरीर को आईवीआरआई बरेली भेजा गया है।

## उच्च अधिकारियों के खिलाफ जांच में ढिलाई से विश्वसनीयता होती है कमजोर : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अर्ध-न्यायिक अधिकारियों के क्षेत्राधिकार और शक्तियों के प्रयोग के संबंध में अपनी विशेष टिप्पणी में कहा कि कानूनी कार्यवाही के क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और न्याय की प्राप्ति सर्वोपरि है। सब रजिस्ट्रार के खिलाफ लगाए गए आरोप महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों वाले अधिकारियों से अपेक्षित विश्वास और सत्यनिष्ठा पर आघात करते हैं। यह राज्य सरकार पर निर्भर है कि वह इन आरोपों की परिश्रमपूर्वक जांच करे और किसी भी गलत काम को संबोधित करने के लिए उचित कार्रवाई करे। कोर्ट ने आगे कहा कि कोई भी व्यक्ति, चाहे उसकी स्थिति या अधिकार कुछ भी हो, जांच से ऊपर नहीं है या जवाबदेही से मुक्त नहीं है। मुख्य रूप से कोर्ट ने कहा कि जिन सरकारी अधिकारियों को कानून बनाए रखने और जनता के हितों की सेवा करने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है, उनसे ईमानदारी और परिश्रम की उम्मीद की जाती है। सार्वजनिक विश्वास के संरक्षक के रूप में राज्य सरकार को जवाबदेही और पारदर्शिता के सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए। कदाचार के आरोपों से निपटने में कोई भी ढिलाई या उदासीनता पूरी प्रशासनिक मशीनरी की विश्वसनीयता को कमजोर करती है और सार्वजनिक संस्थानों में विश्वास को कम करती है। इन्हीं टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने प्रमुख सचिव, स्टाम्प और पंजीकरण, उत्तर प्रदेश सरकार को सब रजिस्ट्रार के खिलाफ शुरू की गई जांच जारी रखने और उसे तार्किक अंत तक लाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि इस आदेश से छह महीने के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मौजूदा याचिका में जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर (स्टाम्प), जौनपुर द्वारा पारित 3 फरवरी, 2023 के आदेश को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि कलेक्टर (स्टाम्प) के पास आदेश वापस लेने या उसकी समीक्षा करने की शक्ति नहीं है। अतः न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ की एकलपीठ ने आक्षेपित आदेश को रद्द करते हुए श्रीमती शिवानी चौरसिया और अन्य की याचिका को अनुमति दे दी।




## 4 जून को बनेगी गठबंधन सरकार : राहुल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** रायबरेली संसदीय सीट को लेकर कांग्रेस और भाजपा में कशमकश का दौर चल रहा है। शुक्रवार को रायबरेली का सियासी तापमान सामान्य तापमान से अधिक रहा। शहर के आईटीआई मैदान में कांग्रेस द्वारा आयोजित जनसभा में सोनिया गांधी के साथ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रियंका के साथ प्रत्याशी राहुल गांधी ने सम्बोधित किया।

रायबरेली से प्रत्याशी राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए जमकर सियासी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उनके नेता बेरोजगारी, महंगाई को लेकर कभी चर्चा नहीं करते हैं। संविधान को लेकर कहते हैं कि हमारी सरकार आने पर बदल देंगे, लेकिन कांग्रेस कभी बदलने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी से जो कहो वह बुलवा सकता हूं। हम कहते हैं कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर महिलाओं, गरीबों के खाते में खटाखट पैसे आएंगे वहीं अब नरेंद्र मोदी भी कहते हैं कि हम बैंक अकाउंट में टकाटक-टकाटक-टकाटक-टकाटक पैसा डालेंगे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी पहले ही हार मान मान चुके



रायबरेली में एक मंच पर मौजूद सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अखिलेश यादव व प्रियंका गांधी।

है। 4 जून को नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं होंगे इंडिया गठबंधन की सरकार आएगी और वह सरकार आपकी सरकार होगी किसानों की मजदूरों की छोटे व्यापारियों की युवाओं की सरकार होगी।

राहुल गांधी के समर्थन में जनसभा में आए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने राहुल गांधी जी को न केवल जिताना है बल्कि देश की रिकॉर्ड जीतो में यह रायबरेली शामिल होने जा रहा है। रायबरेली की राय ने तय कर दी है कि भाजपा यहां से जाए। देश के एक नेता है जो हर जगह पर अपना झूठा रिश्ता निकाल लेते हैं। बीजेपी नौ दो ग्यारह हो गई है। भारतीय जनता पार्टी चार चरणों में चारों खाने चित हो गई है। यह बीजेपी का रथ लेकर भाजपा के लोग घूम रहे हैं इस बार उत्तर प्रदेश में वह फंस गए हैं। बीजेपी वाले वही लोग हैं जो किसानों के ऊपर चार काले कानून लागू कर रहे थे। यह लोग न केवल उनकी जमीन कब्जा करना चाहते थे खेत बल्कि उनकी पैदावार की भी लूट करना चाहते थे यह किसानों को आय दुगनी की बात कहने वाले लोग किसानों को आय दोगुनी का वादा करने वाले उनकी हर बार बात झूठी निकली। हर परीक्षा का पेपर लीक हुआ केवल हमारे नौजवानों की नौकरी छीनी है। प्रियंका गांधी ने भी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा रायबरेली से गांधी परिवार के पुराने रिश्ते हैं। रायबरेली उनका घर है। वहीं कार्यक्रम में आई सोनिया गांधी ने भी कहा कि मैं अपना बेटा अब तुम्हे सौंप रही हूं। इस मौके पर भूपेश बघेल, राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।


## वर्ग पहेली-73

**बाएं से दाएं**

1. सितार जैसा एक वाद्ययंत्र जिसके दोनों सिरों पर तूंबे लगे रहते हैं।
5. 1. (पुराण) परलोक की एक नदी जिसे मरने के बाद प्रत्येक जीवात्मा को पार करना पड़ता है 2. ओडिशा की एक नदी जो पवित्र मानी गई है।
6. एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करने की क्रिया या भाव, अनुवाद।
9. 1. जो बकवास से भरा हुआ हो 2. ऐसी पद्यमय रचना जिसकी तुकें न मिलती हों, अंत्यानुप्रासहीन 3. जो अवसर के हिसाब से अनुपयुक्त हो।
10. सांसारिक, दुनिया का, लौकिक।

**ऊपर से नीचे**

2. जलमार्ग से आवागमन, जलयात्रा।
3. तुन का वृक्ष।
4. 1. बार-बार इधर से उधर आना-जाना 2. किसी कार्य हेतु पूर्ण प्रयत्न।
7. 1. सिख धर्मानुसार धर्मविरोधी कार्य करने वाला, धर्मापराधी 2. धर्मच्युत।
8. 1. फेंके जाने की क्रिया 2. प्रक्षेपण।



### वर्ग पहेली -72 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जं | घि | ल | | | 2 शे | |
| | | | 3 कु | शे | श | य |
| | 4 उ | | रे | | वी | |
| | ल | | द | | | 5 नि |
| 6 भ | ट | क | ना | | | कुं |
| | फे | | | | | च |
| 7 वा | र | ना | | 8 नै | ति | क |

## सुडोकू-152

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | | 2 | 3 | |
| | 2 | 4 | | | | | | |
| | | | 2 | 6 | 7 | | | |
| 5 | | | 3 | 7 | | | | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| 3 | | | | 9 | 4 | | | |
| | | | 8 | 5 | 1 | | | |
| | 3 | | | | | 7 | 2 | |
| | 6 | 5 | | | | 9 | | |

### सुडोकू -151 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 6 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 5 | 1 | 7 | 6 | 9 | 2 |
| 6 | 7 | 2 | 3 | 4 | 9 | 8 | 5 | 1 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 8 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 7 | 6 | 9 |
| 5 | 9 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 5 | 6 | 7 | 3 | 4 | 9 | 2 | 8 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 9 | 5 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 2 | 9 | 1 | 8 | 6 | 5 | 7 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 मई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 11.22 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष:** आज आय के मुकाबले व्यय अधिक होगा। दूसरों पर से ध्यान हटाकर अपने ऊपर अधिक ध्यान दें। पड़ोसियों से संबंधों में सुधार आयेगा। गुप्त शत्रुओं से आपको नुकसान हो सकता है। आपके भीतर दूसरों का हित करने की भावना प्रबल रहेगी।

**वृष:** आज आपको शांतिपूर्ण तरीके से परिस्थितियों का अवलोकन करना चाहिए। बच्चों को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। गुस्से और क्रोध में आकर त्वरित निर्णय लेने से बचें। अधिकारी वर्ग से आपको कुछ सावधान रहना चाहिए।

**मिथुन:** आज आपके स्वभाव में कुछ चंचलता और व्यग्रता रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों को टालने की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। नए कार्यों की शुरुआत करने से बचें। बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें।

**कर्क:** आज नई नौकरी में आनंद का अनुभव करेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। वैवाहिक जीवन की परेशानियों से निजात मिल सकती है। व्यवसाय में विस्तार कर सकते हैं। धार्मिक कार्यों में आप धन खर्च करेंगे।

**सिंह:** आज किसी गुप्त चिंता के कारण मन उद्वेलित हो सकता है। परिजनों के व्यवहार से आप क्षुब्ध हो सकते हैं। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। कड़वी भाषा का प्रयोग करने से बचें।

**कन्या:** आज व्यवसाय में शानदार लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। नया कारोबार शुरू करने में सफलता मिलेगी। आपकी बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग कर पायेंगे। आप काफी भाग्यशाली रहेंगे।

**तुला:** आज मन में अनावश्यक विचारों को उत्पन्न न होने दें। अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से अच्छा तालमेल बिठाकर रखें। आपकी नेतृत्व क्षमता की परीक्षा हो सकती है। विदेश में नौकरी कर रहे जातकों को थोड़ी परेशानी होगी।

**वृश्चिक:** आज अपने कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण भाव रखें। महत्वपूर्ण कार्यों के होने से आप संतुष्टि का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में आप कुछ नये प्रयोग कर सकते हैं। आर्थिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। युवा जातकों को प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं।


**धनु:** आज दोस्तों से आपको महत्वपूर्ण सलाह मिल सकती है, जो आपके लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। दूसरों के बारे में हमेशा अच्छा सोचें।

**मकर:** आज किसी देवस्थल में प्रार्थना के लिए जा सकते हैं। कानूनी मामलों में आपको विजय प्राप्त हो सकती है। सकारात्मक गतिविधियों में आपका समय व्यतीत होगा। राजनीतिक संबंधों का उत्तम लाभ उठा पाएंगे।

**कुंभ:** आज अपने विचारों को लेकर हठधर्मिता का त्याग करें। वैवाहिक जीवन कलहपूर्ण हो सकता है। तात्कालिक प्रतिक्रिया देने से बचें। इंटरनेट पर प्रलोभनों से आपको बचना चाहिए। आशानुरूप कार्य न होने से आपका मनोबल गिर सकता है।

**मीन:** आज आपके कई बिगड़े हुए काम बनेंगे। आय बढ़ने से आपका चित्त प्रसन्न होगा। परिजनों से शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आप पुराने अनुभवों से सीखने का प्रयास करें। आपके आधिकारिक स्वभाव में वृद्धि होगी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 19 मई 12.23 तक तत्पश्चात हस्त।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
नो प्रॉब्लम — सुबह : 08.44
धड़कन — रात : 07.01

**SONY PIX**
लाइफ — सुबह : 10.18
द मैन फ्रॉम टोरंटो — रात : 09.12

**SONY MAX**
निकम्मा — सुबह : 09.48
सिर्फ एक बंदा काफी है — रात : 09.30

**ZEE CINEMA**
करण अर्जुन — सुबह : 11.00
कोयला — शाम : 05.05

**colors CINEPLEX**
नमक हलाल — सुबह : 11.00
भागम भाग — दोपहर : 02.48

### आज की सुपरहिट फिल्म




बी 4 यू पर रात : 07.01 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- जज साहब मुझे अपनी बीवी से तलाक चाहिए।
जज- पर क्यों?
पति- जज साहब, जब से मेरी बीवी आई है तब से मुझसे कुछ भी बात नहीं करती है।
जज- एक बार फिर सोच ले, ऐसी बीवी सिर्फ किस्मत वालों को ही नसीब होती है।

सोनू गर्लफ्रेंड से- तुम चाइनीज जैसी क्यों दिखती हो?
गर्लफ्रेंड- मेरे पापा चीन के थे।
सोनू- तुमने कभी मिलवाया नहीं?
गर्लफ्रेंड- वो अब इस दुनिया में नहीं हैं।
सोनू- हां, चाइनीज माल ज्यादा दिन तक टिकता भी कहां है...

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-980 फ्लैग-1095 डीएमओ-865 बोल्ड-1155
**चन्दौसी :** शिवालिक- 990 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 870

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 1915, राज श्री 1330, फ़ॉर्चून कि. 1710, रविन्द्रा 1845, फॉर्चुन ली0 1570, जय जवान 1450, सचिन 1530, सूरज 1475, अवसर 1630, राग गोल्ड 1610, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1595, चक्र टिन 1730, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1790, स्वास्तिक 1885 । किराना-( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-23500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल- ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7425-7700, मलका छाँटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7800, लाल हिंदुस्तान 7850, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8500, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 14700, अरहर पटका मोटा 15200, अरहर कोरा मोटा 15600, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 16900 । चीनी - डालमियां 4180, पीलीभीत 4140, नवाबगंज 4130 (नयी), बहेड़ी 4140 (नयी)।

# भारत को विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत

## वित्त मंत्री सीतारमण ने सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में भारतीय उद्योग के प्रमुखों को किया संबोधित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि देश को वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत है। सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में भारतीय उद्योग के प्रमुखों को संबोधित करते हुए मंत्री ने उत्पाद निर्माण और नीति समर्थन में अधिक परिष्करण हासिल करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।

सीतारमण ने कहा कि कुछ अर्थशास्त्रियों द्वारा दी गई इस सलाह के विपरीत कुछ रेखांकित करना चाहती हूं कि भारत को अब विनिर्माण पर ध्यान नहीं देना चाहिए या विनिर्माण में तेजी नहीं लानी चाहिए। मैं इस तथ्य पर जोर देना चाहती हूं कि विनिर्माण में वृद्धि होनी चाहिए। भारत को नीतियों की मदद से वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी (विनिर्माण) हिस्सेदारी भी बढ़ानी चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन सहित कुछ अर्थशास्त्रियों ने राय व्यक्त की है कि भारत को विनिर्माण के बजाय सेवा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए क्योंकि उसने वह अवसर गंवा दिया है। उनका कहना है कि चीन के विनिर्माण-आधारित वृद्धि मॉडल को अब और दोहराया नहीं जा सकता। हालांकि, सीतारमण ने कहा कि विनिर्माण के विस्तार से भारत को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जतायी कि भारत के पास अब भी अपनी विनिर्माण क्षमता बढ़ाने का अवसर है क्योंकि दुनिया कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद चीन प्लस वन रणनीति पर ध्यान दे रही है।



- उत्पाद निर्माण और नीति समर्थन में अधिक परिष्करण को किया रेखांकित

### यूरोप और अमेरिका की सूची में शीर्ष पर भारत

कैपजेमिनी रिसर्च इंस्टीट्यूट की मई में जारी रिपोर्ट का हवाला देते हुए सीतारमण ने कहा कि यूरोप और अमेरिका में वरिष्ठ अधिकारियों के लिए निवेश स्थलों की सूची में भारत शीर्ष पर है, जो चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं और अपनी विनिर्माण क्षमता का कुछ हिस्सा उभरते बाजारों में स्थानांतरित करना चाहते हैं। सर्वेक्षण में शामिल करीब 760 अधिकारियों में से 65 प्रतिशत ने कहा कि वे भारत में उल्लेखनीय रूप से निवेश बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, यह अपने आप में हमारे भारतीय उद्योग को काफी बड़ा दायरा प्रदान करता है। पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन) योजना मोबाइल तथा इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्रों में भी बदलाव ला रही है। उन्होंने कहा कि 2014 में 78 प्रतिशत आयात से निर्भरता तक, आज भारत में बिकने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल भारत में निर्मित हैं। सीतारमण ने उदाहरण देते हुए कहा कि भारत पिछले साल 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात के साथ चीन के बाहर आईफोन के लिए एप्पल का दूसरा सबसे बड़ा विनिर्माण केंद्र बन गया। सेवा क्षेत्र पर उन्होंने कहा कि दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) पर भारत का कब्जा है और यह महत्वपूर्ण घरेलू तथा वैश्विक अवसर उत्पन्न करने वाला सबसे पसंदीदा गंतव्य बना हुआ है। भारत में जीसीसी की संख्या इस समय 1,580 से अधिक हो गई है।

# चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत को मिल रहा फायदा

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी ने कहा कि चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत कई पश्चिमी कंपनी के लिए वैकल्पिक गंतव्य बन गया है। इससे भारत की आर्थिक वृद्धि काफी बेहतर हुई है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को संशोधित किए जाने के मौके पर विशेषज्ञ ने यह बात कही।

संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग (यूएन डीईएसए) के आर्थिक विश्लेषण एवं नीति प्रभाग में वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के प्रमुख हामिद राशिद ने गुरुवार को कहा, भारत को अन्य पश्चिमी स्रोतों से भारत में आने वाले अधिक निवेश से भी लाभ हो रहा है, क्योंकि चीन में कम से कम विदेशी निवेश जा रहा है। भारत कई पश्चिमी कंपनियों के लिए एक वैकल्पिक निवेश स्रोत या गंतव्य बन गया है। वह वैश्विक आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2024 के मध्य-वर्ष के ताजा अनुमानों पर जानकारी दे रहे थे। वर्ष 2024 के लिए भारत की वृद्धि संबंधी अनुमान को संशोधित किया गया है। यह अनुमान जताया गया है कि इस वर्ष देश की अर्थव्यवस्था लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। 2024 के मध्य तक वैश्विक आर्थिक स्थिति व संभावनाओं संबंधी जारी आंकड़ों में कहा गया, भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.9 प्रतिशत और 2025 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो मुख्य रूप से मजबूत सार्वजनिक निवेश और लचीली निजी खपत से प्रेरित है।



- भारत कई पश्चिमी कंपनियों के लिए एक वैकल्पिक निवेश का स्रोत या गंतव्य बना

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 88800 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 90000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 75250 |
| गिन्नी (प्रति नग ) | 56100-56300 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 73,150 |
| सोना रवा | 73,000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग ) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 85,100 |
| चांदी (999) | 85,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72800 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71800 |
| सिल्वर ( पक्की) | 840 (अनुमानित )। |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,200 |
| चांदी आभूषण | 85,400 |

# चुनिंदा शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 253 अंक चढ़ा

**मुंबई।** मिलजुले वैश्विक संकेतों के बीच स्थानीय स्तर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी जैसी दिग्गज कंपनियों में खरीदारी आने से शुक्रवार को बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 253 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी में 62 अंक की तेजी रही। अंतिम दौर की खरीदारी से बाजार शुरुआती निचले स्तर से उबरने में सफल रहा। लेकिन विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से तेजी पर थोड़ा विराम लग गया।

बीएसई के सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 253.31 अंक यानी 0.34 प्रतिशत चढ़कर 73,917.03 पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 62.25 अंक यानी 0.28 प्रतिशत बढ़कर 22,466.10 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) में 5.97 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इसके बाद जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्रा सीमेंट, कोटक बैंक, आईटीसी और एनटीपीसी का स्थान रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज भी 0.73 प्रतिशत बढ़ गया।

# मसला जल्द न सुलझा तो मसाला निर्यात होगा 40% कम

**अहमदाबाद, एजेंसी**

फेडरेशन ऑफ इंडियन स्पाइस स्टेकहोल्डर्स (एफआईएसएस) ने शुक्रवार को कहा कि यदि मसालों में एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) की मौजूदगी के मुद्दे को जल्द हल नहीं किया जाता है तो चालू वित्त वर्ष के दौरान मसाला निर्यात में लगभग 40 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।

पिछले महीने हांगकांग और सिंगापुर ने एमडीएच और एवरेस्ट के उत्पादों में कैंसरजनक रसायन ईटीओ की मौजूदगी पाए जाने के बाद उनकी बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। वर्ष 2023-24 में भारत का मसाला निर्यात कुल 4.25 अरब डॉलर था जो वैश्विक मसाला निर्यात का 12 प्रतिशत था। एफआईएसएस के सचिव तेजस गांधी ने कहा कि बहुत से निर्यातकों को ऑर्डर मिले हुए हैं और उस प्रकरण के बाद उन्हें कुछ हद तक रोक दिया गया है। हमारे अनुमान के मुताबिक, अगर समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो इस साल मसाला निर्यात 40 प्रतिशत तक प्रभावित हो सकता है। एफआईएसएस देश भर के 600 मसाला व्यापारियों, निर्यातकों और किसानों के संगठनों का प्रतिनिधि निकाय है। संगठन के चेयरमैन अश्विन नायक ने कहा कि ईटीओ के बारे में गलत सूचना फैलाई जा रही है जबकि दुनिया भर में इसका व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है और भारतीय कंपनियां लगभग 30 से 40 वर्षों से अमेरिका को ईटीओ-उपचारित मसालों का निर्यात कर रही हैं। नायक ने कहा कि ईटीओ ऐसा कीटनाशक नहीं है जिसे सीधे फसलों पर छिड़का जाता है। ईटीओ एक गैसीय एजेंट है जिसका उपयोग केवल अनुमोदित संगठनों द्वारा मसालों से कुछ हानिकारक सूक्ष्मजीवों और जीवाणुओं को हटाने या नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।



- हांगकांग और सिंगापुर ने कैंसरजनक रसायन की मौजूदगी पर लगाया था प्रतिबंध

# विश्व अर्थव्यवस्था में 2.7 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने विश्व अर्थव्यवस्था के 2024 में 2.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान लगाया है। यह अमेरिका और ब्राजील, भारत तथा रूस सहित कई उभरती अर्थव्यवस्थाओं में बेहतर प्रदर्शन की ओर भी इशारा करता है।

संरा के वैश्विक आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2024 के मध्य-वर्ष के ताजा अनुमानों के अनुसार, विश्व अर्थव्यवस्था इस वर्ष 2.7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। जनवरी की रिपोर्ट में उसने इसके 2.4 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान लगाया था। रिपोर्ट में कहा गया, 2025 में 2.8 प्रतिशत तक की वृद्धि की उम्मीद है। 2024 की 2.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान 2023 में वृद्धि के बराबर है, हालांकि 2020 में कोविड-19 वैश्विक महामारी शुरू होने से पहले की तीन प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक विश्लेषण व नीति प्रभाग के निदेशक शांतनु मुखर्जी ने कहा, हमारा अनुमान महत्वपूर्ण चेतावनियों के साथ आशावाद से भरा है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### प. बंगाल के कूच बिहार में टीएमसी नेता को गोली मारी

**कूच बिहार (बंगाल)।** प. बंगाल के कूच बिहार में तृणमूल कांग्रेस नेता को गोली मार दी गई। अस्पताल में भर्ती टीमएसी नेता की हालत गंभीर बनी हुई है। शुक्रवार को पुलिस ने बताया कि सीतलकूची के लालबाजार के पंचायत प्रधान अनिमेष रॉय गुरुवार रात को एक सहयोगी के साथ घर लौट रहे थे। इसी दौरान रॉय पर हमला किया गया। उन्होंने बताया कि हथियारबंद लोगों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। रॉय की दाहिनी जांघ में गोली लगी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमले में रॉय का सहयोगी भी घायल हो गया। उन्होंने कहा कि जांच चल रही है और आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा, हम उसके परिवार से भी बात कर रहे हैं। वे ज्यादा कुछ नहीं कह रहे हैं।

### फरार पुलिसकर्मी के घर से 1 करोड़ नकद और सोना जब्त

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के बीड जिले में पुलिस ने भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोपी एक पुलिसकर्मी के घर से 1.08 करोड़ रुपये नकद और 72 लाख रुपये का सोना तथा आभूषण जब्त किए हैं। पुलिस निरीक्षक हरिभाऊ खाड़े (52) को 15 मई को भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी बनाया गया था और उसके बाद से ही वह फरार हैं। अधिकारी ने बताया कि एक मामले में शिकायतकर्ता को आरोपी नहीं बनाने के लिए कथित तौर पर एक करोड़ रुपये की मांग करने के आरोप में खाड़े और दो अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मामला दर्ज किया था। आरोपियों ने बाद में अपनी मांग कम करके 30 लाख रुपये कर दी थी। एसीबी ने सबसे पहले आरोपी कुशक जैन (29) को पांच लाख रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा।

### दिल्ली कार शोरूम गोलीबारी में शामिल शूटर मुठभेड़ में ढेर

**नई दिल्ली।** पश्चिम दिल्ली में कार शोरूम पर गोलीबारी में कथित तौर पर शामिल शूटर दिल्ली पुलिस की विशेष इकाई के साथ मुठभेड़ में मारा गया। यह मुठभेड़ शाहबाद डेरी इलाके के पास हुई। पुर्तगाल में रह रहा गैंगस्टर हिमांशु भाऊ का शार्प शूटर अजय उर्फ गोली बाहरी दिल्ली के खेड़ा खुर्द गांव आएगा। गुरुवार रात टीम ने होंडा सिटी कार आ रहे अजय को रुकने का इशारा किया गया, तभी आरोपी पुलिस टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी करने लगा। जवाबी गोलीबारी में उसे गोली लगी और उसे अस्पताल ले जाया गया। हरियाणा के रोहतक का मूल निवासी अजय, प्रदेश और दिल्ली में हत्या, हत्या के प्रयास तथा शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामलों समेत एक दर्जन वारदात में शामिल था। वह सोनीपत के मुरथल में व्यापारी की हत्या में भी शामिल था।

# करोड़ों गरीब परिवार को देंगे 10 किलो मुफ्त राशन

## राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा-संप्रग सरकार ने खाद्य सुरक्षा कानून के जरिये भोजन के अधिकार को कानूनी दर्जा दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी द्वारा 10 किलोग्राम मुफ्त राशन का जो वादा किया गया है उससे करोड़ों परिवार गरीबी से बाहर निकलेंगे और अर्थव्यवस्था को गति देंगे।

बुधवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने घोषणा की थी कि अगर विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की सरकार सत्ता में आती है तो भाजपा सरकार की ओर से गरीबों को दिए जा रहे मुफ्त राशन की मात्रा दोगुनी कर दी जाएगी।



- राहुल गांधी ने कहा- सरकार बनी तो देंगे अर्थव्यवस्था को गति

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स लिखा कि देश के गरीब परिवारों के लिए कांग्रेस ने एक और बड़ा फैसला लिया है - हमारी सरकार आपको 5 नहीं 10 किलो राशन हर महीने मुफ्त देगी। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के दौरान हमने खाद्य सुरक्षा कानून के जरिये भोजन के अधिकार को कानूनी दर्जा दिया था, 10 किलो अनाज इसी कड़ी में अगला कदम होगा। उन्होंने कहा, 10 किलो राशन और 8500 रुपये महीने से शिक्षा और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा और करोड़ों परिवार गरीबी से बाहर निकल कर देश की अर्थव्यवस्था को गति देंगे। राहुल गांधी ने दावा किया, नरेन्द्र मोदी ने 20-25 अरबपति बनाए और अडाणियों की सरकार चलाई, हम करोड़ों लखपति बनाएंगे और हिंदुस्तानियों की सरकार चलाएंगे।

### योगी का बुलडोजर पिछड़े वर्ग के आरक्षण के खिलाफ

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कथित तौर पर लिखित एक लेख का हवाला देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि उनका बुलडोजर दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने योगी आदित्यनाथ की वेबसाइट पर मौजूद एक लेख का उल्लेख करते हुए उन पर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर प्रहार किया। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, निवर्तमान प्रधानमंत्री ने आज कहा है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियननेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सीखना चाहिए कि बुलडोजर कहां पर चलाना चाहिए। देखिए, योगी का बुलडोजर कैसे दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के लिए मौजूद आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को साफ-साफ कह देना चाहिए कि वह योगी को समर्थन, आरक्षण को लेकर उनके विचारों की वजह से दे रहे हैं तथा उनके 400 पार वाले नारे के पीछे भी यही राज है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, प्रधानमंत्री को यह कहना चाहिए कि वह ऐसा इसलिए चाह रहे हैं ताकि संसद में 400 सीट के बहुमत से बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान का संशोधन कर सकें और दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों से उनके आरक्षण का हक छीन सकें। यह दशकों से चली आ रही आरएसएस की साजिश को अंजाम देना चाहते हैं तथा बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान को खत्म करके मनुवादी सोच पर आधारित नया संविधान बनाना चाहते हैं।

- कांग्रेस महासचिव ने एक्स पर लिखा संविधान को खत्म करना चाहते हैं प्रधानमंत्री मोदी

# एक गुंडे को बचाने के लिए मेरे चरित्र पर सवाल : मालीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आप सांसद स्वाति मालीवाल ने मुख्यमंत्री केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि एक गुंडे को बचाने के लिए पार्टी ने उनके चरित्र पर सवाल उठाए।

मालीवाल ने कहा कि पार्टी में कल के आए नेताओं ने 20 साल पुरानी कार्यकर्ता को भाजपा का एजेंट बता दिया। दो दिन पहले पार्टी ने सच क़बूल लिया था और आज पलट गई। ये गुंडा पार्टी को धमका रहा है, मैं गिरफ्तार हुआ तो सारे राज खोलूँगा। इसलिए हर जगह शरण में घूम रहा है। उसके दबाव में आज पार्टी ने हार मान ली और एक गुंडे को बचाने के लिए मेरे चरित्र पर सवाल उठाए गए। कोई बात नहीं, पूरे देश की महिलाओं के लिए अकेले ही लड़ती आई हूँ, अपने लिए भी लड़ूंगी। जमकर चरित्र हनन करो, वक्त आने पर सब सच सामने आएगा। मुख्यमंत्री आवास पर मालीवाल से हुई बदसलूकी पर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आप ने आरोप को ख़ारिज कर दिया।



- बोलीं- 20 साल पुरानी कार्यकर्ता को भाजपा का एजेंट बताया

### महिला आयोग ने बिभव के घर चिपकाया नोटिस

राष्ट्रीय महिला आयोग ने केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार के घर पर नोटिस चिपकाया है और शनिवार को आयोग के समक्ष पेश होने को कहा है। आयोग के अधिकारी शुक्रवार को बिभव के घर गए, घर पर मौजूद लोगों ने नोटिस लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद नोटिस उनके घर के बाहर चिपका दिया गया।

### बिभव ने कई बार मारे स्वाति को लात और थप्पड़

**नई दिल्ली।** सीएम केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने कथित तौर पर स्वाति मालीवाल को कई बार लात मारने के साथ ही थप्पड़ भी मारे थे। पुलिस में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार मालीवाल मदद के लिए चिल्ला रही थीं, लेकिन कुमार नहीं रुका और उसने मालीवाल के सीने, पेट और शरीर के निचले हिस्से पर लातें मारते हुए हमला किया। मालीवाल ने शिकायत में कहा कि कुमार ने उन पर पूरी ताकत से बार-बार हमला किया और कथित तौर पर उन्हें सात-आठ बार थप्पड़ मारे।

### आरोपी के साथ बेशर्मी से घूम रहे हैं केजरीवाल : सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने आप सांसद मालीवाल मुद्दे पर नहीं बोलने के लिए मुख्यमंत्री केजरीवाल की आलोचना की और कहा कि वह आरोपी बिभव कुमार के साथ बेशर्मी से घूम रहे हैं। सीतारमण ने मांग की कि आप संयोजक इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ें और माफी मांगें। आप सांसद संजय सिंह ने इस मामले में कार्रवाई का वादा करने के एक दिन बाद आरोपी को केजरीवाल के साथ लखनऊ में देखा गया।

# संविधान पीठ का फैसला कम सदस्य वाली पीठों पर बाध्यकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने अप्रैल 2022 के फैसले की समीक्षा करते हुए कहा है कि संविधान पीठ का फैसला कम सदस्य संख्या वाली पीठों पर बाध्यकारी होगा। न्यायालय ने यह टिप्पणी भूमि से संबंधित मामले में की जो हरियाणा के गांव के निवासियों के साझा इस्तेमाल वाली थी।

शीर्ष अदालत ने 7 अप्रैल, 2022 के आदेश में कहा था कि कोई पंचायत उस जमीन के स्वामित्व का दावा नहीं कर सकती जो हरियाणा में भूमि कानून के तहत वास्तविक मालिकों से उनकी अनुमेय सीमा से ज्यादा ली गई है। पंचायतें केवल उस भूमि का प्रबंधन और नियंत्रण कर सकती हैं जो मालिकों से ली गईं हैं और उस पर स्वामित्व का दावा नहीं कर सकतीं।

शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट की पीठ के फैसले के खिलाफ अपीलों के एक समूह पर फैसला सुनाया था, जिसने हरियाणा ग्राम सामान्य भूमि (विनियमन) अधिनियम 1961 की धारा 2 (जी) की उप-धारा 6 की वैधता की जांच की थी। गुरुवार को दिए गए फैसले में न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि जब उच्च न्यायालय का फैसला 1966 में शीर्ष अदालत की संविधान पीठ द्वारा निर्धारित कानून पर था, तो समीक्षाधीन निर्णय में अदालत से कम से कम यह समझाने की उम्मीद की जाती है कि 1966 के फैसले पर भरोसा करने में हाईकोर्ट गलत क्यों था। पीठ ने कहा कि यह बताने के लिए किसी कानून की आवश्यकता नहीं है कि संविधान पीठ का निर्णय कम सदस्य संख्या वाली पीठों पर बाध्यकारी होगा। भगत राम (1966 फैसला) का निर्णय पांच न्यायाधीशों द्वारा किया गया है, इस अदालत में दो न्यायाधीशों की पीठ भगत राम मामले में अनुच्छेद 5 में संविधान पीठ द्वारा निर्धारित कानून की अनदेखी नहीं कर सकती थी। समीक्षा याचिका की अनुमति देते हुए पीठ ने कहा, "इस न्यायालय के सात अप्रैल 2022 के फैसले के आलोक में अपील दायर करने के लिए बहाल की जाती है। पीठ ने निर्देश दिया कि अपील को सात अगस्त के लिए सूचीबद्ध किया जाए।



- कोर्ट ने ये टिप्पणी भूमि से संबंधित मामले में की जो हरियाणा के लोगों के साझा प्रयोग वाली थी

# निर्वाचन आयोग ने भाजपा उम्मीदवार अभिजीत को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ उनकी टिप्पणी के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया।

हल्दिया में 15 मई को आयोजित एक सभा को संबोधित करते समय बनर्जी के खिलाफ की गई टिप्पणी के लिए गंगोपाध्याय के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस की शिकायत पर निर्वाचन आयोग ने कार्रवाई की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गंगोपाध्याय को पश्चिम बंगाल की तमलुक सीट से मैदान में उतारा है, जहां 25 मई को मतदान होगा।

- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ टिप्पणी करने पर आयोग ने की कार्यवाही

निर्वाचन आयोग ने अपने नोटिस में कहा कि गंगोपाध्याय की टिप्पणी अनुचित, विवेकहीन, हर मायने में गरिमा से परे, अपमानजनक और प्रथम दृष्टया आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों और राजनीतिक दलों को दिए गए परामर्श का उल्लंघन करने वाली पाई गई है। निर्वाचन आयोग ने 20 मई को शाम पांच बजे तक नोटिस पर जवाब मांगा है।

# ठाणे में महिला से रेलगाड़ी में दुष्कर्म, मामला दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक्सप्रेस ट्रेन में महिला को बेहोश कर उससे दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

जीआरपी की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अर्चना धुसाने ने बताया कि ठाणे जीआरपी ने गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज की। मामला मार्च का है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि वह 10 मार्च को उत्तर प्रदेश जा रही तुलसी एक्सप्रेस में सवार हुई थी, तभी अज्ञात व्यक्ति ने उसे बेहोश करने के लिए नशीला पदार्थ दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना लोकमान्य तिलक टर्मिनस से ट्रेन के रवाना होने के 40 मिनट बाद और ठाणे रेलवे स्टेशन पहुंचने के बीच हुई।

# प्रज्ज्वल को देश लाने की कोशिश : गृहमंत्री

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक के गृहमंत्री जी.परमेश्वर ने शुक्रवार को कहा कि महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोपों का सामना कर रहे हासन के मौजूदा सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को स्वदेश लाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जांच कर रही एसआईटी प्रभावी तरीके से काम कर रही है। प्रज्ज्वल पर कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप लगे हैं। प्रज्ज्वल 27 अप्रैल को जर्मनी चले गए थे और अब भी विदेश में हैं। वह हासन सीट से भाजपा-जद(एस) के उम्मीदवार है जहां पर 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। प्रज्ज्वल के खिलाफ इंटरपोल द्वारा 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी करने पर परमेश्वर ने कहा कि प्रक्रिया जारी है, जब तक उन्हें वापस लाकर कानून के तहत कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की जाती तब तक हमारी कोशिश जारी है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार प्रज्ज्वल के देश से जाने के लिए जिम्मेदार है। मंत्री ने कहा वे ऐसा कहेंगे, वे यह नहीं कह सकते कि सरकार अच्छा काम कर रही है लेकिन हमारी सरकार के तौर पर जिम्मेदारी है। ऐसी चीजों को हल्के में नहीं लिया जाएगा।

- प्रज्ज्वल रेवन्ना पर कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न के लगे हैं आरोप

### विधायक रेवन्ना की अंतरिम अग्रिम जमानत 20 मई तक बढ़ी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने यौन उत्पीड़न के मामले में जनता दल (सेक्युलर) के विधायक एवं पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना को दी गई अंतरिम अग्रिम जमानत शुक्रवार को 20 मई तक के लिए बढ़ा दी। अदालत ने तब तक के लिए उनकी अग्रिम जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने इससे पहले बृहस्पतिवार को मामले की सुनवाई की थी और 66 वर्षीय रेवन्ना को आज तक के लिए अंतरिम राहत दी थी।

# मतदाता की गोपनीयता के उल्लंघन का आरोप वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया जिसमें मौजूदा मतदान प्रणाली में मतदाता की गोपनीयता के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है।

न्यायालय ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका को खारिज करने के साथ याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि उन्होंने शीर्ष अदालत के 26 अप्रैल के निर्णय को नहीं पढ़ा है जिसमें ईवीएम में हेराफेरी के आरोपों को रद्द कर दिया गया था। याचिकाकर्ता एग्नोस्टस थियोस के अधिवक्ता ने कहा कि एक निर्वाचन अधिकारी वीवीपैट पर्चियां और ईवीएम में संग्रहीत डेटा को देख सकता है। वीवीपैट पर्चियों और ईवीएम के डेटा से, पीठासीन अधिकारी यह जान सकता है कि किस मतदाता ने किस पार्टी को वोट दिया है। पीठ ने कहा कि अगर उन्होंने 26 अप्रैल का फैसला देखा होता तो उन्होंने यह दलील नहीं दी होती।

- उच्चतम न्यायालय ने कहा- याचिका में कोई दम नहीं है

## आज का मुकाबला

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
चेन्नई सुपरकिंग्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 13 | 22 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 13 | 661 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

## आरसीबी-सीएसके की टक्कर में बारिश की आशंका

**बेंगलुरु, एजेंसी**

लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू आईपीएल प्लेआफ में चौथी टीम के निर्धारण के लिए शनिवार को यहां करो या मरो के मुकाबले में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के सामने होंगी लेकिन इस मैच पर मौसम की गाज गिरने की आशंका है। बता दें कि आरसीबी को 18 रन से या दिए गए लक्ष्य को 11 गेंद शेष रहते पाना होगा। तभी प्लेआफ में जगह बना पाएगी।

हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस का मैच बारिश में धुलने के कारण अब कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बाद सनराइजर्स प्लेआफ में पहुंच गई है। अब सिर्फ एक स्थान के लिए रस्साकशी है और दो टीमें सीएसके



तथा आरसीबी दौड़ में हैं। बेहतर रनरेट और अधिक अंक (13 अंक और 0.528 रनरेट) होने से चेन्नई का दावा मजबूत है। इस मैदान पर वह आठ मैचों में आरसीबी से एक ही बार हारी है। वहीं आरसीबी के 12 अंक है और उसका नेट रनरेट 0.387 है। मौसम विभाग ने कल बारिश की भविष्यवाणी की है। अगर मैच नहीं हो पाता है तो चेन्नई प्लेआफ में पहुंच जाएगी। वहीं आरसीबी को कम से कम 18 रन से या 11 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज करनी होगी। आरसीबी इस समय सबसे शानदार फॉर्म में हैं। छह मैचों की हार का सिलसिला तोड़ने के बाद उसने लगातार पांच जीत दर्ज की है।

आरेंज कैपधारी विराट कोहली जबर्दस्त फॉर्म में हैं और पिछले पांच में से तीन मैचों में अर्धशतक जड़ चुके हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी से अच्छी पारी की उम्मीद होगी जो पिछले दो मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके। मध्यक्रम में रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन अच्छा खेल रहे हैं। महिपाल लोमरोर और दिनेश कार्तिक भी बल्लेबाजों की ऐशगाह चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच का फायदा उठाना चाहेंगे।

### विश्व क्वालीफायर से पहले कोरिया जाएंगी दीपिका



**नई दिल्ली।** भारत की अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी अगले महीने तुर्किये के अंताल्या में होने वाले आखिरी ओलंपिक विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से पहले दक्षिण कोरिया में अभ्यास करेंगी। पिछले महीने शंघाई में विश्व कप में रजत पदक जीतने के बाद दीपिका को टारगेट टॉप्स में फिर से शामिल किया गया है। वह भारतीय महिला टीम का हिस्सा है जो पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने का प्रयास करेगी। वह 13 दिन तक किम तीरंदाजी स्कूल में अभ्यास करेंगी और 14 जून से अंताल्या में होने वाले क्वालीफायर के लिए रवाना होंगी। टॉप्स के तहत मंत्रालय उनके हवाई किराये, रहने खाने, अभ्यास और स्थानीय आवागमन का खर्च उठाएगा। एमओसी ने तीरंदाजी पुरुष और महिला टीमों को फिजियोथेरेपी उपकरण खरीदने के लिए भी वित्तीय सहायता मंजूर की है।

## संन्यास की घोषणा से पहले विराट को सब बताया : छेत्री

**बेंगलुरू, एजेंसी**



भारतीय कप्तान सुनील छेत्री जब फुटबॉल से विदा लेने के अपने फैसले के बारे में घोषणा करने की सोच रहे थे तो उन्हें बखूबी पता था कि ऐसा एक इंसान है जो उनकी स्थिति को समझेगा और उनके दोस्त विराट कोहली ने भी उन्हें निराश नहीं किया।

भारत के लिये सर्वाधिक 150 मैच खेलकर सबसे ज्यादा 94 गोल कर चुके छेत्री ने बृहस्पतिवार को ऐलान किया कि वह कोलकाता में छह जून को कुवैत के खिलाफ मैच के बाद संन्यास लेंगे। छेत्री ने कहा कि यह फैसला उन्होंने अंतर्मन की आवाज पर लिया है। उन्होंने इसकी सार्वजनिक घोषणा करने से पहले कोहली को इसके बारे में बताया। छेत्री ने भुवनेश्वर से कहा कि मैने फैसला लेने से पहले विराट कोहली से बात की। वह मेरे काफी करीब है, मैने उससे बात की क्योंकि वह इसे समझ सकता था। इससे पहले शुक्रवार को कोहली ने आईपीएल में अपनी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के एक्स पेज पर शॉर्ट वीडियो इंटरव्यू में कहा छेत्री महान खिलाड़ी है। उसने मुझे मैसेज करके बताया था कि वह संन्यास लेने जा रहा है। मुझे लगता है कि वह इस फैसले से संतोष महसूस कर रहा है।

## खेल डायरी

### शारजाह मास्टर्स शतरंज में निकोलस से हारे अर्जुन



**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में यूनान के निकोल थियोडोरोउ से हार गए। उन्होंने हालांकि तीसरे दौर में स्विटजरलैंड के निकोलाइ काचेरावा को हराया और लाइव रेटिंग में आठवें स्थान पर बने हुए हैं। भारतीय दल के लिए यह आसान दिन नहीं था। अरविंद चितांबरम सबसे पसंदीदा खिलाड़ी थे। अरविंद ने अजरबैजान के मुरादली महम्मद को हराकर अग्रणी समूह में एकमात्र भारतीय बने।

### ब्राजील में होगा 2027 फीफा महिला फुटबॉल विश्व कप

**बैंकॉक।** ब्राजील में 2027 महिला फुटबॉल विश्व कप होगा चूंकि फीफा के पूर्णकालिक सदस्यों ने बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी के संयुक्त प्रस्ताव पर दक्षिण अमेरिकी देश को तरजीह दी है। फीफा कांग्रेस ने ब्राजील के पक्ष में 119 वोट दिये जबकि संयुक्त यूरोपीय बोली को 78 वोट मिले। अमेरिका और मैक्सिको ने संयुक्त प्रस्ताव पिछले महीने वापिस ले लिया था जबकि दक्षिण अफ्रीका ने नवंबर में अपनी दावेदारी वापिस ले ली थी। पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप दक्षिण अमेरिका में होगा। टूर्नामेंट पहली बार 1991 में खेला गया था।

### पैरा धावक जैक्स ने पुरुषों की पांच हजार मीटर टी11 विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

**कोबे।** ब्राजील के पैरा एथलीट येल्तसिन जैक्स ने शुक्रवार को पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की पांच हजार मीटर टी11 फाइनल में नए विश्व रिकॉर्ड के साथ जीत दर्ज की। आज यहां मध्य जापान के बंदरगाह शहर कोबे के यूनिवर्सिएड मेमोरियल स्टेडियम में 32 वर्षीय दृष्टिबाधित एथलीट जैक्स ने 14 मिनट 53.97 सेकंड का समय के साथ विश्व रिकार्ड बनाया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 15:12.37 था। उन्होंने वर्ष 2021 में टोक्यो पैरालिंपिक खेलों में पुरुषों की पांच हजार मीटर टी11 फाइनल और पुरुषों की 1,500 मीटर टी11 का स्वर्ण पदक जीता था।

### पैरा एथलीट कैल्कागिन ने पुरुषों की 100 मीटर में बनाया विश्व रिकॉर्ड

**कोबे।** इटली के पैरा एथलीट कार्लो फैबियो मार्सेलो कैल्कागिन ने शुक्रवार को पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों की 100 मीटर टी72 के फाइनल में नए विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। जापान के शहर कोबे में पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के 11वें संस्करण के पहले दिन फ्रेम-रनिंग एथलीट कैल्कागिन ने 15.39 सेकंड का समय दर्ज करते हुए मार्च में बनाए गए 15.80 सेकेंड के अपने विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया। ब्राजील के विनीसियस मार्क्स क्राइगर क्विंटिनोबरा और लिथुआनिया के डेविडास पोडोबाजेवास ने टी72-श्रेणी प्रतियोगिता में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते।

### फिक्सिंग में कप्तान और दो अन्य खिलाड़ी गिरफ्तार


**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई पेशेवर फुटबॉल में शुक्रवार को लीग क्लब मैकार्थर एफसी के कप्तान द्वारा दो युवा साथी खिलाड़ियों को जानबूझकर पीला कार्ड हासिल करने के लिए 10,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की राशि देने के आरोपों के बाद तहलका मच गया। इसमें मैकार्थर एफसी के कप्तान उलीसेस डाविला तथा साथी खिलाड़ी कीरिन बाकुस और क्लेटन लुईस को मैच फिक्सिंग में कथित लिप्तता के कारण गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि जीतने के लिए सैकड़ों हजार डॉलर की राशि दी गई। शुक्रवार को सभी तीनों खिलाड़ियों को



आधिकारिक रूप से आरोपित किया गया और उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। डाविला 24 जून को अदालत में पेश होंगे। जांचकर्ताओं का आरोप है कि 24 नवंबर और नौ दिसंबर को खेले गए मैच के दौरान पीले कार्ड के लिए छेड़छाड़ की गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 20 अप्रैल और चार मई को मैच के दौरान भी इसी तरह के प्रयास किए गए जो सफल नहीं हो सके।

# मुंबई ने हार के साथ ली आईपीएल से विदा

## पूरन ने खेली तेज-तर्रार अर्धशतकीय पारी, लखनऊ ने मुंबई को 18 रन से हराया



**मुंबई, एजेंसी**

निकोलस पूरन (75) और कप्तान के एल राहुल (55) रनों की शानदार पारियों के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने मुंबई को 18 रनों से हराया। शुक्रवार को लखनऊ ने मुंबई इंडियंस को 215 रनों का लक्ष्य दिया है। जिसके जवाब में मुंबई 196 रन ही बना सकी। इस हार के साथ पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल का सफर खत्म हुआ। लखनऊ ने भी अपने सभी लीग मैच खेल लिए हैं।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की टीम को रोहित शर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस ने सधी शुरुआत दिलाई। चौथे ओवर में बारिश के चलते खेल कुछ देर के लिए रोका भी गया। दोबारा खेल शुरू होने के बाद मुंबई ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 53 रन जोड़े। नौवें ओवर में डेवाल्ड ब्रेविस (23) के रूप में लखनऊ को पहली सफलता मिली। वहीं, सूर्यकुमार खाता भी नहीं खो सके। रोहित (68) बनाकर पवेलियन लौटे। कप्तान हार्दिक 16 रन ही बना सके। नमन धीर ने 62 रनों की नाबाद पारी खेली, लेकिन मुंबई की हार को टालने में नाकाम रहे।

इससे पहले वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में देवदत्त पड़िक्कल (शून्य) का विकेट गवां दिया।

उसके बाद कप्तान केएल राहुल और मार्कस स्टॉयनिस ने पारी को संभालने का प्रयास किया। छठें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस (28) रन पर आउट हुए। उसके बाद दीपक



### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान (क्वा) | 13 | 8 | 5 | 16 | 0 | +0.273 |
| हैदराबाद (क्वा) | 13 | 7 | 5 | 15 | 1 | +0.406 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 | 0 | +0.528 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| लखनऊ | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.667 |
| बेंगलुरु | 13 | 6 | 7 | 12 | 0 | +0.387 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 14 | 4 | 10 | 8 | 0 | -0.318 |

(11), अरशद (0) बनाकर आउट हुए। कप्तान के एल राहुल ने 41 गेंदों में 55 रन बनाए। निकोलस पूरन ने 29 गेंदों में 75 रनों की तूफानी पारी खेली। आयुष बदोनी (22) और क्रुणाल (17)रन बनाकर नाबाद रहे।

**55** रनों की पारी लखनऊ सुपरजाइंटस के कप्तान केएल राहुल के बल्ले से निकली, अंतिम ओवरों में आयुष बडोनी ने बनाए नाबाद 9 गेंदों में 22 रन

### लखनऊ 214/6

20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| केएल राहुल कैच तुषारा बो पीयूष चावला | 55 | 41 | 3/3 |
| देवदत्त पड्डिकल पगबाधा नुवान तुषारा | 0 | 0 | 0/0 |
| मार्कस स्टोयनिस पगबाधा पीयूष चावला | 28 | 22 | 5/0 |
| दीपक हुड्डा कैच निहाल बो पीयूष चावला | 11 | 9 | 1/0 |
| निकोलस पूरन कैच सूर्यकुमार बो तुषारा | 75 | 29 | 5/8 |
| अशरद खान कैच निहाल बो तुषारा | 0 | 1 | 0/0 |
| आयुष बडोनी नाबाद | 22 | 9 | 1/2 |
| क्रुणाल पांड्या नाबाद | 12 | 7 | 1/1 |

**गेंदबाजी :** तुषारा 4-0-28-3, अर्जुन 2.2-0-22-0, कम्बोज 3-0-48-0, चावला 4-0-29-3, निहाल वढेरा 2-0-13-0, हार्दिक 2-0-27-0, नमन 0.4-0-17-0, शेफर्ड 2-0-30-0

### मुंबई 196/6

20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का मोहसिन बो बिश्नोई | 68 | 38 | 10/3 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का क्रुणाल बो नवीन | 23 | 20 | 1/3 |
| सूर्यकुमार यादव का बिश्नोई बो कृणाल | 0 | 3 | 0/0 |
| इशान किशन बो नवीन | 14 | 15 | 1/0 |
| हार्दिक पंड्या का नवीन बो मोहसिन | 16 | 13 | 1/1 |
| नेहाल वढेरा का कृणाल बो बिश्नोई | 1 | 3 | 0/0 |
| नमन धीर नाबाद | 62 | 28 | 4/5 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** अरशद 2-0-11-0, हेनरी 2-0-24-0, कृणाल 4-0-29-1, मोहसिन 4-0-45-1, नवीन 4-0-50-2, बिश्नोई 4-0-37-2

## हमें मानसिक शांति की जरूरत : महिला पहलवान

**नई दिल्ली, एजेंसी**




पेरिस ओलंपिक की कोटा विजेता महिला पहलवानों ने शुक्रवार को राष्ट्रीय महासंघ से चयन ट्रायल आयोजित नहीं करने का अनुरोध करते हुए कहा कि अब से वे जो भी कदम उठाएंगें और जो कुछ भी करेंगे उसका असर ओलंपिक में भारत की पदक संभावनाओं पर पड़ेगा।

सीनियर विश्व चैंपियनशिप 2021 के फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला पहलवान अंशु मलिक ने कहा कि खेलों की तैयारी के लिए अब उन्हें केवल मानसिक शांति की जरूरत है। अंशु को अगर पेरिस जाने का मौका मिलता है तो यह इन खेलों में इस 22 साल की खिलाड़ी के लिए यह दूसरा मौका होगा। उन्होंने पिछले ओलंपिक में 17 साल की उम्र में महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करके आश्चर्यचकित किया था, लेकिन बड़े स्तर के अनुभव की कमी के कारण वह पहले दौर में ही बाहर हो गई थी। तोक्यो ओलंपिक के बाद हालांकि इस आक्रामक पहलवान ने अपने खेल में काफी सुधार किया। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में ऐतिहासिक विश्व रजत जीतने के बाद एशियाई चैंपियनशिप में चार पदक जीते हैं।

वह पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप के दौरान लगी घुटने में चोट के कारण एशियाई खेलों में भाग नहीं ले पाई थीं। अंशु को डर है कि खेलों के इतने करीब उनके शरीर पर दबाव डालने से उनकी तैयारी प्रभावित हो सकती है। तोक्यो में अभ्यास कर रही अंशु ने कहा हमें अपने हर छोटे से छोटे काम में बहुत, बहुत सावधान रहना होगा। हम यहां से अपने हर एक कदम में सतर्कता बरत रहे हैं। मैंने हाल ही में कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, ट्रायल्स और फिर क्वालीफायर, इसलिए मुझे ट्रायल के माध्यम से फिटनेस का आकलन करने की आवश्यकता नहीं है।

## ओलंपिक में मुक्केबाजी कोटा गंवा सकता है भारत, वाडा ने परवीन को किया निलंबित

**नई दिल्ली।** पिछले 12 महीने में तीन बार अपना ठिकाना (वेयरअबाउट) नहीं बताने के कारण विश्व



चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज परवीन हुड्डा को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने निलंबित कर दिया है जिससे वह पेरिस ओलंपिक का कोटा भी गंवा सकती है।

पिछले साल एशियाई खेलों में महिलाओं के 57 किलोवर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली परवीन ने अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच अपने ठिकाने की जानकारी नहीं दी है जो वाडा नियमों के तहत अनिवार्य है। परवीन के कोच सुधीर हुड्डा ने कहा उस पर वाडा ने डेढ साल का प्रतिबंध लगाया है जो इस महीने से शुरू होगा और नवंबर 2025 तक चलेगा।

## अभी मेरे रिकॉर्ड पर कोई खतरा नहीं : बोल्ट

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे तेज फर्राटा धावक उसेन बोल्ट आठ साल के बाद फिर से ओलंपिक में होंगे लेकिन प्रतिभागियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है



क्योंकि वह पेरिस में सिर्फ उन्हें खेलते हुए देखने के लिए मौजूद होंगे।

न्यूयॉर्क से फोन पर दिये साक्षात्कार में बोल्ट ने संन्यास के बाद फिर से प्रतिस्पर्धा करने की इच्छा और निकट भविष्य में भारत का दौरा करने की इच्छा के बारे में बातें कीं। बर्लिन में 2009 विश्व चैंपियनशिप में 100 मीटर में उनका 9.58 सेकेंड और 200 मीटर में 19.19 सेकेंड का रिकॉर्ड कायम है। बोल्ट ने कहा मुझे नहीं लगता कि इस रिकॉर्ड को कोई खतरा है। इस समय नहीं है। मुझे लगता है कि यह लंबे समय तक रहेगा।

## बॉलीवुड हलचल

### रॉकस्टार का सीक्वल बनाना चाहते हैं इम्तियाज अली

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार इम्तियाज अली अपनी सुपरहिट फिल्म रॉकस्टार का सीक्वल बनाना चाहते हैं। वर्ष 2011 में प्रदर्शित इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी फिल्म सुपरहिट रॉकस्टार में रणबीर कपूर और नरगिस फाखरी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इम्तियाज अली, रॉकस्टार का सीक्वल बनाना चाहते हैं। हाल ही में डिजिटल प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स की तरफ से इम्तियाज अली के साथ संगीतकार ए आर रहमान गीतकार इरशाद कामिल और गायक मोहित चौहान की बातचीत का एक वीडियो जारी किया गया। इसमें चारों एक साथ की गई अपनी फिल्मों और गानों पर बातें करते हैं। एआर रहमान इम्तियाज से पूछते हैं कि क्या हम राकस्टार 2 बना रहे हैं? इस पर इम्तियाज कहते हैं, हमारे पास इस बारे में बताने के लिए म्यूजिकली कुछ तो होना ही चाहिए। एआर रहमान कहानी क्राउडसोर्स करने का सुझाव इम्तियाज अली को देते हैं। रहमान कहते हैं, हमें इसे जनता पर छोड़ देना चाहिए। इस फिल्म के लिए क्राउडसोर्स करते हैं। भविष्य आप कभी नहीं जानते हैं। मेरा मतलब है कि आप क्राउडसोर्स के माध्यम से लाखों कहानियां पा सकते हैं। इम्तियाज अली कहते हैं कि उम्मीद है कि जल्दी ही कुछ न कुछ आएगी।



### पश्मीना रोशन की फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' का टीजर रिलीज




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन की आने वाली फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' का टीजर रिलीज हो गया है। पश्मीना रौशन फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में पश्मीना रोशन के अलावा रोहित शराफ, जिबरान खान और नैला ग्रेवाल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'इश्क विश्क रिबाउंड' फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा है। 'इश्क विश्क रिबाउंड' वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्व विश्क का सीक्वल है। इस फिल्म में शाहिद कपूर के साथ अमृता राव मुख्य भूमिका में थीं। शाहिद और अमृता राव की यह पहली फिल्म थी।

### धड़कन का सीक्वल चाहते हैं धर्मेश

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्देशक धर्मेश दर्शन अपनी सुपरहिट फिल्म धड़कन का सीक्वल बनाना चाहते हैं। धर्मेश दर्शन के निर्देशन में बनी वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म धड़कन में अक्षय कुमार, शिल्पा शेट्टी, सुनील शेट्टी और महिमा चौधरी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। धड़कन बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई, साथ ही फिल्म के सभी गाने चार्ट बस्टर साबित हुए। धर्मेश दर्शन ने बताया मैं धड़कन का सीक्वल बनाने पर विचार कर रहा हूं, लेकिन ऐसा हो भी सकता है और नहीं भी।

**टेक्सास, फ्लोरिडा, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो में 16 अभ्यास मैच खेलेंगी 17 टीमें**

## टी-20 विश्वकप के अभ्यास मैच कार्यक्रम जारी

**दुबई, एजेंसी**

आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अभ्यास मैच 27 मई से एक जून तक अमेरिका, त्रिनिदाद और टोबैगो में आयोजित किए जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप के लिए अभ्यास मैच के कार्यक्रम की घोषणा की।

उन्होंने बताया कि इस विश्वकप से पहले कुल 17 टीमें टेक्सास में ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, फ्लोरिडा में ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, क्वींस पार्क ओवल और त्रिनिदाद और टोबैगो में ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में 16 अभ्यास मैच खेलेंगी। इसमें दक्षिण अफ्रीका भी शामिल है। भारत एक जून को अपना अभ्यास मैच बंगलादेश के साथ खेलेगा। वहीं पाकिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड अभ्यास मैच नहीं खेल रहे है। सभी अभ्यास मैच प्रति पक्ष 20-20 ओवरों के होंगे। इसमें टीमों को अपने 15-15 खिलाड़ियों वाले दल के सभी सदस्यों को मैदान में उतारने की अनुमति मिलेगी। आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 अभ्यास मैच का कार्यक्रम इस प्रकार है।




### बांग्लादेश से 1 जून को टी20 विश्व कप अभ्यास मैच खेलेगा भारत

**दुबई।** भारतीय टीम एक जून को अमेरिका में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप का अभ्यास मैच खेलेगी। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को यह ऐलान किया। मैच का आयोजन स्थल और समय अभी तय नहीं किया है। विश्व कप में भाग ले रही 20 टीमों में से 17 27 मई से एक जून तक अमेरिका और त्रिनिदाद एवं टोबैगो में अभ्यास मैच खेलेंगी। दक्षिण अफ्रीका टीम 29 मई को फ्लोरिडा में टीम के भीतर ही अभ्यास मैच खेलेगी। गत चैंपियन इंग्लैंड और उपविजेता पाकिस्तान के अलावा सेमीफाइनल खेलने वाली न्यूजीलैंड कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेंगी। पाकिस्तान और इंग्लैंड 22 मई से इंग्लैंड में चार मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेल रहे हैं।

### 27 से 31 मई तक अभ्यास सत्र में खुद को परखेंगी विश्व की टीमें

**27 मई :** कनाडा बनाम नेपाल, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 10:30 बजे। ओमान बनाम पापुआ न्यू गिनी, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, 15:00 बजे नामीबिया बनाम युगांडा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो 19:00 बजे।

**28 मई :** श्रीलंका बनाम नीदरलैंड, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा, 10:30 बजे। बंगलादेश बनाम अमेरिका, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 10:30 बजे। ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 19:00 बजे।

**29 मई :** दक्षिण अफ्रीका इंट्रा-स्क्वाड, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा 10:30 बजे अफगानिस्तान बनाम ओमान, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 13:00 बजे।

**30 मई :** नेपाल बनाम अमेरिका, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 10:30 बजे। स्कॉटलैंड बनाम युगांडा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, 10:30 बजे। नीदरलैंड बनाम कनाडा, ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम, ग्रैंड प्रेयरी, टेक्सास 15:00 बजे। नामीबिया बनाम पापुआ न्यू गिनी, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद और टोबैगो, 15:00 बजे। वेस्ट इंडीज बनाम ऑस्ट्रेलिया, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 19:00 बजे।

**31 मई :** आयरलैंड बनाम श्रीलंका, ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, ब्रोवार्ड काउंटी, फ्लोरिडा, 10:30 बजे। स्कॉटलैंड बनाम अफगानिस्तान, क्वींस पार्क ओवल, त्रिनिदाद और टोबैगो 10:30 बजे। एक जून को : बंगलादेश बनाम भारत, स्थान टीबीसी अमेरिका।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को नई दिल्ली में मेट्रो ट्रेन में सफर किया। ● एजेंसी

## एक नजर

### टेक्सास में विकराल तूफान, चार की मौत

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में टेक्सास प्रांत के सबसे बड़े शहर ह्यूस्टन में विकराल तूफान की चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो गई। प्रांतीय प्रशासन के मुताबिक अभी यह स्पष्ट नहीं है कि लोगों की मौत कैसे हुई। अंतरराष्ट्रीय समयानुसार शहर में गुरुवार देर रात करीब नौ बजे आये तूफान से कई क्षेत्रों में पेड़ उखड़ गये और बिजली की लाइनें टूट गयीं। टेक्सास के सबसे बड़े स्कूल जिले ह्यूस्टन आईएसडी ने तूफान से हुई क्षति और बिजली कटौती के कारण शुक्रवार के लिए सभी कक्षाएं रद कर दीं।

### चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत को मिल रहा फायदा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के एक विशेषज्ञ ने कहा कि भारत का आर्थिक विकास प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है और यह कई पश्चिमी कंपनी के लिए निवेश करने का एक वैकल्पिक गंतव्य बन गया है क्योंकि चीन में विदेशी निवेश कम होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को संशोधित किए जाने के मौके पर विशेषज्ञ ने यह बात कही। यूएन डीईएसए के आर्थिक विश्लेषण एवं नीति प्रभाग में वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के प्रमुख हामिद राशिद ने बृहस्पतिवार को यहां संवाददाताओं से कहा भारत कई पश्चिमी कंपनियों के लिए एक वैकल्पिक निवेश स्रोत या गंतव्य बन गया है। मुझे लगता है कि इससे भारत को फायदा हो रहा है।

### अधिकारियों ने कर्नल काले को दी श्रद्धांजलि

**तेल अवीव।** गाजा में जान गंवाने वाले भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी कर्नल वैभव अनिल काले को यहां स्थित भारतीय दूतावास के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र और इजराइल सरकार के अधिकारियों ने शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी। काले (46) सोमवार को सुबह संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (यूएनडीएसएस) के अन्य कर्मचारियों के साथ वैश्विक संस्था के वाहन में रफह स्थित यूरोपियन हॉस्पिटल जा रहे थे, तभी वह हमले की चपेट में आ गए और उनकी जान चली गई। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि कर्नल काले के पार्थिव शरीर को भारत ले जाया जा रहा है।

# रूस में भारतीयों के लिए होगी वीजा फ्री एंट्री, दोनों देश करेंगे समझौता

मॉस्को, एजेंसी

● रूस के विशेष परियोजना विभाग की निदेशक निकिता कोंद्रायेव ने विवरण साझा किया



भारत और रूस वीजा-मुक्त पर्यटक आदान-प्रदान के लिए ऐतिहासिक वार्ता शुरू करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट के अनुसार, चर्चा का पहला दौर जून के लिए निर्धारित है, इस दौरान देश द्विपक्षीय समझौते की व्यवहार्यता का पता लगाएंगे, जिसे साल के अंत तक अंतिम रूप दिया जा सकता है।

रूस के आर्थिक विकास मंत्रालय में बहुपक्षीय आर्थिक सहयोग और विशेष परियोजना विभाग की निदेशक निकिता कोंद्रायेव ने रूस-इस्लामिक वर्ल्ड, कज़ानफोरम 2024 में आगामी वार्ता के बारे में विवरण साझा किया है। रूस के कजान में आयोजित इस कार्यक्रम ने समूह वीजा-मुक्त यात्राओं पर बातचीत में प्रगति को उजागर करने के लिए कोंद्रायेव के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। कोंद्रायेव ने बताया कि हम भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ आंतरिक समन्वय के अंतिम चरण के करीब हैं और जल्द ही एक मसौदा समझौते पर चर्चा करेंगे। निकिता ने कहा कि रूस की योजना चीन और ईरान के साथ पहले ही इस तरह के किए गए समझौते को भारत के साथ दोहराना है। रूस और चीन ने पिछले साल 1 अगस्त को वीजा मुक्त समूह पर्यटन के आदान-प्रदान की शुरुआत की थी।

## शी और पुतिन ने व्यापार और सांस्कृतिक आदान प्रदान पर की चर्चा

**बीजिंग।** रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने शुक्रवार को चीन की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर ध्यान केंद्रित किया। शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के बीच असीमित साझेदारी को भी दोहराया गया जो पश्चिमी देशों के साथ उनके बढ़ते तनाव के बीच गहरी हो रही है।

पुतिन उत्तरपूर्वी शहर हार्बिन में चीन-रूस एक्सपो में भाग लेंगे और हार्बिन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में छात्रों से मिलेंगे। शिखर सम्मेलन में पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए चीन के प्रस्तावों के लिए शी को धन्यवाद दिया। शी ने कहा कि चीन यूरोप में जल्द शांति और स्थिरता लौटने की उम्मीद करता है और वह इस दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाना जारी रखेगा।

# खरीदने जा रहे हैं इलेक्ट्रिक कार तो इन जरूरी बातों का रखें ध्यान



भारत समेत दुनियाभर में इलेक्ट्रिक कार लॉन्च हो रही हैं। टाटा मोटर्स से लेकर ब्रिटिश कार मेकर एमजी तक की इलेक्ट्रिक कार भारतीय सड़कों पर सरपट दौड़ रही हैं। यह गाड़ी न सिर्फ वायु प्रदूषण से बचाती हैं, बल्कि ध्वनि प्रदूषण भी नहीं करतीं। अगर आप भी इलेक्ट्रिक कार खरीदने का प्लान बना रहे हैं, तो आज हम ऐसी जरूरी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो इलेक्ट्रिक कार खरीदने में आपके लिए मददगार साबित हो सकती हैं। कार एक्सपर्ट की सलाह के मुताबिक आपको इन चीजों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

### डेली चार्ज करने की सुविधा

नई इलेक्ट्रिक कार खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो सबसे पहले ध्यान रखें कि आपके पास कार को चार्ज की सही जगह मौजूद हो, ताकि उस कार को डेली चार्ज किया जा सके। कई वाहन निर्माता कंपनियां कार चार्जर साथ देती है और उसे एक दीवार पर इंस्टॉल कर देती हैं। घर पर कार चार्जिंग में काफी अधिक समय लगता है। जबकि डीसी चार्जर की मदद से एक कार की बैटरी 0-80 प्रतिशत बैटरी को सिर्फ 30-45 मिनट में चार्जर किया जा सकता है।

### फ्यूलिंग सिस्टम बेहद अहम

इलेक्ट्रिक कार खरीदने से पहले यह समझ लें कि पेट्रोल के मुकाबले इलेक्ट्रिक कार के फ्यूलिंग सिस्टम का ज्यादा ध्यान रखना होता है। दरअसल, पेट्रोल कार में फ्यूल आप किसी भी करीबी पंप से भरा सकते हैं, जबकि इलेक्ट्रिक कार के साथ ऐसा नहीं है। बैटरी चार्जिंग का ध्यान रखना होगा।

### डेली तय होने वाली दूरी

अगर आप ऑफिस या कहीं दूसरी जगह नियमित समय पर जाते हैं, तो आपको ध्यान देना है कि क्या इसकी ड्राइविंग रेंज उतनी है, जितनी आपको जरूरत है। हर किसी कार की असली रोड पर ड्राइविंग रेंज को जानें।

### पहले ज्यादा पैसे खर्च, बाद में सेविंग

दरअसल, बहुत से लोगों के मन में एक सवाल आता है कि अगर आप पेट्रोल की तुलना में ईवी खरीदते हैं तो उसकी कीमत तो ज्यादा होगी, तो क्या वह सेविंग भी कर पाएंगे। उदाहरण से समझते हैं दरअसल, मुंबई में टाटा नेक्सान पेट्रोल की कीमत 14 लाख रुपये कीमत है, जबकि टाटा नेक्सॉन ईवी की कीमत 18 लाख रुपये है। पेट्रोल इंजन 6.7 रुपये प्रति किलोमीटर की ड्राइविंग कॉस्ट आती है। वहीं, इलेक्ट्रिक ईवी नेक्सॉन की प्रति किलोमीटर की ड्राइविंग रेंज 97 पैसे प्रति किलोमीटर आती है।

# भारतीय मूल के सांसद बोले- भारत मानवाधिकारों पर नहीं सुनेगा लेक्चर

## इंडियन-अमेरिकन इम्पैक्ट के शिखर सम्मेलन देसी डिसाइड्स में सांसदों ने उठाया मुद्दा

वाशिंगटन, एजेंसी




इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट के शिखर सम्मेलन देसी डिसाइड्स में उपस्थित भारतीय मूल के सांसद। ● एजेंसी

भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने कहा कि मानवाधिकारों पर भारत को लेक्चर देने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वे इस मुद्दे पर चिंताएं व्यक्त करने के लिए महत्वपूर्ण देश के नेतृत्व के साथ बातचीत करने के पक्ष में हैं।

कांग्रेसनल इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष और कांग्रेसी रो खन्ना ने तीन अन्य भारतीय अमेरिकी सांसदों श्री थानेदार, प्रमिला जयपाल और डॉ. अमी बेरा के साथ इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट के शिखर सम्मेलन देसी डिसाइड्स एक पैनल चर्चा में इस मामले पर बात की। भारतीय अमेरिकी सांसदों ने भारत में मानवाधिकार से जुड़े मुद्दों को उठाते रहने की बात दोहराई।

भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने लोगों से कहा कि भारत 100 से अधिक वर्षों तक उपनिवेश रहा, इसलिए जब हम मानवाधिकारों के बारे में बातचीत करते हैं, तब आप विदेश मंत्री जयशंकर या किसी अन्य के साथ बातचीत करते हैं, तो आपको यह समझना होगा कि यह केवल भारत को उपदेश देने की तरह लगता है। औपनिवेशिक ताकतें सैकड़ों वर्षों से हमें उपदेश दे रही हैं। ऐसा करना उपयोगी नहीं होगा। खन्ना ने कहा मुझे लगता है कि भारत के साथ बातचीत करना अधिक रचनात्मक नजरिया होगा कि यहां हमारे लोकतंत्र में क्या खामियां हैं, आपके लोकतंत्र में क्या खामियां हैं और हम सामूहिक रूप से लोकतंत्र और मानवाधिकारों को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं।

● सांसदों ने कहा- भारत रूस और अमेरिका दोनों पक्षों के बीच खेलता रहा है, अब सिर्फ हमारे साथ मजबूत दोस्ती रखे

### जीवंत लोकतंत्र में प्रेस की आजादी होनी चाहिए : डॉ. अमी बेरा

सांसद डॉ. अमी बेरा ने कहा आप देखिए कि प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में क्या हो रहा है। आप दरअसल कोई व्यवहार्य विपक्षी दल नहीं देख रहे या कहें तो इसे समाप्त किया जा रहा है। जीवंत लोकतंत्र में ये सभी चीजें होनी चाहिए- बोलने की आजादी, प्रेस की आजादी। मुझे उम्मीद है कि आपको कभी ट्रंप का दूसरा कार्यकाल नहीं देखना पड़े, लेकिन अगर ऐसा हो भी जाए तो भी आप देखेंगे कि हमारा लोकतंत्र बचा रहेगा। मैं निश्चित रूप से आशा करता हूं कि भारत का लोकतंत्र भी बचा रहे।

### हमें अपने देश और अन्य देश की खामियों की आलोचना करने में सक्षम होना चाहिए : प्रमिला

सांसद प्रमिला जयपाल ने कहा कि वह बेरा और खन्ना दोनों से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि मैं केवल एक चीज जोड़ना चाहती हूं कि मुझे लगता है कि हमें अपने देश की खामियों और किसी अन्य देश की खामियों की आलोचना करने में सक्षम होना चाहिए। यह संसद का असल काम है। हमें उपदेश नहीं देना चाहिए। हमें अमेरिका के सभी हितों के बारे में सोचना होगा। निश्चित रूप से आर्थिक पहलू अहम है। भारत हमारा एक महत्वपूर्ण भागीदार है। क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर बदलते परिदृश्य के कारण भी वह एक महत्वपूर्ण भागीदार है।

### अमेरिका को भारत की शक्ति पहचानना होगा : थानेदार

सांसद श्री थानेदार ने कहा कि वह भारत-अमेरिका के बीच मजबूत रिश्ते के पक्षधर हैं। थानेदार ने कहा अमेरिका को भारत की शक्ति, उसकी आर्थिक शक्ति को पहचानना होगा और चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए भारत ही सबसे अच्छा समाधान है। इसलिए मैं मजबूत भारत-अमेरिका संबंधों पर काम कर रहा हूं।

## दक्षिण पूर्व एशिया में 29.4 करोड़ लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित

**नयी दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की क्षेत्रीय निदेशक साइमा वाजेद ने शुक्रवार को कहा कि उच्च रक्तचाप का गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की वैश्विक महामारी में बड़ा योगदान है और यह वैश्विक स्तर पर मृत्यु और दिव्यांगता के लिए प्रमुख जोखिम कारक है।

वाजेद ने कहा कि दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र में 29.4 करोड़ से अधिक लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर वाजेद ने कहा कि वैश्विक और राष्ट्रीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उच्च रक्तचाप को रोकने तथा नियंत्रित करने के प्रयासों को मजबूत करने की जरूरत है। यह सार्वभौमिक स्वास्थ्य दायरे की दिशा में हर देश की यात्रा का एक अभिन्न अंग होना चाहिए। इस वर्ष का विषय में अपने रक्तचाप को सटीक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जीवित रहें' का आह्वान किया गया है।

उन्होंने कहा कि उच्च रक्तचाप के बढ़ते प्रसार के लिए नमक, तंबाकू और शराब का अधिक सेवन, अपौष्टिक आहार, शारीरिक निष्क्रियता, तनाव और वायु प्रदूषण प्रमुख जोखिम कारक हैं। वाजेद ने कहा शीघ्र पहचान और नियंत्रण महत्वपूर्ण है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित वयस्कों में से आधे लोग इस बात से अनजान हैं कि उन्हें यह रोग है। छह में से लगभग एक व्यक्ति का रक्तचाप नियंत्रण में नहीं है।

# सहायता सामग्री लेकर गाजा पट्टी में पहुंचे ट्रक



अमेरिका द्वारा तैयार किया गया पोतघाट। ● एजेंसी

वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिका द्वारा बनाए पोतघाट से एक दिन में 150 ट्रक ले जा सकते
● इजराइल ने गाजा में युद्ध के बीच जमीनी सीमा पर लगा रखे प्रतिबंध

युद्धग्रस्त गाजा पट्टी में अमेरिका द्वारा हाल में बनाए गए एक तैरते पोतघाट के जरिए राहत सामग्री लेकर ट्रक पहली बार शुक्रवार को संकटग्रस्त इलाके में पहुंचे। इजराइल ने गाजा में जारी भीषण युद्ध के बीच जमीनी सीमा पर प्रतिबंध लगा दिए है जिसके कारण लोगों तक खाद्य एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित हो गई थी। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों का अनुमान है कि इस पोतघाट के जरिए गाजा पट्टी में एक दिन में 150 ट्रक ले जाए जा सकते हैं।

इस बीच, इजराइल ने दक्षिणी शहर रफह में हमास के खिलाफ सात महीने से जारी लड़ाई को और तेज कर दिया है। अमेरिका और सहायता समूहों ने साथ ही इस बात को लेकर सचेत किया कि इस पोतघाट परियोजना को जमीनी मार्ग से आपूर्ति पहुंचाए जाने का विकल्प नहीं माना जा सकता। उनका कहना है कि जमीनी मार्ग के जरिए ही गाजा में आवश्यक भोजन, पानी और ईंधन पहुंचाया जा सकता है। युद्ध से पहले, औसतन प्रतिदिन 500 से अधिक ट्रक गाजा में प्रवेश करते थे।


### इजराइल ने गाजा में नरसंहार के आरोपों को नकारा

**हेग (नीदरलैंड)।** इजराइल ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में सुनवाई के दौरान गाजा में नरसहार के आरोपों से इनकार किया और दावा किया कि वह सैन्य कार्रवाई के दौरान आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हरसंभव प्रयास कर रहा है। दक्षिण अफ्रीका द्वारा गाजा में तत्काल संघर्ष विराम के लिए संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में अपील किए जाने के बाद इजराइल ने गाजा में नरसंहार के आरोपों का जवाब दिया। दक्षिण अफ्रीका ने इजराइल पर नरसंहार का आरोप लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में दिसंबर में याचिका दायर की थी जिसके बाद न्यायालय ने तीसरी बार सुनवाई की।

# आतंकवाद उन्हें ही निगल रहा जो लंबे समय से इसका सहारा लेते आए हैं : जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

● विदेश मंत्री ने कहा- एशिया में नए तनाव पैदा हुए



एलएसी के पास चीन की सैन्य मौजूदगी और सीमापार आतंकवादी गतिविधियों को पाकिस्तान के समर्थन पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि समझौतों का अनादर और कानून के शासन की अवहेलना किए जाने के कारण एशिया में भूमि और समुद्र में नए तनाव पैदा हुए हैं।

जयशंकर ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में मुद्रा की ताकत पर भी बात की। उन्होंने कहा कि कि वैश्विक कूटनीति के तौर पर प्रतिबंधों की धमकी का किस प्रकार इस्तेमाल किया जा रहा है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब कुछ ही दिन पहले भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह पर समझौता होने के बाद अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी थी। उन्होंने यूक्रेन युद्ध के परिणामों, पश्चिम एशिया में हिंसा में वृद्धि और जलवायु घटनाओं, ड्रोन हमलों की घटनाओं, भू-राजनीतिक तनाव एवं प्रतिबंधों के मद्देनजर साजो-सामान संबंधी व्यवधान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सीआईआई की वार्षिक आम बैठक में कहा कि दुनिया तीन एफ यानी फ्यूल, फूड, फर्टीलाइजर (ईंधन, भोजन और उर्वरक) के संकट से जूझ रही है।

समझौतों का अनादर और कानून के शासन की अवहेलना किए जाने के कारण एशिया में भूमि और समुद्र में नए तनाव पैदा हुए हैं।

## और बढ़ी ब्रिटिश पीएम सुनक व पत्नी अक्षता मूर्ति की संपत्ति

लंदन, एजेंसी

● रैंकिंग में उछाल की वजह इन्फोसिस की आकर्षक शेयरहोल्डिंग



इन्फोसिस के कारण ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति की रईसी बढ़ती जा रही है। दो साल पहले एनुअल संडे टाइम्स रिच लिस्ट में पहली बार ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी ने जगह बनाई थी। इस लिस्ट के 2024 एडिशन में वे और ऊपर पहुंच गए हैं।

उनकी रैंकिंग में उछाल की वजह इन्फोसिस की आकर्षक शेयरहोल्डिंग है। सुनक और अक्षता दोनों की उम्र 44 साल है। यह कपल 65.1 करोड़ पाउंड की अनुमानित संपत्ति के साथ सूची में पिछले साल 275वें पायदान पर था। लिस्ट में अब यह चढ़कर 245वें स्थान पर पहुंच गया है। इसके साथ ही वे ब्रिटिश प्रधानमंत्री आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट को अपना घर कहने वाले सबसे धनी लोग बन गए हैं। अक्षता इन्फोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति की बेटी हैं।

## तैयारी



पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा उत्सव से पहले रथ को तैयार करने में जुटे कारीगर। ● एजेंसी

ग्लोवल वार्मिंग | खाड़ी देशों में अधिक तूफान उठने की संभावना

# सामान्य से अधिक पानी बरसाएगा ला नीना

संवाददाता, नैनीताल



मानसून बारिश का फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** इस बार ला नीना के मानसून पर कहर बनकर टूटने की सम्भवना जताई जा रही। उत्तराखंड राज्य भी इसके प्रभाव से अछूता नही रहेगा। वहीं दुनिया के कई देशों में इसका असर बड़े तूफानों के रूप में देखे जाने की आशंका मौसम वैज्ञानिक जता रहे हैं।

बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग का असर धीरे-धीरे पैर पसारते जा रहा है। पिछले साल अल नीनो ने दुनिया के कई देशों को सूखे की चपेट में लिया और अब ला नीना सक्रिय होने जा रहा है। जिसका असर भारत के मानसून पर अत्यधिक वर्षा के रूप में देखने को मिलेगा। मानसून में सामान्य से अधिक वर्षा के चलते बाढ़ का प्रकोप बढ़ेगा, वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन की समस्या बढ़ेगी।

एशियाई देशों में अधिक वर्षा होगी। जिसका सार्थक असर अच्छी कृषि के रूप में देखने को मिल सकता है। मगर खाड़ी से लगे अमेरीकी देशों के लिए अल नीनो बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। मौसम पर नजर रखने वाली दुनिया की कई एजेंसियां यह आशंका जता रहे हैं।

अल नीनो और ला नीना का अध्ययन करने वाले कोलोराडो विश्वविद्यालय के वायुमंडल और महासागर वैज्ञानिक कहते हैं कि अभी ला नीना रास्ते पर अग्रसर है। जिसका अगले दो माह तक भू स्थलों में पहुचना शुरू हो जाएगा। भारत में अगस्त व सितंबर माह में ला नीना का असर दिखना शुरू होगा। जिस कारण मानसूनी बारिश सामान्य से अधिक होगी, जबकि अमेरिकी कई क्षेत्रों में बवंडर व बढ़े तूफान उठेंगे।

### उत्तराखंड में अत्यधिक बारिश की संभावना

नैनीताल : प्रदेश मौसम विभाग के निदेशक डा विक्रम सिंह के अनुसार ला नीना का असर अगस्त व सितंबर तक प्रदेश में देखने को मिलेगा। प्रदेश में सामान्य से अधिक बारिश होने की 61 प्रतिशत संभावना है। जून व जुलाई में मानसून सामान्य रूप से बरसेगा।

## बालक का शव स्कूल परिसर में मिला, गुस्साई भीड़ ने आग लगाई

**पटना।** पटना शहर के दीघा इलाके में शुक्रवार को निजी स्कूल के परिसर से चार वर्षीय एक छात्र का शव बरामद होने के बाद आक्रोशित भीड़ ने स्कूल में आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक, दीघा थानांतर्गत एक बालक के गुम होने की सूचना प्राप्त हुई थी।

तलाश के दौरान बालक का शव स्कूल के परिसर से बरामद किया गया है। घटना के सिलसिले में तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। स्कूल के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। एकत्र किए गए सभी सबूतों की फॉरेन्सिक जांच जारी है। बच्चे का शव मिलने के बाद आक्रोषित कुछ स्थानीय लोगों ने स्कूल में आग लगा दी थी।

## संयुक्त अभ्यास के जबाव में उत्तर कोरिया ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल

सियोल, एजेंसी

● दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने किया संयुक्त अभ्यास




स्क्रिन पर मिसाइल देखता तानाशाह।

दक्षिण कोरिया और अमेरिका द्वारा लड़ाकू विमानों का संयुक्त अभ्यास किए जाने के एक दिन बाद उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को अपने पूर्वी तट की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी।

उत्तर कोरिया दोनों के संयुक्त सैन्य अभ्यास को अपनी सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा मानता है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने बताया कि बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण के बारे में उत्तर कोरिया ने कोई जानकारी नहीं दी है। यहां तक कि यह भी नहीं बताया कि मिसाइल ने कितनी दूरी तय की। अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के साथ कूटनीति में गतिरोध के बीच उत्तर कोरिया ने हालिया महीनों में हथियारों का परीक्षण बढ़ा दिया है और वह अपनी सैन्य क्षमताओं का विस्तार जारी रखे हुए है। पर्यवेक्षकों के अनुसार, उत्तर कोरिया का मानना है कि यदि उसका शस्त्रागार मजबूत होगा तो वह वार्ता बहाल होने की स्थिति में अमेरिका से अधिक छूट हासिल कर सकेगा। दक्षिण कोरिया के मध्य क्षेत्र में किए गए संयुक्त हवाई अभ्यास में दो दक्षिण कोरियाई एफ-35ए लड़ाकू विमानों और दो यूएसएफ-22 रैप्टर विमानों ने हिस्सा लिया था।

## स्लोवाकिया के पीएम का हुआ एक और ऑपरेशन, हालत गंभीर

**ब्रातिस्लावा (स्लोवाकिया)।** गोलीबारी में घायल हुए स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको का एक और ऑपरेशन किया गया है, उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

अधिकारियों के मुताबिक फिको (59) पर उस समय हमला किया गया था जब वह राजधानी ब्रातीस्लावा से लगभग 140 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में हैंडलोवा शहर में एक सरकारी बैठक के बाद समर्थकों का अभिवादन कर रहे थे। फिको को गोली लगने के बाद हेलीकॉप्टर से बांस्का बिस्त्रिका में यूनिवर्सिटी एफ डी रूजवेल्ट अस्पताल ले जाया गया था। अस्पताल की निदेशक मिरियम लापुनिकोवा ने कहा कि फिको का सीटी स्कैन हुआ और वर्तमान में वह गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती है। उन्होंने उनकी हालत को गंभीर बताया है।